राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

Www.gauravshalibharat.com

गौरवशाली भारत

वर्ष : 12
अंक : 54
पृष्ठ : 08
नई दिल्ली
गुरुवार 08 सितंबर 2022
मूल्य : 1.50/-
नई दिल्ली से प्रकाशित
RNI No .DELHIN/2011/38334

मुख्य अपडेट | पेज 3 कुलदीप सिंह धालीवाल द्वारा ग्रामीण विकास संबंधी केंद्रीय राज मंत्री साध्वी निरंजन ज्योति के साथ मुलाकात | पेज 5 गोरखपुर : काम का निरीक्षण करने आए पार्षद से हुई हाथापाई, समर्थकों ने भी घर में घुसकर की मारपीट | पेज 7 बाबर को पछाड़कर रिज़वान बने शीर्ष टी20 बल्लेबाज, सूयकुमार पांचवें स्थान पर

राजस्थान : टैंकर ने कार को 20 फीट घसीटा, 6 की मौत

गाड़ी में बुरी तरह से फंसे शव; मरने वालों में एक महिला और बच्ची भी

एजेंसी

आबूरोड (सिरोही)। बाइक सवार को बचाने के चक्कर में रॉन्ग साइड आई कार को टैंकर ने टक्कर मार दी। हादसे में कार सवार 4 लोगों ने मौके पर ही दम तोड़ दिया, जबकि 2 व्यक्तियों की मौत हॉस्पिटल में हुई। ये सभी मेले से दर्शन कर लौट रहे थे। दुर्घटना इतनी भीषण थी कि टैंकर कार को 20 फीट तक घसीटते हुए ले गया। मामला सिरोही जिले के अबू रोड स्थित रीको इलाके का है।

बाइक सवार को बचाने के प्रयास में एक्सीडेंट

बताया जा रहा है कि कार में सवार लोग पाली जिले के बाली क्षेत्र के रहने वाले थे। ये लोग बुधवार को सिरोही में सारणेश्वर मेले में दर्शन के बाद बड़ौदा (गुजरात) जा रहे थे। शाम करीब पौने छह बजे फोरलेन हाईवे पर रीको थाना क्षेत्र के मावल कट के पास अचानक हादसा हुआ। एक बाइक कार के सामने आ गई। बाइक सवार को बचाने के चक्कर में कार कट से दूसरी तरफ के रोड पर चली गई। गुजरात की ओर से आ रहे गैस टैंकर ने कार को चपेट में ले लिया।

थानाधिकारी सुजारा राम ने बताया कि हादसे में कार ड्राइवर भूराराम (31) की मौत हो गई। वह गुड़ा गुमान सिंह तहसील बाली, जिला पाली का रहने वाला था। इसके अलावा एक मृतक का नाम सवाराम देवासी बताया जा रहा है। इससे ज्यादा जानकारी इसके बारे में नहीं मिल पाई है। शेष मृतकों की पहचान नहीं हो पाई है। पुलिस ने करीब 45 मिनट बाद 2 घायलों को बाहर निकाला। उन्हें आबू रोड हॉस्पिटल पहुंचाया, जहां इलाज

पीजीआई चंडीगढ़ में सर्जरी कराने आए 5 मरीजों की मौत

बेहोशी के टीके पर शक; संदिग्ध इंजेक्शन जब्त कर जांच के लिए कोलकाता भेजे गए

चंडीगढ़। चंडीगढ़ स्थित पीजीआई में सर्जरी कराने आए 5 मरीजों की संदिग्ध हालात में मौत हो गई। यह मौतें पिछले हफ्ते के दौरान हुई हैं। इसको लेकर पीजीआई प्रशासन को उन्हें दिए गए बेहोशी के प्रोपोफॉल टीके पर शक है। इसके बाद मरीजों को दिए प्रोपोफॉल इंजेक्शन का चंडीगढ़ शहर का पूरा स्टॉक जब्त कर लिया गया है।

करीब 3200 इंजेक्शन जब्त कर लिए गए। इस इंजेक्शन को जांच के लिए अब सेंट्रल ड्रग्स लेबोरेटरी

कोलकाता भेजा गया है। हालांकि पीजीआई का कहना है कि मरीजों की मौतों की वजह यही इंजेक्शन है, इसके बारे में रिपोर्ट आने के बाद ही कुछ कहा जा सकेगा।

सूत्रों के मुताबिक पीजीआई में जिन 5 मरीजों की मौत हुई, वह ऑर्थोपेडिक और न्यूरोसर्जरी के लिए यहां आए थे। इन सभी में एक ही कॉमन बात उन्हें बेहोशी के लिए प्रोपोफॉल इंजेक्शन दिए गए थे। इसके बाद पीजीआई ने तुरंत सेंट्रल ड्रग्स स्टेंडर्ड कंट्रोल ऑर्गेनाइजेशन को सूचना दी। चंडीगढ़ के सीनियर ड्रग कंट्रोल अफसर सुनील चौधरी ने कहा कि पीजीआइ डॉक्टरों से शिकायत मिलने के बाद उन्होंने CDSCO टीम के साथ आकर सैंपल लिए। रिपोर्ट आने तक इस इंजेक्शन के बैच के सप्लाई रोक दी गई है।

पीजीआई ने भी जांच के लिए कमेटी बनाई

इस पूरे मामले में अब पीजीआई ने भी जांच के लिए कमेटी बना दी है। जिसे न्यूरोसर्जरी के हेड प्रोफेसर एसके गुप्ता लीड करेंगे। पीजीआई के मेडिकल सुपरिटेंडेंट प्रोफेसर विपिन कौशल ने कहा कि एनेस्थेटिक ड्रग्स दिए जाने के बाद ही मरीजों पर यह प्रभाव नजर आया है।

मोदी ने उमेश कट्टी के निधन पर शोक व्यक्त किया

नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को कर्नाटक के वन, खाद्य, नागरिक आपूर्ति और उपभोक्ता मामलों के मंत्री उमेश कट्टी के निधन पर शोक व्यक्त किया है। मोदी ने आज ट्वीट कर कहा, उमेश कट्टी जी एक अनुभवी नेता थे और उन्होंने कर्नाटक के विकास में भरपूर योगदान दिया। उनके निधन से आहत हूं। इस दुखद घड़ी में मेरी संवेदनाएं उनके परिवार और समर्थकों के साथ हैं। ओम शांति।

बांग्लादेश और पूर्वोत्तर के बीच मल्टी-मोडल कनेक्टिविटी को और विकसित करने की आवश्यकता पर एक बैठक में बांग्लादेश की प्रधान मंत्री, सुश्री शेख हसीना।

देश में पिछले 24 घंटे में कोरोना सक्रिय मामले स्वस्थ मामलों से कम

एजेंसी

नयी दिल्ली। देश मे कोरोना संक्रमण के उतार-चढ़ाव के बीच पिछले 24 घंटे में कोरोना वायरस (कोविड-19) के सक्रिय मामले 1742 स्वस्थ मामले 7094 से कम आए हैं।

केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने बुधवार को बताया कि सुबह सात बजे तक 213.91 करोड़ टीके दिये जा चुके हैं। इसी अवधि में कोरोना वायरस के 5,379 नए मामले सामने आने संक्रमितों की कुल संख्या 4,44,72,241 हो गयी है और कोरोना सक्रिय मामले 1742 घटने से इनकी कुल संख्या घटकर 50594 रह गयी और इस महामारी से 16 लोगों की मौत होने से मृतकों की संख्या 528057 तक पहुंच गई है। दैनिक संक्रमण दर 1.20 प्रतिशत है।

स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार पिछले 24 घंटों के दौरान इस महामारी से 7,094 लोगों के मुक्त होने से इनकी कुल संख्या बढ़कर 4,38,93,590 हो गयी हैं। मंत्रालय ने बताया कि पिछले 24 घंटे में 3,21,917 कोविड परीक्षण किए गये हैं। देश में कुल 88.80 करोड़ से अधिक कोविड परीक्षण किए हैं।

देश में स्वस्थ होने की दर 98.7 प्रतिशत है। सक्रिय मामलों का की दर 0.11 प्रतिशत है और मृत्युदर 1.19 फीसदी है।देश में पिछले 24 घंटों में दो राज्यों, तीन केन्द्र शासित प्रदेश में सक्रिय मामलों की संख्या बढ़ी है और अन्य राज्यों, केन्द्र शासित प्रदेशों में इसके मामले घटे हैं।

केरल में पिछले 24 घंटों में कोरोना वायरस संक्रमण के 65 नए मामले सामने आने से संक्रमितों का आंकड़ा बढ़कर 10149 हो गया है इसी अवधि में कोरोना महामारी से उबरने वालों की संख्या बढ़कर 6682700 हो गई है और मतृकों की संख्या 70871 तक पहुंच गयी है।

दिल्ली में पटाखों पर लगा बैन : 1 जनवरी 2023 तक नहीं फोड़ सकेंगे

ऑनलाइन बिक्री और डिलीवरी करने की भी अनुमति नहीं

नई दिल्ली। दिल्ली में 1 जनवरी 2023 तक सभी तरह के पटाखों पर बैन लगा दिया गया है। इसमें पटाखों को ना तो बनाया जाएगा न स्टोर किया जाएगा और न ही बेचा जाएगा। इसकी घोषणा दिल्ली के पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने की है।

उन्होंने सोशल मीडिया पोस्ट में लिखा- दिल्ली में लोगों को प्रदूषण के खतरे से बचाने के लिए पिछले साल की तरह ही इस बार भी सभी तरह के पटाखों पर बैन रहेगा। पटाखों की ऑनलाइन बिक्री और डिलीवरी पर भी रोक रहेगी।

पटाखों पर प्रतिबंध को लेकर

पुलिस को भी निगरानी रखने के आदेश दिए गए हैं। राय ने सोमवार को एक बयान में कहा था कि ठंड में राजधानी में वायु प्रदूषण को रोकने के लिए केंद्रीय आयोग ने जितने कदम बताए हैं, सरकार उससे कई ज्यादा सावधानी रखेगी। राय ने इससे जुड़े 30 विभागों के अधिकारियों के साथ बैठक के बाद कहा कि सभी विभाग को काम सौंपे गए हैं। साथ ही वायु प्रदूषण के कम करने की योजना बनाने के आदेश दिए गए हैं

पिछले साल भी लगाया था बैन

पिछले साल भी पॉल्यूशन कंट्रोल कमेटी ने पटाखों पर बैन लगा दिया था। उसमें 1 जनवरी 2022 तक पटाखों पर बैन के आदेश दिए गए थे। इसमें रोक लगाने की वजह कोरोना और प्रदूषण बताई गई थी।

हर साल होने वाली मौतों की चौथी सबसे बड़ी वजह प्रदूषण

दुनियाभर में होने वाली कुल मौतों में प्रदूषण चौथी सबसे बड़ी वजह है। 2019 में प्रदूषण की वजह से 66.7 लाख लोगों की मौत हुई है। 2018 में प्रदूषण मौत की 5वीं सबसे बड़ी वजह था। वायु प्रदूषण की वजह से लो और मिडिल इनकम देशों में सबसे ज्यादा मौतें हो रही हैं। इसके अलावा पटाखों में अलग-अलग रंग की रोशनी के लिए अलग-अलग कैमिकल का इस्तेमाल किया जाता है। इनमें से ज्यादातर कैमिकल पर्यावरण के साथ-साथ हमारी सेहत के लिए भी नुकसानदायक होते हैं।

अहमदाबाद में पुलिस परिवार की सामूहिक आत्महत्या

कांस्टेबल ने 3 साल की बेटी और पत्नी के साथ 12वीं मंजिल से छलांग लगाई

अहमदाबाद। गुजरात में अहमदाबाद शहर में रहने वाले एक पुलिसकर्मी ने मंगलवार की आधी रात तीन साल की बेटी और पत्नी के साथ 12वीं मंजिल से कूदकर सुसाइड कर लिया। तीनों की मौके पर ही मौत हो गई। हालांकि, अब तक आत्महत्या के कारणों का पता नहीं चल सका है।

पहले पत्नी कूदी फिर बेटी के साथ कुलदीप

शहर के गोता इलाके की दीवा हाइट्स टॉवर में रहने वाले कुलदीप के पड़ोसियों ने बताया कि रात के अनुसार रात के करीब 1 बजे का समय था। धड़ाम की आवाज आई। पहले रिद्धी ने

छलांग लगाई थी और इसके एक मिनट बाद बेटी को गोद में लेकर कुलदीप ने भी छलांग लगा दी। कॉल पर 5 मिनट में ही एंबुलेंस आ गई थी, लेकिन तब तक तीनों की मौत हो चुकी थी।

वस्त्रापुर पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार कुलदीप का एक सुसाइड नोट मिला है, लेकिन उसमें कहीं भी सुसाइड का कारण नहीं लिखा है। नोट में उन्होंने लिखा है कि अपनी मर्जी से सुसाइड कर रहे हैं। घरवालों को परेशान न किया जाए। उन्होंने यह भी लिखा ही पुलिस थानें में उनके साथ काम करने वाले सभी पुलिसवाले भी बहुत अच्छे थे। सभी का काफी सपोर्ट भी मिलता था। परिवार और दोस्तों के नामों का भी जिक्र किया और सभी की तारीफ की।

खुशहाल जीवन जी रहा था परिवार

पड़ोस में ही रहने वाली कुलदीप सिंह की बहन ने बताया कि वे फ्लैट की 12वीं मंजिल पर पत्नी रिद्धीबेन और 3 साल की बेटी आकांक्षा के साथ रहते थे। कुलदीप और रिद्धा का स्वभाव बहुत अच्छा था। बेटी के साथ दोनों खुशहाल जीवन जी रहे थे। दोनों ने ही कभी इस बारे में कोई बात नहीं कि उनकी जिंदगी में कोई समस्या भी है। इसलिए इतना बड़ा कदम उठा लेना, कोई नहीं समझ पा रहा है।

भागलपुर में शौचालय टंकी मे दम घुटने से दो मजदूर की मौत

एजेंसी

भागलपुर। बिहार में भागलपुर जिले के गोपालपुर थाना क्षेत्र में बुधवार को शौचालय की टंकी में दम घुटने से दो मजदूरों की मौत हो गयी तथा एक अन्य बेहोश हो गया।

गोपालपुर की प्रखंड विकास पदाधिकारी वीणा कुमारी चौधरी ने यहां बताया कि सैदपुर गांव निवासी शिक्षक निर्मल कुमार के नवनिर्मित घर में शौचालय टंकी का निर्माण कराया जा रहा था।

शौचालय टंकी की शटरिंग खोलने के लिए राजमिस्त्री सहित तीन मजदूर टंकी के अंदर घुसे थे। उन्होंने बताया कि टंकी के अंदर घुसते ही तीनों का दम घुटने लगा और फिर तीनों बाहर निकलने के लिए शोर मचाने लगे। शोर सुनकर आसपास के ग्रामीणों ने उन तीनों मजदूरों को

टंकी से बाहर निकाला, लेकिन इस दौरान दो मजदूरों की मौत हो गई। जबकि एक अन्य को बेहोशी की हालत में गोपालपुर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है।

श्रीमती चौधरी ने बताया कि मृतकों की पहचान राजीव कुमार तथा सिंटू शर्मा के रुप में हुई है। दोनों सैदपुर गांव के निवासी थे। मृतकों के परिजनों को तत्काल सहायता राशि उपलब्ध कराई जा रही है।

अनंतनाग में अंसार गजवत-उल-हिंद के दो आतंकवादी ढेर

एजेंसी

श्रीनगर। जम्मू-कश्मीर के अनंतनाग जिले में बुधवार को सुरक्षा बलों ने एक संक्षिप्त मुठभेड़ में कट्टरपंथी अंसार गजवत-उल-हिंद (एजीयूएच) के दो आतंकवादियों को मार गिराया।

पुलिस ने कहा कि अनंतनाग के बिजबेहरा इलाके के थजीवारा में अचानक हुयी एक मुठभेड़ में ये दोनो आतंकवादी मारे गए। पुलिस ने मृतकों की पहचान फैयाज कुमार और ओवैस खान के रूप में की है।

कश्मीर के अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक विजय कुमार ने कहा कि दोनों आतंकवादी संगठन एजीयूएच से जुड़े थे। उन्होंने बताया, वे इस साल चीनीवुडर श्रीगुफवाड़ा और दराशिकोह पार्क बिजबेहरा में पुलिस कर्मियों पर हुए हमलों सहित कई आतंकी हमलों में शामिल थे, इस हमले में दो पुलिसकर्मी गंभीर रूप से घायल हो गए थे। इसके अलावा दोनों 15 जून, 2022 को पदशाहीबाग में ग्रेनेड फेंकने की घटना में भी शामिल थे।

इससे पूर्व इसी जिले में एक दिन पहले स्थानीय हिजबुल मुजाहिदीन के दो आंतकवादी मारे गये थे जो प्रादेशिक सेना के दो जवानों की हत्या में कथित रूप से शामिल थे।

पाक में छिपा भारतीय विमान अपहर्ता, फेसबुक पर लोकेशन का खुलासा

नयी दिल्ली। वर्ष 1981 के इंडियन एयरलाइंस के विमान के अपहरण में शामिल खालिस्तानी आतंकवादी गजिंदर सिंह ने अब अपने नवीनतम स्थान का खुलासा पाकिस्तान के पंजाब प्रांत में किया है।

यह रहस्योद्घाटन तब किया गया, जब उन्होंने अपने फेसबुक प्रोफाइल पर हसन अब्दाल स्थित गुरुद्वारा श्री पंजा साहिब के सामने खुद की एक तस्वीर प्रकाशित की। यह आतंकवादी 1981 में इंडियन एयरलाइंस के बोइंग-737 घरेलू यात्री विमान के अपहरण में शामिल था, जो दिल्ली से अमृतसर जा रहा था।

गजिंदर सिंह ने हाल ही में

पाकिस्तान में उस गुरुद्वारे के सामने क्रमशः एक और पांच सितंबर को अपनी दो तस्वीरें पोस्ट की हैं।

गौरतलब है कि सितंबर 1981 में आतंकवादियों ने पंजाब के अमृतसर जाने वाले इंडियन एयरलाइंस के विमान का अपहरण कर लिया और उसे जबरन लाहौर की ओर मोड़ दिया। अमृतसर जाने वाला विमान दिल्ली से रवाना हुआ था। दल खालसा के पांच आतंकियों ने विमान को हाईजैक कर डायवर्ट किया।

आतंकवादी हथगोले और खंजर से लैस थे। विमान में 111 यात्री सवार थे। अपहरणकर्ताओं का सरगना गजिंदर सिंह था।वार्ता

बाढ़ का कहर

आईएमडी ने कहा- 5 दिनों में बदतर होगी स्थिति; लोग जेसीबी से पार कर रहे सड़क

बेंगलुरु में बाढ़ जैसे हालात, भारी बारिश का रेड अलर्ट

बेंगलुरु। बेंगलुरु में एक हफ्ते से भारी बारिश जारी है। 3 दिन से शहरभर में पानी भरा है। क्या सड़कें और क्या कॉलोनियां, सभी डूबे हैं। उधर मौसम विभाग ने बेंगलुरु में बारिश का रेड अलर्ट जारी किया है। विभाग का कहना है कि अगले पांच दिनों में लगातार भारी बारिश हो सकती है। जिससे हालात और ज्यादा खराब होने की आशंका है।

होटल में एक रात रुकने का किराया 40 हजार

बेंगलुरु में कॉलोनियों के डूबने से होटलों का किराया दोगुना हो गया है। यहां एक रात ठहरने के लिए कमरों की कीमत 30 से 40 हजार हो गई है। एक वीडियो सामने आया है जिसमें बागलकोट की नहर पर बने एक पुल को पार करने के लिए जेसीबी की मदद ली गई। इसकी आर्म पर स्कूली बच्चे थे, जिन्हें रास्ता क्रॉस करवाया गया।

स्कूल बंद, कंपनियों में वर्क फ्रॉम होम

लोगों की परेशानियां देखते हुए अब कर्नाटक सरकार ने कुछ कदम उठाए हैं। बेंगलुरु में स्कूल बंद कर दिए गए हैं। आईटी विभाग के कर्मचारियों को वर्क फ्रॉम होम की मंजूरी दे दी गई है। बेंगलुरु नगर निगम

ने 696 अतिक्रमणों की पहचान की है। निगम का कहना है कि इन्हीं की वजह से शहर में बारिश का पानी भर रहा है। इन अतिक्रमणों को JCB के जरिए गिराया जा रहा है।

मुख्यमंत्री बासव राज बोम्मई भी लगातार राज्य में दौरे कर रहे हैं। वे बुधवार सुबह काली जीप में बेंगलुरु के बाहरी इलाकों में पहुंचे। उन्हें भी पानी भरी सड़कों से ही गुजरना पड़ा।

पानी सप्लाई और बिजली सप्लाई अभी भी बाधित

शहर में जलभराव के चलते बिजली की सप्लाई बंद है। शहर के कुछ हिस्सों में पीने का पानी भी नहीं पहुंच पा रहा है। जलभराव वाली जगहों पर पानी की सप्लाई के लिए कुओं का इस्तेमाल किया जा रहा है। कुछ इलाकों में टैंकर्स के जरिए पानी पहुंचाया जा रहा है। बारिश, बाढ़ की वजह से पावर सप्लाई में जो दिक्कतें आ रही हैं, उन्हें सुधारने के लिए टीमें लगातार काम कर रही हैं।

स्पेशल बजट जारी किया गया

कर्नाटक के मुख्यमंत्री बासवराज बोम्मई ने कहा कि हमने शहर से पानी बाहर निकालने के कामों के लिए 1500 करोड़ रुपए तुरंत जारी किए हैं। इसके अलावा 300 करोड़ रुपए अतिक्रमण हटाने के अभियान में खर्च किए जाएंगे।

उन्होंने कहा कि इन हालात के लिए पूर्व की JDS-कांग्रेस सरकार जिम्मेदार है। इस सरकार ने गैर-नियोजित तरीके से झीलों के आसपास कंस्ट्रक्शन की इजाजत दी।

शार्ट न्यूज

बंगलादेश में कश्मीर के मेडिकल छात्रा की मौत

श्रीनगर। दक्षिण कश्मीर के अनंतनाग जिले की मेडिकल की छात्रा खुशबू मंजूर की बंगलादेश में एक हॉस्टल की इमारत से गिरने से बुधवार सुबह मौत हो गई है। वह बंगलादेश के ख्वाजा यूनुस अली मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में एमबीबीएस की तीसरे वर्ष की पढ़ाई कर रही थी। जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल (एलजी) मनोज सिन्हा से कॉलेज के अन्य छात्रों ने खुशबू के शव को कश्मीर वापस लाने में मदद करने की अपील की है। इसके अलावा कई कश्मीरी राजनेताओं ने विदेश मंत्रालय से खुशबू मंजूर के शव को वापस लाने में मदद करने की अपील की। जम्मू-कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने ट्वीट किया, खुशबू के परिवार के सदस्य उसके शव का बेताब से इंतजार कर रहे हैं, ताकि उसे परिवार और प्रियजनों के सामने दफनाया जा सके, न कि अजनबियों द्वारा उसे दफनाया जाए। कृपया मदद करें। पीपल्स डेमोक्रेटिक पार्टी की अध्यक्ष महबूबा मुफ्ती ने भी विदेश मंत्रालय से इसी तरह की अपील की है।

हेमकुण्ड साहिब के कपाट 10 अक्टूबर को होंगे बंद

हेमकुण्ड साहिब/देहरादून। उत्तराखण्ड में सिखों के पवित्र तीर्थस्थल और पांचवें धाम के रूप में विख्यात श्री हेमकुण्ड साहिब गुरुद्वारे के कपाट 10 अक्टूबर को शीतकालीन विश्राम के लिये बन्द होंगे। यह जानकारी बुधवार को गुरुद्वारा प्रबन्ध समिति की ओर से जारी एक विज्ञप्ति में दी गई। विज्ञप्ति के अनुसार हेमकुंड साहिब गुरुद्वारा के कपाट शीतकाल के लिए 10 अक्टूबर को विधिविधान के साथ बंद कर दिए जाएंगे। इस तीर्थस्थल की यात्रा इस वर्ष 22 मई से शुरू हुई थी। यात्रा शुरू होने के बाद अब तक लगभग दो लाख पंद्रह हजार श्रद्धालुओं ने गुरुद्वारा साहिब के दरबार में हाजिरी लगा चुके हैं और मत्था टेका है। हमेशा की तरह इस बार भी फूलों की घाटी आने वाले यात्रियों ने भी पवित्र हेमकुण्ड साहिब में दर्शन किये। यात्रियों की संख्या को देखते हुए ट्रस्ट की ओर से कहा गया कि इस वर्ष उम्मीद से अधिक श्रद्धालु हेमकुंड साहिब पहुंचे हैं। यात्रियों की सुविधा का पूरा ध्यान ट्रस्ट की ओर से रखा गया।

टीएमसी नेता मंडल को आसनसोल कोर्ट में पेश किया गया

आसनसोल। पश्चिम बंगाल में जेल में बंद तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के नेता अनुव्रत मंडल को उनकी 14 दिन की न्यायिक हिरासत समाप्त होने पर आगे की न्यायिक प्रक्रिया के लिए बुधवार को यहां एक विशेष अदालत में ले जाया गया। राज्य में सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस के बीरभूम जिला अध्यक्ष मंडल को 11 अगस्त को केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने अंतरराष्ट्रीय सीमा से बंगलादेश में मवेशियों की कथित तस्करी के सिलसिले में गिरफ्तार किया था। वह पिछले दो सप्ताह से आसनसोल सुधार गृह में बंद है। अदालत के सूत्रों ने कहा कि श्री मंडल के वकीलों ने उनकी 'खराब' स्वास्थ्य स्थिति का हवाला देते हुए जमानत याचिका दायर की है। सीबीआई के वकीलों ने हालांकि, विवादास्पद नेता को जमानत देने का विरोध करते हुए एक प्रति-याचिका दायर की और तर्क दिया कि वह 'बहुत शक्तिशाली और प्रभावशाली' और पशु तस्करी मामले में एक प्रमुख संदिग्ध हैं। दोनों पक्षों के बीच तर्क-वितर्क जारी था। सीबीआई ने सप्ताह के दौरान मंडल के एकाउंटेंट मनीष कोठारी से श्री मंडल की बेटी सुकन्या के बैंक खाते के विवरण के बारे में भी पूछताछ की। सूरी और बोलपुर में कई सरकारी बैंकों के अधिकारियों को सोमवार को सीबीआई मुख्यालय निजाम पैलेस में तलब किया गया था।

राष्ट्रपति मुर्मू 11 सितंबर से दो दिवसीय यात्रा पर उदयपुर आएगी

उदयपुर। राष्ट्रपति श्रीमती द्रोपदी मुर्मू 11 सितंबर को दो दिवसीय यात्रा पर उदयपुर आएंगी। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार श्रीमती मुर्मू विशेष वायुयान से सुबह उदयपुर एयरपोर्ट आएंगी। यहां से प्रस्थान कर मानपुर (आबू रोड़) पहुंचेंगी। वे मानपुर तलहटी में अवस्थित प्रजापिता ब्रह्मकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय जाएंगी और वर्ल्ड समिट कार्यक्रम का शुभारंभ करेंगी। राष्ट्रपति 12 सितंबर को पुन: प्रजापिता ब्रह्मकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय से प्रस्थान कर उदयपुर एयरपोर्ट पहुंच कर दिल्ली के लिए प्रस्थान कर जाएंगी।

देवस्थान विभाग एवं आईआरसीटीसी के मध्य हुआ एमओयू

उदयपुर। राजस्थान में देवस्थान विभाग की महत्वपूर्ण योजना वरिष्ठ नागरिक तीर्थ यात्रा योजना 2022 को लेकर आज देवस्थान विभाग राजस्थान एवं भारतीय रेलवे के उपक्रम आईआरसीटीसी के साथ एमओयू हस्ताक्षरित किया गया। देवस्थान विभाग के अतिरिक्त आयुक्त ओ.पी.जैन ने बताया कि इस एमओयू पर देवस्थान विभाग की ओर से आयुक्त राजेंद्र भट्ट ने हस्ताक्षर किए जबकि आईआरसीटीसी की तरफ से उनके क्षेत्रीय प्रबंधक गौरव गोयल, उपक्षेत्रीय प्रबंधक योगेंद्र गोयल एवं प्रदीप माहेश्वरी उपस्थित रहे। देवस्थान विभाग की ओर से संयुक्त शासन सचिव आईएएस अजय सिंह, उपायुक्त सुनील मत्तड, लेखाधिकारी संजय सोनी इत्यादि भी उपस्थित थे। श्री जैन ने बताया कि इस योजना के तहत वर्ष 2022-23 में होने वाली रेल यात्राएं जिससे 18 हजार यात्री भारत के विभिन्न तीर्थों पर देवस्थान विभाग की तरफ से नि:शुल्क ले जाए जाएंगे जिसमें मुख्यत रामेश्वरम, जगन्नाथपुरी, द्वारकाजी, वैष्णोदेवी, हरिद्वार, ऋषिकेश, कामाख्या देवी, गंगासागर, कोलकाता इत्यादि महत्वपूर्ण तीर्थ यात्रियों की प्रथम रेल सितंबर माह के अंतिम सप्ताह में भेजा जाना प्रस्तावित है।

अज्ञात वाहन की टक्कर से कार में सवार दो व्यक्तियों की मौत, तीन घायल

भरतपुर। राजस्थान में भरतपुर के आगरा-बीकानेर राष्ट्रीय राजमार्ग सं लखनपुर थाना क्षेत्र में हुए अज्ञात वाहन की टक्कर से कार में सवार दो व्यक्तियों की मौत हो गई तथा तुन अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार कार में सवार सभी दिल्ली के रहने वाले हैं जो मेहंदीपुर बालाजी से दर्शन करके कल देर रात कार से वापस लौट रहे थे कि रास्ते में उनकी स्विफ्ट कार किसी अज्ञात वाहन से टकरा गई। इस हादसे में सुनील कुमार एवं वीरेंद्र महतो की मौत हो गई। जबकि संजय, रणधीर और राजेश की हालत गंभीर है जिनको दिल्ली रेफर किया गया है।

कॉलेज छात्र का वीडियो बनाकर ब्लेकमैल करने के आरोप में दो गिरफ्तार

भीलवाड़ा। राजस्थान के भीलवाड़ा मेडिकल कॉलेज छात्र का वीडियो बनाने एवं डिलीट करने के नाम पर रुपयों की मांग करने की शिकायत पर पुलिस ने दो युवकों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों की पहचान छापरी निवासी सांवरलाल जाट 25 एवं नंदलाल तेरी के रूप 27 में हुई है। पुलिस ने आरोपित से एक पिस्टल एवं चार कारतूस बरामद किये हैं। इनके खिलाफ आर्मस एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है। दोनों आरोपितों से पूछताछ की जा रही है।

भागलपुर में सुरक्षा प्रहरी की हत्या

भागलपुर। बिहार में भागलपुर शहर के अति व्यस्त इलाके में अपराधियों ने एक निजी सुरक्षा प्रहरी की गला रेत कर हत्या कर दी और उसके दोस्त को गंभीर रुप से घायल कर दिया। भागलपुर के नगर पुलिस अधीक्षक स्वर्ण प्रभात ने बुधवार को यहां बताया कि चंडी प्रसाद लेन इलाके में स्थित एक अपार्टमेंट में मंगलवार की देर रात को कुछ अपराधियों ने ड्यूटी पर तैनात निजी सुरक्षा प्रहरी पुरुषोत्तम दास की गला रेत कर हत्या कर दी और उसके मित्र साजन कुमार को चाकू माकरर गंभीर रुप से घायल कर दिया। मृत सुरक्षा प्रहरी और उसका दोस्त बांका जिले के रजौन थाना क्षेत्र के कठौन गांव का रहने वाला है, तथा दोनों अपार्टमेंट में एक कमरे में रहते थे। इधर घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने गंभीर रुप से घायल साजन कुमार को भागलपुर के जवाहरलाल नेहरु मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया है। श्री प्रभात ने बताया कि पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। इस घटना के कारणों का तत्काल पता नहीं चल सका है।

नैतिक शिक्षा को किसी धर्म से जोड़ना गलत

संस्कृत श्लोकों पर आपत्ति को लेकर बोला सुप्रीम कोर्ट

नई दिल्ली। केंद्रीय विद्यालयों में सुबह की सभा के दौरान संस्कृत श्लोक बोलने को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने अहम टिप्पणी की है। एक पीआईएल की सुनवाई के दौरान बुधवार को कोर्ट ने कहा कि अगर कोई प्रार्थन नैतिक मूल्य पैदा करती है तो इसे किसी धर्म विशेष से जोड़कर नहीं देखा जाना चाहिए। एक नास्तिक वकील ने केंद्र सरकार के दिसंबर 2012 के उस आदेश को चुनौती दी थी जिसमें केंद्रीय विद्यालय में श्लोक गाने को अनिवार्य किए जाने की बात कही गई थी।

जस्टिस इंदिरा बनर्जी, सूर्यकांत और एमएम सूद्रेश की बेंच ने कहा कि इस तरह की प्रर्थना छात्रों में नैतिक मूल्यों को जन्म देती है। बेसिक एजुकेशन में इसका अलग महत्व है।

नैतिक मूल्यों को जन्म देने किसी धर्म विशेष से जुड़ा नहीं है। कोर्ट 2017 की याचिका पर सुनवाई कर रहा था। बता दें कि 2012 में केंद्रीय विद्यालय संगठन ने विद्यालयों में असतो मा सद्गमय प्रार्थना को अनिवार्य कर दिया था। 2019 में दो जजों की बेंच ने इस मामले में सुनवाई की थी। तब कोर्ट ने कहा था कि याचिका संविधान के आर्टिकल 28 (1) के महत्व पर सवाल खड़ा कर रही है। इस आर्टिकल में कहा गया है कि कोई भी सरकारी निधि से चलने वाला विद्यालय धर्म विशेष की शिक्षा नहीं दे सकता। याचिकाकर्ता कहना है कि केवीएस का आदेश इस आर्टिकल का उल्लंघन करता है।

तालाब पर किया अवैध कब्जा, प्रशासन ने चलवा दिया बुलडोजर

वरिष्ठ वकील कॉलिन गोंसालवीस याचिकाकर्ता की तरफ से कोर्ट में पेश हुए थे। उन्होंने कहा, यह एक विशेष समुदाय की प्रार्थना है। हालांकि कोर्ट ने जिस सिद्धांत की बात की है वह भी महत्वपूर्ण है। अस्पसंख्यक समुदाय और नास्तिक पैरंट्स और बच्चे भी इस प्रार्थना से सहमत नहीं हैं। हालांकि इस याचिका में केवीएस को पार्टी नहीं बनाया गया था। अब गोंसालवीस ने अगली तारीख पर केवीएस को पार्टी बनाने को कहा है।

जस्टिस इंदिरा बनर्जी इसी महीने के आखिरी में रिटायर हो रही हैं। उन्होंने कहा कि मामला अगले महीने तक के लिए टाला जा रहा है। 2019 की सुनवाई के दौरान केंद्र सरकार की तरफ से सॉलिसिटर तुषार मेहता ने कहा था कि संस्कृत के वे श्लोक जो कि यूनिवर्सल ट्रुथ हैं, उनपर कोई आपत्ति नहीं कर सकता। जैसे कि कोर्ट में यतो धर्मस्ततो जय: का प्रयोग होता है। यह भी उपनिषद से लिया गया है लेकिन इसका मतलब बिल्कुल नहीं है कि सुप्रीम कोर्ट धार्मिक हो गया है।

अरुणाचल विधानसभा में दो अहम विधेयक पारित

ईटानगर। अरुणाचल प्रदेश विधानसभा ने बुधवार को संक्षिप्त चर्चा के बाद दो अहम विधेयकों को ध्वनिमत से पारित कर दिया। मुख्यमंत्री पेमा खांडू ने 'अरुणाचल प्रदेश सिविल कोर्ट विधेयक, 2022' को पारित करने के लिए कहा कि यह उपायुक्तों को लंबित अपीलों को न्यायालयों में स्थानांतरित करने में सक्षम करेगा। ये अपील सिविल जज जूनियर डिवीजन, सिविल जज सीनियर डिवीजन के न्यायालयों के अलावा अतिरिक्त जिला न्यायाधीश और जिला न्यायाधीश के न्यायालयों में उनके क्षेत्रीय और आर्थिक क्षेत्राधिकार के अनुसार स्थानांतरित किये जा सकेंगे। श्री खांडू के पास कानून, विधायी और न्याय विभाग का भी पदभार है। उन्होंने कहा कि यह विधेयक पारित होने पर ग्राम प्राधिकरण और स्थानीय प्रशासनिक अधिकारियों के बीच स्थानीय प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा मामलों को निपटान के लिए ग्राम प्राधिकरण को वापस भेजने में मददगार साबित होगा। यह अंतर-ग्राम प्रथागत न्यायालय या शीर्ष प्रथागत न्यायालय, चाहे किसी भी नाम से पुकारा जाए, यदि मामले के पक्षकार सहमत होते हैं, सीधे नियमित अदालतों से संपर्क किए बिना, ग्राम प्राधिकरण द्वारा पारित आदेश से अपील को निपटाने में सक्षम होंगे। खांडू ने कहा कि इससे नियमित अदालतों का काम का बोझ कम होगा तथा उपायुक्त और सहायक आयुक्त व्यवस्था को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए ग्राम प्राधिकरण द्वारा पारित आदेश या आदेश को लागू करने एवं लागू करने में सक्षम होंगे।

हरिद्वार की बर्खास्त जिला पंचायत अध्यक्ष व अन्य को वसूली के मामले में नोटिस

नैनीताल। उत्तराखंड उच्च न्यायालय ने हरिद्वार की बर्खास्त जिला पंचायत अध्यक्ष सविता चौधरी व तीन अन्य के द्वारा जिला पंचायत का करोड़ों रुपये का भुगतान नहीं किये जाने के खिलाफ दायर जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए प्रतिवादियों को नोटिस जारी कर 13 फरवरी तक जवाब देने को कहा है। इस मामले की सुनवाई मुख्य न्यायाधीश विपिन सांघी व न्यायमूर्ति मनोज कुमार तिवारी की खण्डपीठ में हुई। मंगलोर निवासी अमित कुमार ने जनहित याचिका दायर कर कहा कि बर्खास्त जिला पंचायत अध्यक्ष व तीन अन्य द्वारा अपने पद का दुरुपयोग कर जिला पंचायत हरिद्वार में करोड़ों रुपये की वित्तीय अनियमिताएं की गई हैं। गढ़वाल मंडल की ओर से गई जांच में इसकी पुष्टि हुई है। रिपोर्ट आने के बाद जिला पंचायत अध्यक्ष को बर्खास्त कर दिया गया। साथ ही पांच वर्ष तक चुनाव लड़ने पर प्रतिबंध भी लगा दिया गया। बर्खास्त जिला पंचायत अध्यक्ष से छह करोड़ आठ लाख सैंतीस हजार छ: सौ छियत्तर रुपये जबकि अन्य आरोपियों कुसुम, विजयपाल व मोहम्मद ताहिर से तीन करोड़ चौतीस लाख बहत्तर हजार एक सौ अठत्तर रुपये वसूलने के आदेश हैं। याचिकाकर्ता की ओर से यह भी कहा गया कि अभी तक जिला प्रसाशन द्वारा यह धनराशि अभी तक नही वसूली गयी है।

एसजीआरडीजेआई अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा पर यात्री से 690 ग्राम सोना बरामद

अमृतसर। श्री गुरु रामदास जी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे, अमृतसर पर सीमा शुल्क अधिकारियों ने दुबई से आए एक यात्री से 690 ग्राम सोना बरामद किया है। सीमा शुल्क विभाग द्वारा बुधवार को यहां जारी सूचना में बताया गया है कि मंगलवार को रात की पाली के दौरान, दुबई से आने वाली स्पाइस जेट की उड़ान में, प्रोफाइलिंग के आधार पर कर्मचारियों द्वारा एक यात्री की निजी तलाशी और पूछताछ के दौरान उसने मलाशय में सोने के पेस्ट के दो कैप्सूल छिपाए जाने की बात स्वीकार की।

रेलवे की जमीन को लीज पर उठाएगी केंद्र सरकार, पीएम गति शक्ति योजना के आएगी काम

एजेंसी

नई दिल्ली। केंद्र सरकार पीएम गति शक्ति कार्यक्रम के लिए रेलवे की भूमि को लीज पर उठाने जा रही है। इसके लिए केंद्रीय मंत्रीमंडल ने लंबे वक्त के लिए लीज की नीति को मंजूरी दे दी है। इसके बारे में सरकार की तरफ से केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने कहा कि इस नीति से 300 कार्गो टर्मिनल स्थापित करने और लाखों की संख्या में नौकरी के अवसर पैदा होंगे।

बुधवार को केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर

ने कहा कि कैबिनेट बैठक में निर्णय लिया गया है कि रेलवे की भूमि को पीएम गति शक्ति कार्यक्रम के तहत 35 साल की लंबी अवधि के लिए लीज पर लिया जाएगा। जबकि, वर्तमान में यह अवधि पांच साल के लिए है। मीडिया से बातचीत में अनुराग ठाकुर ने बताया कि इस नीति से 300 कार्गो टर्मिनल स्थापित किए जाएंगे। साथ ही इस कार्यक्रम के तहत 1.25 लाख लोगों को नौकरियां मिलेंगी। अनुराग ठाकुर ने कहा कि लगभग 1.25 लाख नौकरियों के अलावा यह नीति रेलवे को अधिक राजस्व भी दिलाएगी। पांच साल में 300 कार्गो टर्मिनल विकसित किए जाएंगे। नई नीति बुनियादी ढांचे और अधिक कार्गो टर्मिनलों के एकीकृत विकास को सक्षम करेगी।

बंगाल सरकार ने दो किशोरों की हत्या के मामले में दिए सीआईडी जांच के आदेश

कोलकाता। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने बुधवार उत्तर पूर्वी कोलकाता के बागुईहाटी में दो किशारों (चचेरे भाइयों) के अपहरण और उनकी हत्या के मामले की जांच अपराध जांच विभाग (सीआईडी) को दी है। एक वरिष्ठ मंत्री ने यह जानकारी दी। राज्य मंत्री फिरहाद हकीम ने कहा कि इस घटना की सीआईडी से जांच कराने के आदेश दे दिए हैं।

बागुईहाटी पुलिस थाना प्रभारी निरीक्षक हाकिम ने कहा कि मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने घटना पर चिंता व्यक्त की। बिधाननगर सिटी पुलिस आयुक्तालय के अंतर्गत आने वाले बागुईहाटी में पुलिस ने फिरौती के मामले में दो किशोरों के अपहरण और उनकी हत्या के आरोप में अब तक चार संदिग्धों को गिरफ्तार कर लिया।

जांच अधिकारी ने बताया कि अपहरणकर्ताओं ने किशोरों का अपहरण करने के कुछ घंटे बाद ही अभिषेक नस्कर और अतनु डे दोनों की हत्या कर दी थी। जिसके बाद शवों को दक्षिण 24 परगना जिले के बसंती के पास एक नहर में दो अलग-अलग स्थानों पर फेंक दिया गया। उन्होंने बताया कि किशोरों की हत्या का खुलासा संदिग्धों की गिरफ्तारी के बाद हुआ। मुख्य आरोपी सत्येंद्र चौधरी और उसके दो अन्य सहयोगी हालांकि अभी भी फरार हैं। पुलिस ने बताया कि किशोरों का अपहरण जगतपुर से फिरौती के लिए किया गया था। फिरौती की राशि के बारे में अभी तक पता नहीं चला है। पुलिस को आशंका है कि दोनों किशोरों की हत्या 22 अगस्त को ही की गई होगी। किशोरों के परिवार को फिरौती का एक एसएमएस मिला था। पीड़ितों के परिवार द्वारा 23 अगस्त को शिकायत दर्ज करने के बाद पुलिस ने जांच शुरू कर दी थी। अतनु के परिवार ने आरोप लगाया कि सत्येंद्र चौधरी का अपहरण के पीछे हाथ हो सकता है।

बाघ के हमले से चरवाहा घायल

उमारिया। मध्यप्रदेश के उमरिया जिले के विश्वविख्यात बांधवगढ टाइगर रिजर्व के धमोखर बफर परिक्षेत्र अंतर्गत बीट गौरइया में एक 56 वर्षीय चरवाहे को बाघ ने हमला कर घायल कर दिया है। बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व के सूत्रों ने बताया कि घटना पीएफ 169 की है जहां वृद्ध अपनी पत्नी के साथ मवेशी चराने गया था। वहीं झाड़ियों में छिपे बाघ ने वृद्ध चरका बैगा निवासी ग्राम कुम्हर्रा के ऊपर हमला कर दिया, जिसके बाद उसकी बूढ़ी पत्नी ने जोर जोर से चिल्लाने लगी, जिसके बाद बाघ वहां से भाग गया। जानकारी के बाद बांधवगढ़ पार्क प्रबंधन की टीम मौके पर पहुंची और घायल को जिला अस्पताल लेकर आई जहां उसका उपचार कराया जा रहा है।

गौवंश पालक स्वस्थ पशुओं का करायें टीकाकरण

चंडीगढ़। हरियाणा सरकार ने गौवंश पालकों का आह्वान किया है कि वे अपने-अपने स्वस्थ गो-जातीय पशुओं को टीकाकरण अवश्य करवाएं ताकि लम्पी चर्म रोग से बचाव हो सके।

सरकारी प्रवक्ता ने बुधवार को यहां बताया कि राज्य सरकार द्वारा स्वस्थ गौवंश टीकाकरण अभियान चलाया गया है, घर-घर जाकर चार माह से अधिक आयु के सभी स्वस्थ गो-जातीय पशुओं का मुफ्त टीकाकरण किया जा रहा है। अब तक 15 लाख से अधिक गौवंश का टीकाकरण किया जा चुका है, बाकी स्वस्थ गो-जातीय पशुओं का भी टीकाकरण किया जा रहा है। प्रवक्ता के अनुसार लम्पी चर्म रोग से ग्रस्त पशुओं का टीकाकरण नहीं किया जा रहा है, अगर कोई पशु इस बीमारी से ग्रस्त है तो अपने नजदीकी पशु चिकित्सालय या पशु औषधालय से संपर्क करें। उन्होंने गौवंश पालकों को आगाह किया कि यह बीमारी पशुओं से मनुष्य में नहीं फैलती है, फिर भी सलाह दी जाती है कि प्रभावित पशुओं का दूध उबाल कर ही पीयें। उचित देखभाल और इलाज से बीमार पशु 10-15 दिनों में पूर्ण रूप से स्वस्थ हो जाता है और दूध उत्पादन भी सामान्य स्तर पर आ जाता है।

मलेरकोटला, फरीदकोट, जालंधर जिलों के सभी गांवों को सुरक्षित पानी की सुविधा

चंडीगढ़। पंजाब में मलेरकोटला, फरीदकोट और जालंघर जिलों में सभी ग्रामीणों को साफ़ और सुरक्षित पानी की सुविधा मुहैया करवाने में देश के अग्रणी राज्यों की सूची में अपना नाम दर्ज करवाया है। इस प्राप्ति के लिए जल सप्लाई एवं सेनिटेशन मंत्री ब्रम शंकर जिम्पा ने इन जिलों के सभी अधिकारियों, निवासियों और जन प्रतिनिधियों को बधाईयाँ दी है जिन्होंने इस लक्ष्य को प्राप्त करने में योगदान दिया । पंजाब की इस प्राप्ति के लिए केंद्रीय जल शक्ति मंत्री गजेंदर सिंह शेखावत ने भी टवीट के जरिये बधाई दी है। जिंपा ने बताया कि पाईपों के द्वारा 100 प्रतिशत ग्रामीण जनसंख्या को घरों में साफ़ पानी पहुँचाने वाले देश भर में से नौ जिलों का चयन किया गया है और मलेरकोटला, फरीदकोट और जालंधर ने इन नौ जिलों की सूची में अपना स्थान बनाया है। ज्ञातव्य है कि जालंधर जिले के दो लाख 23 हज़ार 400 ग्रामीण घरों की 11 लाख 12 हज़ार जनसंख्या को पाईपों के द्वारा नलों के ज़रिये सुरक्षित पानी मुहैया करवाया गया है जबकि मलेरकोटला के 49 हज़ार 881 ग्रामीण घरों की 2 लाख 58 हज़ार जनसंख्या को और फरीदकोट के 78 हज़ार 408 घरों की चार लाख नौ हज़ार ग्रामीण आबादी के लिए साफ़ पानी की व्यवस्था की गई है जिस कारण इन जिलों को राष्ट्रीय स्तर पर पहचान हासिल हुई है।

कोयला घोटाला मामला : सीबीआई ने मोलॉय घटक के आवास पर छापेमारी की

एजेंसी

कोलकाता। केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) की टीमों ने तृणमूल कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं पश्चिम बंगाल कानून मंत्री मोलॉय घटक के आसनसोल में स्थित आवास में कथित कोयला घोटाला मामले के संबंध में छापेमारी की है। आधिकारिक सूत्रों ने बुधवार को यह जानकारी दी।

सूत्रों ने बताया कि कोयला घोटाले के सिलसिले में राज्य की ममता बनर्जी सरकार के वरिष्ठ मंत्री के तीन आवासों पर आज छापेमारी की जा रही है।

इससे पहले श्री घटक को पश्चिम बर्धमान जिले के आसनसोल में ईस्टर्न कोलफील्ड लिमिटेड में कोयले की

कथित तस्करी से संबंधित सवालों के लिए सीबीआई की ओर से कई समन भेजे गए थे। जिसके बाद सीबीआई की दो अलग-अलग टीमों ने आज से उनके तीन आवासों पर छापेमारी शुरू कर दी है।

सूत्रों ने बताया कि कानून मत्री के पुराने और नए घरों पर सीबीआई की दो अलग-अलग टीमें देखी गईं। केंद्रीय बलों ने उनके घरों को घेर लिया है। सीबीआई टीम की एक महिला अधिकारी भी है। उन्होंने कहा यह अभी पता नही चला है कि मंत्री नए घर में मौजूद थे या नहीं।

उन्होंने बताया कि सीबीआई टीम जब श्री घटक के पुराने घर पर पहुंची, तब उन्होंने घर का मुख्य दरवाजा बंद पाया। सूत्रों के अनुसार कोलकाता में सात अन्य स्थानों पर भी सीबीआई की छापेमारी जारी है। सीबीआई जो चिटफंड, सरकारी सहायता प्राप्त स्कूलों में शिक्षण और गैर-शिक्षण कर्मचारियों की अवैध नियुक्ति, साथ ही पशु तस्करी सहित कई अन्य घोटालों की जांच कर रही है। उन्होंने तृणमूल कांग्रेस के बीरभूम जिला अध्यक्ष अनुब्रत मंडल सहित पार्टी के कई अन्य नेताओं को गिरफ्तार किया है।

कोयला तस्करी मामले में तृणमूल कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव अभिषेक बनर्जी भी सीबीआई और प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की जांच के घेरे में थे। सीबीआई ने नवंबर 2020 में कोयला तस्करी का मामला दर्ज किया। उन्हें यह संदेह था कि हजारों करोड़ रुपये के अवैध रूप से खनन किए गए कोयले को राज्य के पश्चिमी हिस्सों में बलपूर्वक एक समूह द्वारा बेचा गया था। जहां ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड की कई खदानें चलती हैं।

घटक ने घोटाले के सिलसिले में ईडी के कई अन्य समनों को भी नजरअंदाज किया है।

हरियाणा अपने हक का एक बूंद भी पानी नहीं छोड़ेगा: हुड्डा

चंडीगढ़। हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री एवं विपक्ष के नेता भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने कहा है कि उच्चतम न्यायालय पहले ही हरियाणा के हक में फाइनल फैसला दे चुका है, इसलिए प्रदेश सरकार को सर्वोच्च अदालत के आदेशों की अवहेलना का मामला दाखिल करना चाहिए। उन्होंने कहा कि हरियाणा अपने हक का एक बूंद भी पानी नहीं छोड़ेगा।

हुड्डा ने सतलुज यमुना लिंक मामले पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि अब बैठक का कोई मतलब

नहीं है क्योंकि उच्चतम न्यायालय ने पहले ही हरियाणा के हक का पानी देने के लिए अंतिम फैसला दे दिया है। केंद्र सरकार एवं पंजाब सरकार को इसका अनुपालन करना है और हरियाणा सरकार को इसके लिए प्रयत्न करना है। यही मुद्दा लेकर वह मुख्यमंत्री से लेकर पूर्व राष्ट्रपति तक से मिले थे।

उनके अनुसार हरियाणा के हक़ में उच्चतम न्यायालय के फ़ैसले और सर्वदलीय बैठक में मुख्यमंत्री द्वारा प्रधानमंत्री से समय लेने की बात तय होने के बावजूद सरकार ने कभी प्रदेश को पानी दिलवाने की दिशा में ठोस क़दम आगे नहीं बढ़ाया।

एसवाईएल मुद्दे पर उन्होंने विधानसभा में भी साफ तौर से कहा था कि सरकार को उच्चतम न्यायालय के फैसले की अवहेलना का मामला चलाना चाहिए।

उन्होंने कहा कि खट्टर सरकार का हरियाणा के हितों के प्रति हमेशा ढुलमुल रवैया रहा है। यदि भाजपा सच में हरियाणा को पानी दिलवाने को लेकर गंभीर होती तो अब तक प्रदेश को एसवाईएल का पानी मिल चुका होता। सरकार ने आठ साल से सत्ता में होने के बावजूद कभी एसवाईएल का पानी हरियाणा को दिलवाने की गंभीर कोशिश नहीं की।

फर्जी पादरियों के खिलाफ संयुक्त कार्रवाई के लिए ईसाई प्रतिनिधिमंडल ने श्री अकाल तख्त में बैठक की

अमृतसर। क्रिश्चियन महासभा पंजाब, कैथोलिक चर्च ऑफ इंडिया, चर्च ऑफ नॉर्थ इंडिया और अन्य सात चर्चों का संयुक्त प्रतिनिधिमंडल की श्री अकाल तख्त साहिब के जत्थेदार ज्ञानी हरप्रीत सिंह और जत्थेदार तख्त श्री केस सहगढ़ रघबीर सिंह के नेतृत्व में सिख विचारकों के साथ बैठक हुई। बैठक में पंजाब में सिख सिद्धांतों को लगातार चुनौती देने वाले नकली पादरी, झूठ और अंधविश्वास के भ्रम के माध्यम से धर्मांतरण, गुरबानी का अपमान, सिख सिद्धांतों के बारे में झूठा प्रचार और निर्दोष लोगों का शारीरिक, मानसिक और वित्तीय शोषण के मुद्दों पर एक गंभीर चर्चा की गई। इस बीच, जालंधर के बिशप एंजेलिनो राफिनो ग्रेसियस ने कहा कि नकली पादरियों का ईसाई धर्म से कोई लेना-देना नहीं है। उनके द्वारा फैलाए गए अंधविश्वास और पाखंड बाइबिल के अनुसार नहीं हैं। उन्होंने कहा कि हम सिख सिद्धांतों के अपमान और नकली पादरियों द्वारा किए गए चमत्कारों का खंडन करते हैं। इस अवसर पर अमृतसर के बिशप डॉ. प्रदीप कुमार सामंतराय ने कहा कि फर्जी पादरियों की पहचान के लिए एक सर्कुलर जारी किया जाएगा, जिसमें ईसाई पादरी बनने की संख्या को सार्वजनिक किया जाएगा और फर्जी पादरियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। चंडीगढ़ के बिशप डेनियल पीपल्स डायोसिस ने कहा कि सरकार द्वारा फर्जी पादरियों की फंडिंग के स्रोतों की जांच की जानी चाहिए। ईसाई प्रतिनिधिमंडल ने संयुक्त रूप से कहा कि नकली पादरी और पैगंबर वास्तव में मसीह विरोधी हैं और उनके खिलाफ सख्त धार्मिक और कानूनी कार्रवाई की जानी चाहिए। यह सब सिखों के समन्वय से किया जाएगा। ईसाई प्रतिनिधिमंडल और सिख विद्वानों की चर्चा के बाद श्री अकाल तख्त साहिब के जत्थेदार ज्ञानी हरप्रीत सिंह ने कहा कि ईसाई नेताओं को पंजाब में स्थिति को शांतिपूर्ण बनाए रखने के लिए ईसाई धर्म के नाम पर किए जा रहे भ्रामक प्रचार को रोकने के लिए कड़े फैसले लेने की जरूरत है। और फर्जी पादरियों को उनसे अलग कर जल्द से जल्द उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई करने की जरूरत है।

मुख्यमंत्री युवा संबल योजना बेरोजगार युवाओं के लिए साबित हो रही कारगर

जयपुर। राजस्थान में आमजन के हितों की रक्षा एवं उन्हें लाभान्वित करने के लिए राज्य की गहलोत सरकार कई महत्वकांक्षी योजनाएं चला रही हैं तथा इनमें मुख्यमंत्री युवा संबल योजना बेरोजगार युवाओं के लिए कारगर साबित हो रही है और प्रदेश के लगभग छह लाख युवा इससे लाभान्वित हो चुके हैं। आधिकारिक सूत्रों के अनुसार सरकार युवाओं की क्षमताओं, योग्यता एवं ऊर्जा के रचनात्मक तथा सकारात्मक उपयोग की दिशा में दूरदर्शी सोच के साथ काम कर रही है ताकि प्रदेश का युवा वर्ग कुशल एवं आत्मनिर्भर बनने के साथ ही रोजगार से आसानी से जुड़ सके। इसी उद्देश्य के साथ मुख्यमंत्री अशोक गहलोत की पहल

शार्ट न्यूज

नोएडा सेक्टर 18 स्थित बिल्डिंग में लगी भीषण आग, 15 लोगों को किया गया रेस्क्यू

नोएडा। नोएडा सेक्टर 18 में बुधवार को एक बिल्डिंग में शार्ट सर्किट से भीषण आग लग गई। घटना की खबर मिलने के बाद आग पर काबू पाने के लिए मौके पर दमकल की कई गाड़ियां मौजूद हैं। बताया जा रहा है कि यहां मौजूद 15 लोगों को रेस्क्यू कर बाहर निकाला जा चुका है। इसके अलावा अभी कई और लोगों के फंसे होने की आशंका है। मुख्य दमकल अधिकारी ने बताया कि सेक्टर 18 मार्केट में स्थित इमारत की दूसरी और तीसरी मंजिल पर आग लगने से लगभग लोग फंस गए थे। अभी तक किसी प्रकार की कोई हताहत नहीं हुई है। आग पर काबू पा लिया गया है। हालांकि अभी आग लगने के कारणों का पता नहीं चला है।

एनसीआर : डाटा एंट्री ऑपरेटर ने आयकर भवन से कूदकर की आत्महत्या

नई दिल्ली। मध्य दिल्ली के सिविक सेंटर परिसर में एक ऊंची बिल्डिंग से बुधवार को एक व्यक्ति ने कथित तौर पर कूदकर जान दे दी। पुलिस ने कहा कि दिवेश ने उस इमारत की आठवीं मंजिल पर डेटा एंट्री ऑपरेटर के रूप में काम किया, जिसमें आयकर विभाग का कार्यालय है। पुलिस उपायुक्त (मध्य) श्वेता चौहान ने कहा, %सुबह 10.25 बजे सिविक सेंटर के सुरक्षा प्रभारी एसके तिवारी ने बताया कि ई-2 ब्लॉक में आयकर भवन के सामने एक अज्ञात व्यक्ति मृत पड़ा है। मौके पर पहुंचने पर, ऐसा प्रतीत होता है कि व्यक्ति ने आयकर भवन से छलांग लगा दी थी। पुलिस ने बताया कि,आगे की जांच जारी है। दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा, हमें पता चला कि जब हम सिविक सेंटर में अपने कार्यालय में थे तो एक व्यक्ति ने आयकर कार्यालय वाले विशाल ब्लॉक से छलांग लगा दी थी। छलांग लगाने वाला व्यक्ति एमसीडी कर्मचारी नहीं था। अधिकारी ने कहा कि उसने परिसर की सबसे ऊंची इमारत से पर छलांग लगा दी। परिसर में पाँच इमारतें हैं, जिनमें से सबसे ऊँची 28-मंजिला इमारत है।

गौर सिटी के निवासियों का अनिश्चितकालीन धरना जारी

ग्रेटर नोएडा। ग्रेनो वेस्ट में गौर सिटी के सेवेन एवेन्यू के निवासी बिल्डर के खिलाफ धरने पर बैठे हुए है।रविवार से इन लोगों का अनिश्चितकालीन धरना शुरू हुआ।3 वर्ष से चलती आ रही मेंटेनेंस की समस्याओं के विरुद्ध इन लोगों ने धरना प्रदर्शन की शरुआत की।बुधवार को इनके धरने का चौथा दिन है। बुधवार को भी गौर बिल्डर के खिलाफ गौर सिटी के निवासियों का धरना प्रदर्शन जारी रहा ।इन लोगों ने यह धरना प्रदर्शन बिल्डर की मनमानी व मेंटेनेंस सुविधाओं के अभाव में किया । गौर सिटी की सेवंथ एवेन्यू सोसायटी के निवासियों का कहना है कि वो करीब तीन वर्ष से पूरे मेंटेनेंस का भुगतान करते आ रहे हैं लेकिन सुविधाओं के नाम पर कुछ भी तैयार नहीं है। बिल्डर 3 साल से निवासियों को केवल आश्वासन देता आ रहा है। सोसायटी के सभी परिवार कमजोर सुरक्षा, स्वच्छता, आगजनी और बिल्डिंग की प्लानिंग की कमियों से परेशान हैं।

पुलिस ने एक गांजा तस्कर को किया गिरफ्तार, कब्जे से 2 किलो 160 ग्राम गांजा बरामद

ग्रेटर नोएडा। थाना बादलपुर पुलिस ने चेकिंग के दौरान एक गांजा तस्कर कुलदीप पुत्र हरिश्चन्द निवासी पंचकुला-2 चरनी विहार थाना बादलपुर गौतमबुद्धनगर मूल पता ग्राम दुजाना थाना बादलपुर गौतमबुद्धनगर को थाना क्षेत्र के साई होटल ग्राम खेडा धर्मपुरा के सामने जीटी रोड से मंगलवार को गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गए अभियुक्त के कब्जे से पुलिस ने 2 किलो 160 ग्राम गांजा बरामद किया है।अभियुक्त शातिर किस्म का गांजा तस्कर है।जिसके विरूद्ध पुलिस ने आवश्यक वैधानिक कार्यवाही कर न्यायालय के समक्ष पेश कर दिया है।

कासना पुलिस ने एक अभियुक्त को किया गिरफ्तार, कब्जे से एक मोटरसाइकिल मोडिफाईड रिक्शा सहित 27 बैट्री लाईट बरामद

ग्रेटर नोएडा। थाना कासना पुलिस ने एक नफर अभियुक्त देवेन्द्र पुत्र छोटेलाल निवासी ग्राम कृपालपुर थाना ठठीया जिला कन्नौज हाल पता जैन का मकान कस्बा कासना थाना कासना गौतमबुद्धनगर को अम्बेडकर तिराहा कासना से मंगलवार को गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गए अभियुक्त के कब्जे से पुलिस ने एक मोटरसाइकिल मोडिफाइड रिक्शा, बैट्री लाईट,4 इन्वर्टर लाईट बाक्स बरामद किए हैं। अभियुक्त शातिर किस्म का अपराधी है। जिसके विरूद्ध पुलिस ने आवश्यक वैधानिक कार्यवाही कर न्यायालय के समक्ष पेश कर दिया है।

बदमाशों ने महिला इंजीनियर से लैपटॉप छीना

नोएडा। सेक्टर-19 में निवासी गुंजन शर्मा आईटी कंपनी में इंजीनियर है। वह पांच सितंबर को ऑफिस से अपने घर की तरफ जा रही थीं। जब वह सेक्टर-19 में गेट नंबर सात पर पहुंची तो पीछे से आए बाइक सवार बदमाश उनका लैपटॉप बैग छीनकर भाग गए। बैग में कंपनी का लैपटॉप, कीमती सामान और नकदी रखी थी। पुलिस ने उनकी शिकायत पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। वहीं, दिल्ली के मयूर विहार निवासी नरेश कुमार ने सेक्टर-20 थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि बाइक सवार बदमाशों ने उनके बेटे जयेश कुमार से सेक्टर-15 मेट्रो स्टेशन के पास से मोबाइल लूट लिया।

झोलाछाप डॉक्टर के खिलाफ लापरवाही से मौत का केस दर्ज

नोएडा। थाना सेक्टर-113 क्षेत्र के सर्फाबाद गांव में किशोर की उपचार में लापरवाही बरतने से हुई मौत के मामले में पुलिस ने झोलाछाप डॉक्टर के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। मृतक के भाई की शिकायत पर यह कार्रवाई की गई है। अभी आरोपी डॉक्टर फरार है। सर्फाबाद गांव में रहने वाला 15 वर्षीय मयंक तीन दिन पहले बीमार हो गया था। उसके परिजनों ने सर्फाबाद गांव में डॉक्टर आलम क्लीनिक के डॉक्टर एमजेड आलम से उसका उपचार करवाया था। परिजनों का आरोप है कि डॉक्टर ने मयंक के उपचार में लापरवाही बरती है। इससे उसकी हालत और खराब हो गई। फिर बच्चे को उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती करवाया गया, यहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया था। मृतक के भाई सोनू ने डॉक्टर के खिलाफ सेक्टर 113 थाने में शिकायत दी थी। अब पुलिस ने डॉक्टर के खिलाफ लापरवाही से मौत का केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। उसकी तलाश में पुलिस छापेमारी कर रही है।

बुजुर्ग ने तीन वर्ष के पोते के साथ दी जान

ग्रेटर नोएडा। दनकौर के रीलखा गांव में घरेलू विवाद में बुजुर्ग ने तीन साल के पोते के साथ जहरीला पदार्थ पीकर जान दे दी। पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। अलीगढ़ निवासी निहाल (65) रीलखा गांव के एक कृषि फार्म पर नौकरी करते थे। पोता लव (3) भी उनके साथ ही रहता था। मंगलवार दोपहर पुलिस को सूचना मिली कि निहाल और पोते की हालत गंभीर है। पुलिस दोनों को जिम्स ले गई जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। लव का पिता और मां कुछ दिन पहले बेटा-बेटी को निहाल के पास छोड़कर कहीं चले गए थे। इसके बाद निहाल पोते-पोती के साथ कृषि फार्म पर ही रहने लगे थे। परिवार के अन्य लोग पोते-पोती को साथ रखने का विरोध करते थे। पुलिस ने आशंका व्यक्त की है कि इसी वजह से निहाल ने कोल्डड्रिंक में जहरीला पदार्थ मिलाया और पोते को पिलाकर खुद भी पी लिया। वहीं, निहाल पोती को भी जहरीला पदार्थ पिला रहे थे, लेकिन उसने गला खराब होने से इनकार कर दिया था। पोती ने बताया कि दादा और भाई ने कोल्ड ड्रिंक पी थी। इससे उनकी हालत खराब हो गई थी। एडीसीपी विशाल पांडेय ने बताया कि परिजनों से पूछताछ कर मामले की जांच की जा रही है।

कुलदीप सिंह धालीवाल द्वारा ग्रामीण विकास संबंधी केंद्रीय राज मंत्री साध्वी निरंजन ज्योति के साथ मुलाकात

केंद्र सरकार द्वारा पंजाब को मगनरेगा की देनदारियों के बकाया 262 करोड़ रुपए जल्द जारी करने का आश्वासन : कुलदीप सिंह धालीवाल

प्रफुल्ल राय/गौरवशाली भारत

नई दिल्ली। मगनरेगा की देनदारियों के बकाया फंड केंद्र से जारी करवाने, प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत राज्य के लक्ष्यों की मंजूरी और पंजाब के ग्रामीण क्षेत्रों के विकास से सम्बन्धित अहम मुद्दों को लेकर पंजाब के ग्रामीण विकास, प्रवासी भारतीय मामले और कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्री कुलदीप सिंह धालीवाल द्वारा आज ग्रामीण विकास संबंधी केंद्रीय राज मंत्री साध्वी निरंजन ज्योति के साथ स्थानीय कृषि भवन में मुलाकात की गई। मीटिंग के उपरांत मीडिया के साथ बातचीत करते हुए श्री धालीवाल ने बताया कि पंजाब में मगनरेगा स्कीम के अंतर्गत करवाए गए विकास कार्यों से सम्बन्धित मटीरियल की देनदारियों के बकाया 450 करोड़ रुपए में से 188 करोड़ रुपए केंद्र द्वारा बीती 5 सितम्बर को जारी कर दिए गए थे। उन्होंने बताया कि केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्रालय को बाकी बचते 262 करोड़ रुपए जल्द जारी करने के लिए अपील की गई है। इसी तरह मगनरेगा के प्रशासनिक खर्च फंड को भी 6 फीसदी से बढ़ाकर 8 फीसदी करने की अपील की गई है। उन्होंने बताया कि यह फंड जल्द ही जारी करने संबंधी केंद्रीय राज मंत्री द्वारा आश्वासन

दिया गया है। धालीवाल ने बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2022-23 के लिए राज्य को कोई अलग लक्ष्य अलॉट नहीं किया गया था, जिस कारण वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए 25000 घरों का लक्ष्य प्राथमिकता के तौर पर प्रदान करने और इसके फंड जारी करने के लिए अपील की गई है, जिससे राज्य के बेघर, गरीब और जरूरतमंद परिवारों को घर मुहैया करवाए जा सकें।

पंजाब के कैबिनेट मंत्री ने कहा कि, प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत बहुत सी शर्तें पंजाब राज्य के अनुकूल नहीं हैं जिस कारण बहुत से लाभार्थी इसके दायरे से बाहर रह जाते हैं। हमने केंद्रीय राज मंत्री से अपील की है कि राज्यों की ज़रूरतों के अनुसार इस योजनाओं की कुछ शर्तों को आसान किया जाए।

धालीवाल ने मीटिंग के दौरान केंद्रीय राज मंत्री को बताया कि वित्तीय वर्ष 2022-23 के लिए केंद्र सरकार ने पंजाब राज्य ग्रामीण आजीविका के लिए 4644 लाख रुपए का बजट स्वीकृत किया है।

केंद्र सरकार द्वारा पहली किश्त के तौर पर 477.68 लाख रुपए एस.सी. कम्पोनेंट के लिए जारी किए हैं, जबकि 683.42 लाख रपुए जनरल कम्पोनेंट के लिए जारी किए जाने बाकी हैं। धालीवाल ने बताया कि मीटिंग के दौरान केंद्रीय राज मंत्री साध्वी निरंजन ज्योति द्वारा राज्य की इन माँगों का हल प्राथमिकता के आधार पर करने के लिए आश्वासन दिया। मीटिंग के दौरान श्री धालीवाल और केंद्रीय राज मंत्री द्वारा राज्य के ग्रामीण विकास के अन्य पहलूओं संबंधी भी विचार किया गया। मीटिंग में ग्रामीण विकास एवं पंचायत विभाग के वित्त कमिश्नर के. शिवा प्रसाद, कंसलटेंट श्री राजीव मदान के अलावा केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्रालय और अधिकारी मौजूद थे।

डीटीयू में 'साइबर सावधानियां' पर कार्यक्रम आयोजित, साइबर पुलिस एसीपी यशपाल सिंह ने किया संबोधित

आनंद राय/गौरवशाली भारत

नई दिल्ली। दिल्ली प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय द्वारा साइबर पुलिस, दिल्ली एवं सोसाइटी फॉर इन्फॉर्मेशन टेक्नोलोजी इनिसिएटिव के संयुक्त तत्वावधान में साइबर सावधानियाँ नाम से एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। बुधवार को विश्वविद्यालय के प्रज्ञान भवन में आयोजित इस कार्यक्रम में बाहरी उत्तरी दिल्ली जिला पुलिस की ओर से एसीपी यशपाल सिंह व बाहरी उत्तरी दिल्ली साइबर पुलिस स्टेशन के एसएचओ रमन सिंह ने साइबर अपराधों के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

इस अवसर पर एसीपी यशपाल सिंह ने कहा कि आज के समय में साइबर अपराध बड़ी चुनौती बन कर उभर रहा है। इससे बचाने के लिए हर नागरिक को खुद को सचेत रखना होगा। उन्होने कहा कि ऑनलाइन गतिविधियों को लेकर हमें सावधान रहना चाहिए। सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर ऑनलाइन खरीद करते समय पूरी तरह से सावधानी रखनी चाहिए। उन्होने कहा कि साइबर पुलिस का हमेशा यह प्रयास रहता है कि ऐसे मामलों में त्वरित कार्रवाई की जाए और लोगों को साइबर अपराध के संबंध में अधिक जागरूक किया जाए, लेकिन इसके लिए लोगों को खुद भी सचेत रहना होगा। कार्यक्रम में साइबर पुलिस स्टेशन के एसएचओ रमन सिंह ने भी साइबर अपराधों पर विस्तार से जानकारी दी और कहा कि जब भी किसी को लगता है कि वह साइबर क्राइम का शिकार हो चुका है तो फौरन साइबर क्राइम पुलिस को सूचित करें। उन्होने दिल्ली पुलिस की वेबसाइट और डायल 112 के बारे में भी विस्तार से जानकारी दी। इस अवसर पर डीटीयू कुलसचिव प्रो. मधुसूदन सिंह, उपकुलसचिव अनिल कुमार एवं सभी डीन, शिक्षक व गैर शिक्षक अधिकारी और कर्मचारियों सहित अनेक विद्यार्थी भी उपस्थित रहे।

जेवर में दो बहनों को फोन पर दिया तीन तलाक

जेवर। दनकौर कोतवाली क्षेत्र की रहने वाली दो सगी बहनों को दहेज की मांग पूरी नहीं होने पर ससुरालियों द्वारा मारपीट कर 3 तलाक देने का मामला सामने आया है। इस संबंध में पीड़ित बहनों ने मंगलवार को दनकौर कोतवाली पहुंचकर आरोपी ससुरालियों के खिलाफ शिकायत की है। साथ ही पीड़ित बहनों ने मुख्यमंत्री से भी आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है। बिलासपुर कस्बा निवासी नगमा और सना ने बताया कि इसी वर्ष 12 मार्च को दोनों बहनों की शादी बुलंदशहर जिले के सिकन्द्राबाद निवासी दो सगे भाइयों से हुई थी। दोनों का कहना है कि शादी के दौरान उनके पिता ने अपनी सामर्थ्य से भी ज्यादा करीब 18 लाख शादी में खर्च किए थे। उसके बावजूद उनके ससुराली दहेज से खुश नहीं थे।

6 महीने पहले हुई है शादी

दोनों का कहना है कि शादी के बाद से ही दोनों बहनों को ससुरालियों द्वारा 5 लाख रुपये का कैश व लग्जरी कार दहेज में दिलाने के लिए दबाव बना जाने लगा। पीड़ित बहनों का कहना है कि विरोध करने पर आरोपी उनके साथ मारपीट करते थे। जिसकी शिकायत भी कई बार उन्होंने अपने मायके वालों को की थी।

जिनके समझाने के बाद भी आरोपी अपनी हरकतों से बाज नहीं आए। जिन्होंने दोनों बहनों के साथ दहेज की मांग को लेकर करीब 5 दिन पहले जमकर मारपीट की जिनको चोट भी आई है। जिसके बाद दोनों ने मामले की जानकारी अपने मायके वालों को दी। मायके वाले वहां पहुंचकर अपनी दोनों बेटियों को अपने घर ले आए।

जेवर में दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

जेवर, गौतमबुद्धनगर। जेवर में पुलिस ने नाबालिग का अपहरण कर दुष्कर्म करने के आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी को आज यानी बुधवार को कोर्ट में पेश करने के बाद जेल भेजा जाएगा। आरोपी करीब 20 दिनों से फरार चल रहा था। पुलिस की टीम उसकी तलाश कर रही थी। 20 अगस्त को क्षेत्र के एक गांव में मामा के यहां 15 साल की किशोरी आई हुई थी। वह किसी काम से घर से बाहर आई। इसी दौरान कासना कोतवाली के जमालपुर गांव निवासी सचिन ने उसका अपहरण कर लिया। आरोपी को कुछ लोगों ने पहचान लिया था। जिसके बाद आरोपी ने पीड़ित को अपने साथ रखकर कई दिनों तक दुष्कर्म करता रहा। विरोध करने पर पीड़ित के साथ मारपीट भी की गई। मामले में पीड़ित परिवार ने आरोपी के खिलाफ नामजद केस दर्ज कराया था। घटना के 2 दिन बाद आरोपी पीड़ित को गांव के नजदीक छोड़कर फरार हो गया था। पुलिस ने पीड़िता का मेडिकल परीक्षण जिला अस्पताल में कराया था। जिसमें दुष्कर्म की पुष्टि हुई थी। पुलिस ने आरोपी को मंगलवार रात दनकौर रेलवे स्टेशन के नजदीक से गिरफ्तार कर लिया। इस बारे में दनकौर कोतवाली प्रभारी राधा रमण सिंह का कहना है कि किशोरी के साथ दुष्कर्म करने के आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। आज उसे जेल भेजा जाएगा।

एयरपोर्ट पर मिठाई के डिब्बे में मिले 2.5 लाख रियाल

विदेशी करेंसी दुबई लेकर जा रहा था भारतीय नागरिक

नई दिल्ली। आईजीआई एयरपोर्ट पर सीआईएसएफ ने दो अलग-अलग मामलों में विदेशी करेंसी और लाखों रुपये की दवाइयां बरामद की हैं। पहले मामले में मिठाई के डिब्बे में छिपाकर विदेशी करेंसी दुबई ले जा रहे भारतीय नागरिक को पकड़ा गया है। वहीं दूसरे मामले में एक इरानी नागरिक को भारी मात्रा में दवाइयां लेकर जाते समय एयरपोर्ट से पकड़ा गया। इन दवाइयों और करेंसी के साथ पकड़े गए आरोपियों को सीआईएसएफ ने कस्टम अधिकारियों को सौंप दिया।

सीआईएसएफ के असिस्टेंट आईजी अपूर्व पाण्डेय के अनुसार, बुधवार सुबह 6.30 बजे सीआईएसएफ की टीम ने एयरपोर्ट पर एक संदिग्ध यात्री को देखा। शक होने पर उन्होंने यात्री से पूछताछ की तो उसकी पहचान भारतीय नागरिक जसविंदर सिंह के रूप में हुई। उसने बताया कि वह स्पाइस जेट की सुबह 7.50 बजे वाली फ्लाइट से दुबई जा रहा है। सीआईएसएफ की टीम ने यात्री के बैग की तलाशी ली तो उसमें खुफिया जगह बनाकर सऊदी के रियाल छिपाए गये थे। इसके साथ ही मिठाई के डिब्बों से भी रियाल मिले। यात्री के पास से कुल 2.50 लाख रियाल बरामद हुए हैं जिनकी भारतीय रुपयों में कीमत लगभग 54 लाख रुपये बताई गई है। इन रुपयों के बारे में यात्री कोई संतोषजनक जवाब नहीं दे सका। इस बरामदगी के साथ आरोपी यात्री को कस्टम विभाग को सौंपा गया है जो आगे कार्रवाई करेंगे।

दूसरे मामले में 6 अगस्त की रात एयरपोर्ट के टी-3 पर चेक इन क्षेत्र में एक संदिग्ध यात्री को सीआईएसएफ ने देखा। यात्री की पहचान इरानी नागरिक रेज़ा के रूप में हुई। यात्री ने बताया कि वह रात की फ्लाइट से तेहरान जा रहा है। उसके पास मौजूद बैग की तलाशी ली गई तो उनमें भारी मात्रा में दवाईयां मिली। इन दवाइयों से संबंधित कोई दस्तावेज यात्री के पास नहीं मिला।

इससे संबंधित किसी डॉक्टर की पर्ची भी नहीं मिली। दो बैग से मिली लगभग 14 लाख रुपये की दवाइयों सहित आरोपी को कस्टम विभाग को सौंप दिया गया है।

ग्रेटर नोएडा पहुंचे मुख्य सचिव और डीजीपी

प्रधानमंत्री के प्रोग्राम से पहले तैयारियों को लेकर अधिकारियों के साथ की बैठक

ग्रेटर नोएडा। ग्रेटर नोएडा में वर्ल्ड डेयरी समिट 2022 का आयोजन होने जा रहा है, जिसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी शिरकत करेंगे। प्रधानमंत्री के कार्यक्रम को लेकर अधिकारी अपनी तैयारियों में जुट गए हैं ।आज इसी को लेकर उत्तर प्रदेश के डीजीपी और मुख्य सचिव ग्रेटर नोएडा पहुंचे और अधिकारियों के साथ एक बैठक की।

उत्तर प्रदेश सरकार के मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र व डीजीपी बीएस चौहान बुधवार को ग्रेटर नोएडा के एक्सपो मार्ट में पहुंचे। एक्सपो मार्ट के सभागार में उन्होंने पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों के साथ एक

बैठक की और कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार की गई। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यक्रम को लेकर तैयारियां चल रही है, उनके बारे में भी दोनों अधिकारियों ने जाना।

एक्सपो मार्ट के सभागार में 1 घंटे से ज्यादा अधिकारियों के साथ डीजीपी और मुख्य सचिव ने बैठक की ।इस दौरान पुलिस कमिश्नर आलोक सिंह और मंडलायुक्त सुरेंद्र सिंह ने कार्यक्रम की तैयारियों के बारे में उन्हें जानकारी दी ।गौरतलब है कि 12 सितंबर से एक्सपो मार्ट में वर्ल्ड डेयरी समिट होने वाला है।

12 से 15 सितंबर तक आयोजित होगा वर्ल्ड डेयरी समिट

ग्रेटर नोएडा के इंडिया एक्सपो मार्ट में वर्ल्ड डेयरी समिट का आयोजन होने जा रहा है ।इससे पहले 1974 में वर्ल्ड डेयरी समिट भारत में आयोजित किया गया था। अब उसके करीब 48 वर्ष बाद डेयरी समिट का आयोजन हिंदुस्तान में होने जा रहा है। इस समिट में भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी , गृह मंत्री अमित शाह व उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शामिल होंगे। इस कार्यक्रम में विदेशों से भी काफी डेलीगेट्स पहुंचेंगे।

चार शातिर चोर गिरफ्तार, कब्जे से चोरी किये गये सोने के आभूषण सहित नगद रुपये बरामद

विवेक राय/गौरवशाली भारत

ग्रेटर नोएडा। थाना ईकोटेक थ्री पुलिस ने चार शातिर चोरों निशांत उर्फ नीशू पुत्र किरण पाल निवासी ग्राम खैरपुर थाना ईकोटेक थ्री गौतमबुद्धनगर, सिद्धार्थ उर्फ सिद्धु पुत्र नारायण सिंह निवासी ग्राम खैरपुर गुर्जर थाना ईकोटेक थ्री गौतमबुद्धनगर, आशीष पुत्र रामकुमार निवासी ग्राम खैरपुर गुर्जर थाना ईकोटेक थ्री गौतमबुद्धनगर, कपिल पुत्र गजेंद्र निवासी ग्राम खैरपुर गुर्जर थाना ईकोटेक थ्री गौतमबुद्धनगर को थाना क्षेत्र के खैरपुर गोल चक्कर कि पास सर्विस रोड से बुधवार को गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गए अभियुक्तों के कब्जे से पुलिस ने ग्राम खैरपुर से चोरी किये गये सोने के आभूषण एक अंगूठी, एक जोडी कान के कुन्डल, एक नाक की नथिया, एक ओमबना लोकेट और चोरी के 16,200 रूपये नगद बरामद किए हैं। अभियुक्तों द्वारा वादी राकेश कुमार पुत्र भगवान दास निवासी खैरपुर गुर्जर थाना इकोटेक थ्री गौतमबुद्धनगर के घर से 19 अगस्त 2022 की रात में चोरी की थी। अभियुक्तगण शातिर किस्म के चोर हैं।

'देश में 80 फीसदी सरकारी स्कूलों की हालत कबाड़खाने से भी खराब'

नई दिल्ली। देश के 80 फीसदी से ज्यादा सरकारी स्कूल कबाड़खाने से भी बदत्तर हैं। यह बात दिल्ली के मुख्यंत्री अरविंद केजरीवाल ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को लिखी एक चिट्ठी में कही है। बुधवार को सीएम ने यह खत प्रधानमंत्री को लिखा है। इससे पहले मंगलवार को अरविंद केजरीवाल ने प्रधानमंत्री मोदी के उस फैसले को समुद्र में एक बूंद पानी की तरह बताया था जिसमें पीएम ने 14,500 स्कूलों को आधुनिक करने की बात कही थी। केजरीवाल ने अब कहा है कि देश के सभी 10 लाख सरकारी स्कूलों को अपग्रेड किये जाने की जरूरत है।

पीएम नरेंद्र मोदी को हिंदी में लिखे एक खत में केजरीवाल ने कहा, भारत में 27 करोड़ बच्चे हर रोज स्कूल जाते हैं। इनमें से 18 करोड़ बच्चे सरकारी स्कूल में पढ़ने जाते हैं। 80 फीसदी सरकारी स्कूलों की हालत कबाड़खाने से भी खराब है। अगर हम करोड़ों बच्चों को ऐसी शिक्षा दे रहे हैं तो जरा सोचिए कि देश कैसे विकास करेगा।

केजरीवाल ने खत में कहा, आपने 14,500 स्कूलों को आधुनिक करने की योजना बनाई है। लेकिन अगर हम इस गति से काम करेंगे तो देश सरकारी स्कूलों की स्थिति सुधारने में 100 साल लगेंगे। मैं आपसे निवेदन करता हूं कि देश के सभी 10 लाख सरकारी स्कूलों को बेहतर बनाने की योजना बनाएं।

सोमवार को पीएम मोदी ने ऐलान किया था कि देश भर के 14,500 स्कूलों को विकसित और अपडेट किया जाएगा। ऐसा 'PM-SHRI Yojana' के तहत होगा। इन स्कूलों में आधुनिक आधारभूत संरचनाओं का विकास किया जाएगा।

जेवर में बदमाशों और पुलिस में मुठभेड़ , 2 आरोपियों के पैर में लगी गोली, गिरफ्तार

जेवर, गौतमबुद्धनगर। जेवर में मंगलवार रात पुलिस ने मुठभेड़ के दौरान दो बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया। मुठभेड़ के दौरान दोनों बदमाश घायल हो गए, उनके पैर में गोली लगी है। दोनों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बदमाशों के कब्जे से पुलिस ने अवैध हथियार भी बरामद किया है। पुलिस उनके अन्य साथियों की तलाश कर रही है।

1 सितंबर को हिस्ट्रीशीटर की गोली मारकर की थी हत्या

नीमका गांव निवासी हिस्ट्रीशीटर नागेश 1 सितंबर की रात घर से कुछ दूरी पर अपने कुत्ते को टहलाने गया था। उसी दौरान तीन बाइक पर सवार होकर आए नकाबपोश बदमाशों ने उसकी गोली मारकर हत्या कर दी थी। मृतक के भाई राजकुमार ने गांव के सोमेश, चमन और देवराज समेत 5 लोगों पर जेवर कोतवाली में हत्या का केस दर्ज कराया था। घटना के बाद से

ही पुलिस आरोपियों की तलाश कर रही थी।

हथियार रिकवर करते वक्त चला दी गोली

पुलिस के अनुसार मंगलवार देर रात सूचना मिली की नीमका गांव से कुछ दूरी पर नागेश के हत्यारोपी घूम रहे हैं। पुलिस ने मौके से बदमाश सोमेश और प्रवीण को दबोच लिया। पुलिस आरोपियों को साथ लेकर एक जगह से अवैध हथियारों की रिकवरी करने गई थी। आरोप है कि वहां आरोपियों ने मौका पाते ही अपने हथियारों से पुलिस पर फायरिंग कर दी। जवाबी कार्रवाई

में पुलिस ने दोनों बदमाशों पर फायर किया, जिसमें वह घायल हो गए। घटना की जानकारी होते ही डीसीपी अभिषेक वर्मा और एडिशनल डीसीपी विशाल पांडे भी मौके पर पहुंच गए।

जमीन को लेकर दोनों पक्षों में चल रहा था विवाद

पुलिस का कहना है कि आरोपियों के कब्जे से भारी तादाद में कारतूस और अवैध हथियार बरामद हुए हैं। आरोपियों ने बताया उन्होंने 1 सितंबर की रात नागेश की अपने अन्य साथियों के साथ गोली मारकर हत्या की थी। पुलिस का कहना है कि दोनों पक्षों में जमीन को लेकर विवाद था, जिसके चलते रंजिश चली आ रही थी। इसी कारण हत्या को अंजाम दिया गया।

क्या कहते हैं डीसीपी

ग्रेटर नोएडा के डीसीपी अभिषेक वर्मा ने बताया कि 1 सितंबर को हिस्ट्रीशीटर नागेश की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। इस मामले में 2 आरोपियों को पुलिस ने मंगलवार रात मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार किया है। जिनके कब्जे से अवैध हथियार भी बरामद हुए हैं। हत्याकांड के अन्य आरोपियों को भी जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

संपादकीय

पालनहार ही बन रहे हैं मासूमों की जान के दुश्मन

हैरान हूँ कि दुनिया क्या से क्या हो गई, अपनी कोख की पैदा मासूम कलियों को खुद मां बाप कुचल रहे हैं इस से घोर कलियुग क्या हो सकता है ? उत्तर प्रदेश के मेरठ से एक दिल दहला देने वाला मामला सामने आया है जिसे जानकर आपकी रूह तक कांप जाएगी ।आरोप है कि यहां एक मां-बाप ने मिलकर अपनी ही बेटी को नहर में फेंक कर मार डाला और फिर पुलिस के पास उसकी गुमशुदगी की शिकायत की ।दरअसल यह दम्पति अपनी ही बच्ची के चरित्र को लेकर कुछ संदेह में था और इसी संदेह के चक्रव्यूह में फंसे दम्पति ने अच्छे बुरे का फैसला करने का विवेक भी गंवा दिया और अपनी बारह साल की बेटी को भोले की झाल में धक्का दे दिया। गुमशुदगी की तहरीर की विवेचना कर रही पुलिस को शक हुआ तो पुलिस ने मां-बाप से सख्ती से पूछताछ की और खुलासा हुआ कि दंपति ने ही अपनी बेटी को कथित तौर पर नहर में फेंक कर मारा था। फिलहाल, पुलिस ने आरोपी मां-बाप को हिरासत में ले लिया है। मिलीजानकारीकेअनुसारबागपत का रहने वाला बबलू अपनी पत्नी रूबी और 3 बच्चों के साथ मेरठ के गंगानगर में रहता है। खबर के अनुसार, बबलू ने एक सितंबर की रात को मेरठ के गंगा नगर थाने में आकर शिकायत दर्ज कराई कि उसकी 12 साल की बेटी चंचल को वह बर्गर खिलाने ले गया था और वह वहां से गुम हो गई। इसके बाद पुलिस ने इस मामले में मुकदमा दर्ज कर चंचल की तलाश शुरू कर दी। रास्ते और इलाके में पड़ने वाले सभी सीसीटीवी कैमरों के फुटेज की जांच की गई, लेकिन चंचल कहीं नजर नहीं आई। पुलिस को संदेह हुआ तो पुलिस ने चंचल के मां-बाप से पूछताछ की ।पुलिस को मा बाप दोनों की बातों में विरोधाभास मालूम हुआ और इसी बात पर पुलिस को मां-बाप पर शक गहरा गया फिर पुलिस ने दोनों से अलग-अलग पूछताछ की। पुलिस का दावा है कि जब सख्ती से पूछताछ की गई तो बबलू और उसकी पत्नी रूबी ने यह कबूल किया कि उन्होंने ही अपनी 12 साल की बेटी चंचल को मेरठ की भोला की झाल गंग नहर में जिंदा फेंक दिया था और उसके बाद उन्होंने उसकी गुमशुदगी की रिपोर्ट लिखवाई ।अब पुलिस लड़की के शव को तलाश रही है।

उधर एक अन्य वारदात उत्तर प्रदेश के नोएडा में सामने आयी है जिसे सुन कर आप भीतर तक सिहर जाएंगे ।एक पिता ने परिवारिक विवाद में अपनी 6 वर्षीय बच्ची के शरीर पर माचिस की जलतीतिल्ली से जगह-जगह दाग दिया। घटना को अंजाम देने के बाद आरोपी पिता फरार हो गया। पड़ोस में रहने वाले एक शख्स ने आरोपी पिता के खिलाफ मामला दर्ज कराया है। थाना सेक्टर-20 में जानकारी के मुताबिक, आरोपी पिता गणेश का उसकी पत्नी के साथ विवाद हो गया था, जिसके बाद उसकी पत्नी एक बेटी को लेकर घर से चली गई, जबकी एक बेटा और बेटी को गणेश के पास छोड़ दिया। इसी दौरान बुधवार, 31 अगस्त को बच्ची पड़ोस में सेक्टर-21 निवासी राजेश रांगरा के पास गयी और बताया कि उसके पिता उसके शरीर पर माचिस की तिल्ली से दागते हैं। शरीर पर निशान देखने के बाद राजेश रांगरा ने चाइल्ड हेल्पलाइन से शिकायत की। उसके बाद राजेश रांगरा ने आरोपी पिता गणेश के खिलाफ थाना सेक्टर-20 में मुकदमा दर्ज करवाया। आरोपी पिता गणेश फरार है ,जिसकी तलाश पुलिस कर रही है। मामलेकीजांचकररहेथाना सेक्टर-20 के प्रभारी पुलिस निरीक्षक मनोज कुमार के अनुसार सेक्टर-21 के रहने वाले राजेश रांगरा ने आरोपी पिता गणेश के खिलाफ मुकदमा दर्ज करवाया है। शिकायत में कहा गया है कि उनके पड़ोस में रहने वाले 6 वर्षीय बच्ची बुधवार को आई और अपने पिता गणेश के द्वारा उसे माचिस की तिल्ली से दागने के बारे में बताया, जिसके बाद उन्होंने मुकदमा दर्ज करवाया है। अब आपकोएकअन्यकलयुगी बाप की करतूत बताते हैं जिसने अपने बेटे को ही मार डाला। यह घटना राजस्थान के जालौर जिले की है। घटना के अनुसार राजस्थान के जालौर जिले में एक युवक द्वारा अपने 11 महीने के बेटे को नहर में फेंकने की दर्दनाक घटना सामने आई है।

मज़बूत विपक्ष देश की सबसे बड़ी ज़रुरत

निर्मल रानी

वैसे तो राजनीति शास्त्र के अनुसार लोकतांत्रिक व्यवस्था में सत्ता पर नकेल कसने के लिये विपक्ष का मज़बूत होना बहुत ज़रूरी है। अन्यथा सत्ता के पक्ष में आया प्रचंड बहुमत और साथ साथ विपक्ष का बिखरा व कमज़ोर होना सत्ता को अहंकारी व बेलगाम कर सकता है। यहाँ तक कि तानाशाही के रास्ते पर भी ले जा सकता है। पूर्व में भारत की राजनीति में पंडित जवाहरलाल नेहरू से लेकर राजीव गाँधी,अटल बिहारी बाजपाई व मनमोहन सिंह के शासनकाल तक में यह देखा गया है कि जहां मज़बूत विपक्ष अपनी रचनात्मक भूमिका निभाता आया है वहीँ सत्ता द्वारा भी विपक्ष को पूरा मान सम्मान दिया जाता रहा है और संसद में उसे अपनी बात कहने व सुझाव अथवा कोई आवश्यक संशोधन पेश किये जाने का अवसर दिया जाता रहा है। परन्तु 2014 के बाद देश की राजनीति में एक बड़ा परिवर्तन देखा जा रहा है। %डबल इंजन की सरकार % के नाम पर राज्यों में सक्रिय दलों को समाप्त करने की कोशिश की जा रही है। कांग्रेस मुक्त भारत जैसा ग़ैर लोकतान्त्रिक नारा देकर मुख्य विपक्षी दल को समाप्त करने की साज़िश रची जा रही है। विभिन्न विपक्षी दलों के नेताओं को या तो पद अथवा पैसों की लालच देकर ख़रीदा जा रहा है या ई डी,सी बी आई व इनकम टैक्स जैसे विभागों का भय दिखाकर उन्हें अपने पक्ष में किया जा रहा है। क्या तमाशा है कि विपक्षी दलों में रहकर ई डी,सी बी आई व इनकम टैक्स से डरने वाला नेता जब सत्ता के पक्ष में आ जाता है तो वह भय मुक्त हो जाता है ? यानी भ्रष्टाचारी का %गंगा स्नान% हो जाता है। हद तो पिछले दिनों उस समय हो गयी जबकि यू पी ए की चेयरपर्सन व कांग्रेस अध्यक्ष जैसे पदों पर रही सोनिया गाँधी व कांग्रेस के निवर्तमान अध्यक्ष राहुल गाँधी को ई डी के दफ़्तर में बार बार बुला कर उन्हें नीचा दिखाने व उनका मनोबल तोड़ने की कोशिश की गयी। आज देश में मध्य प्रदेश व महाराष्ट्र सहित कई राज्यों में तोड़ फोड़,ख़रीद फ़रोख़्त या ई डी का भय दिखाकर बनाई जाने वाली सरकारें चल रही हैं। बहरहाल,विपक्ष को समाप्त करने की सत्ता की इन कोशिशों के मध्य एक बार फिर विपक्ष को एकजुट करने की कोशिशें तेज़ हो गयी हैं। इस बार विपक्षी एकता की धुरी बने हैं बिहार के मुख्य मंत्री नितीश कुमार ।अकाली दल और शिव सेना की ही तरह नितीश कुमार के जे डी यू का भी भारतीय जनता पार्टी के साथ एन डी ए का हिस्सा बनने का लंबा अनुभव था। परन्तु जब उन्हें यह एहसास होने लगा कि भाजपा अपने %विपक्ष मिटाओ % विशेषकर क्षेत्रीय दल मिटाओ अभियान के तहत जे डी यू को भी निगलने की फ़िराक़ में है। तभी उनकी आँखें खुलीं और वे भाजपा से नाता तोड़ कर %भाजपा भगाओ% मुहिम के सूत्रधार बन बैठे। पिछले दिनों विपक्ष को एकजुट करने के अपने इसी अभियान के तहत नितीश कुमार ने दिल्ली में कांग्रेस नेता राहुल गाँधी,सीता राम येचुरी,अरविन्द केजरीवाल,डी. राजा, मुलायम सिंह यादव, अखिलेश यादव, ओम प्रकाश चौटाला, शरद यादव व एचडी कुमारस्वामी आदि नेताओं से मुलाक़ात की। वे भजपा विरोधी सभी दलों को राष्ट्रीय स्तर पर एकजुट कर भाजपा के अपराजेय होने का भ्रम तोड़ना चाहते हैं। तेलंगाना के मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर राव भी राष्ट्रीय स्तर पर किसी ऐसे ही विपक्षी गठबंधन को आकार देने के प्रयास में हैं। परन्तु इन नेताओं की कोशिशों से इतर कुछ नेता ऐसे भी हैं जिनकी नज़रें भाजपा को सत्ता से हटाने से ज़्यादा इस बात पर टिकी हैं कि किस तरह उनका प्रधानमंत्री बनना अथवा मुख्यमंत्री बनना सुनुश्चित हो सके। किस तरह उनके संगठन के विस्तार की निरंतरता बनी रही और वे एक राज्य के बाद दूसरे और दूसरे के बाद तीसरे फिर चौथे राज्य में अपना जनाधार बढ़ाते रहें। और इन्हीं में कुछ ऐसे दल भी हैं जो धर्मनिरपेक्षता की दुहाई भी देते हैं और साथ ही कांग्रेस को भी भाजपा जैसा ही अपना दुश्मन भी समझते हैं।

आत्महत्या की घटनाओं का बढ़ना बदनुमा दाग

ललित गर्ग

बढ़ती आत्महत्या की घटनाएं एक ऐसा बदनुमा दाग है जो हमारे तमाम विकास एवं शिक्षित होने के दावों को खोखला करता है। आत्महत्या शब्द जीवन से पलायन का डरावना सत्य है जो दिल को दहलाता है, डराता है, खौफ पैदा करता है, दर्द देता है। इसका दंश वे झेलते हैं जिनका कोई अपना आत्महत्या कर चला जाता है, उनके प्रियजन, रिश्तेदार एवं मित्र तो दु:खी होते ही हैं, सम्पूर्ण मानवता भी आहत एवं शर्मसार होती है। एक रिपोर्ट के अनुसार, 2019 में भारत में 1.39 लाख लोगों ने आत्महत्या की, जिनमें से लगभग 45 फीसदी लोग तनाव, अवसाद, बायपोलर डिसऑर्डर, सिजोफ्रेनिया जैसी समस्याओं का सामना कर रहे थे। ऐसे में यह कहा जा सकता है कि आत्महत्या के प्रमुख कारणों में तनाव, हिंसा, अवसाद, निराशा, नकारात्मकता सहित अन्य मानसिक समस्याएं, गंभीर रोगों के चलते निराशा, सामाजिक संघर्ष या दबाव न झेल पाना, अज्ञानता आदि शामिल हैं। ऐसी विभिन्न स्थितियों में व्यक्ति खुद को अकेला मानने लगता है और कई बार ऐसे निराशाजनक कदम उठा लेता है।

आत्महत्या की बढ़ती डरावनी स्थितियों को कम करने के लिये एवं आत्महत्या की बढ़ती घटनाओं पर नियंत्रण पाने के लिये विश्व आत्महत्या रोकथाम दिवस प्रतिवर्ष 10 सितंबर को मनाया जाता है, जिसे विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के सहयोग से अंतर्राष्ट्रीय एसोसिएशन फॉर आत्महत्या रोकथाम (इंटरनेशनल एसोसिएशन फॉर सुसाइड प्रवेंशन-आईएएसपी) द्वारा आयोजित किया जाता है। नेशनल क्राइम रिकॉर्ड ब्यूरो ने हाल में भारत में आत्महत्या के जो आंकड़े जारी किये हैं, वे चिंताजनक हैं. किसी भी समाज और देश के लिए यह बेहद चिंताजनक स्थिति है। कोई शख्स आत्महत्या को आखिरी विकल्प क्यों मान रहा है? नेशनल क्राइम रिकॉर्ड ब्यूरो की रिपोर्ट के मुताबिक देश में आत्महत्या के मामलों में 3.6 फीसदी की बढोत्तरी हुई है और औसतन देश में हर दो घंटे में तीन लोग जान दे रहे हैं। रिपोर्ट के अनुसार 2018 में कुल 1, 34, 516 लोगों ने खुदकुशी की, जो 2017 के 1, 29, 887 आत्महत्या के मामलों के मुकाबले 3.6 फीसदी अधिक है और यह आगामी वर्षों में लगातार बढ़ती जा रही है।

लेकिन सबसे चिंताजनक बात यह है कि देश में छात्रों की आत्महत्या की घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं। नेशनल क्राइम रिकॉर्ड ब्यूरो के 2018 के आंकड़ों से स्टूडेंट्स की आत्महत्या को लेकर बेहद चिंताजनक तथ्य सामने आये हैं। 2018 में लगभग 10,159 छात्रों ने आत्महत्या की है। इनमें से एक चौथाई ने इम्तिहान में फेल होने के डर से आत्महत्या की। इसके अलावा प्रेम में नाकामी, उच्च-शिक्षा के मामले में आर्थिक समस्या, अच्छा प्लेसमेंट न मिलना और बेरोजगारी भी छात्रों की आत्महत्या की प्रमुख वजह के रूप में सामने आयी है। आंकड़ों के मुताबिक एक दशक में लगभग 82 हजार छात्रों ने आत्महत्या जैसा अतिरेक कदम उठाया है।. महाराष्ट्र में 1448 छात्रों के आत्महत्या के सबसे अधिक मामले सामने आये हैं।



बेटियां तो और भावुक होती हैं। माता-पिता के साथ संवादहीनता बढ़ने से बच्चे परिवार, स्कूल और कोचिंग में तारतम्य स्थापित नहीं कर पाते हैं और तनाव का शिकार हो जाते हैं। हमारी व्यवस्था ने उनके जीवन में अब सिर्फ पढ़ाई को ही रख छोड़ा है। रही-सही कसर मोबाइल ने पूरी कर दी है। दूसरी ओर माता-पिता के पास वक्त नहीं है, उनकी अपनी समस्याएं हैं। नौकरी और कारोबार की व्यस्तताएं हैं, उसका तनाव है। जहां मां नौकरीपेशा है, वहां संवादहीनता की स्थिति और गंभीर है। एक और वजह है, भारत में परंपरागत संयुक्त परिवार का तानाबाना टूटता जा रहा है। परिवार एकाकी हो गये हैं और नयी व्यवस्था में बच्चों को बाबा-दादी, नाना-नानी का सहारा नहीं मिल पाता है, जबकि कठिन वक्त में उन्हें इसकी सबसे ज्यादा जरूरत होती है। यही वजह है कि अनेक बच्चे आत्महत्या जैसे अतिरेक कदम उठा लेते हैं। बच्चे संघर्ष करने के बजाय हार मान कर आत्महत्या का सहज रास्ता चुन ले रहे हैं। माता-पिता और शिक्षकों की यह जिम्मेदारी है कि वे लगातार बच्चों को यह समझाएं कि परीक्षा परिणाम ही सब कुछ नहीं है। ऐसे सैकड़ों उदाहरण है कि इम्तिहान में बेहतर न करने वाले लोगों ने जीवन में सफलता के मुकाम हासिल किये हैं।

कभी कोई विद्यार्थी, कभी कोई पत्नी, व्यापारी अथवा किसान, कभी कोई सरकारी कर्मी तो कभी कोई प्रेमी-जीवन में समस्याओं से इतना घिरा हुआ महसूस करता है या नाउम्मीद हो जाता है कि उसके लिये जीवन से पलायन कर जाना ही सहज प्रतीत होता है और वह आत्महत्या कर लेता है। आत्महंता होते व्यक्ति के लिये समस्याएँ विराट हो गई है एवं सहनशक्ति क्षीण हुई है।

यही कारण है कि विश्व में हर 40 सेकंड में एक व्यक्ति आत्महत्या करता है, इस तरह वर्ष से आठ लाख से अधिक लोग मर जाते हैं तथा इससे भी अधिक लोग आत्महत्या का असफल प्रयास करते हैं। वैश्विक स्तर पर आत्महत्या का सबसे सामान्य तरीका कीटनाशक खाना, फांसी लगाना, रेल्वे के आगे कूद जाना, पानी में डूबना और बंदूक हैं। आत्महत्या की समस्या दिन-पर-दिन विकराल होती जा रही है। इधर तीन-चार दशकों में विज्ञान की प्रगति के साथ जहां बीमारियों से होने वाली मृत्यु संख्या में कमी हुई है, वहीं इस वैज्ञानिक प्रगति एवं तथाकथित विकास के बीच आत्महत्याओं की संख्या पहले से अधिक हो गई है। यह समाज के हर एक व्यक्ति के लिए चिंता का विषय है।

चिंता की बात यह भी है कि आज के सुविधा भोगी जीवन ने तनाव, अवसाद, असंतुलन को बढ़ावा दिया है, अब सन्तोष धन का स्थान अंग्रेजी के मोर धन ने ले लिया है। जब सुविधावादी मनोवृत्ति सिर पर सवार होती हैं और उन्हें पूरा करने के लिये साधन नहीं जुटा पाते हैं तब कुंठित एवं तनावग्रस्त व्यक्ति को अन्तिम समाधान आत्महत्या में ही दिखता है।

यह केवल भारत की समस्या नहीं है विदेशों में तो इसके आँकड़े चौंकाने वाले हैं। लगभग अस्सी नब्बे प्रतिशत किशोर किशोरियां तनावग्रस्त हैं जिनका डॉक्टरी इलाज चल रहा है। यह सब आज के अति भौतिकवादी एवं सुविधावादी युग की देन है। तकनीकी विकास ने मनुष्य को सुविधाएँ तो दीं लेकिन उससे उसकी मानवीयता, संतुलन छीन लिया। उसे अधिक-से-अधिक मशीन में और कम से कम मानव में तब्दील कर दिया है। एडवर्ड डेह्लबर्ग कहते हैं- जब कोई महसूस करता है कि उसकी जिन्दगी बेकार है तो वह या आत्महत्या करता है या यात्रा।' प्रश्न है कि लोग दूसरा रास्ता क्यों नहीं अपनाते ? आत्महत्या ही क्यों करते हैं ?

आत्महत्या की बढ़ती घटनाओं को रोकना एक आदर्श एवं संतुलित समाज का आधार होना चाहिए। विश्व स्तर पर आयोजित होने वाले विश्व आत्महत्या रोकथाम दिवस की सार्थकता तभी है जब इस दिशा में कुछ ठोस उपक्रम हो। संपर्क, संवाद और देखभाल- यह तीन शब्द आत्महत्या की रोकथाम में मूल मंत्र साबित हो सकते हैं। आत्महत्या के पीछे मनोवैज्ञानिक, सामाजिक, आर्थिक, पारिवारिक, व्यक्तिगत, सांस्कृतिक एवं परिस्थितिकीय कारण होते हैं। उन कारणों को खोजना जरूरी है। अनेक संगठन एवं व्यक्ति इस दिशा में सार्थक पहल कर रहे हैं। जिन्होंने आत्महत्या रोकने के उपाय खोजे हैं और अपने विचारों एवं कार्यों को अमलीजामा पहनाने के लिये मुहिम चला रहे हैं।

फ्रांसिस थामसन ने कहा कि अपने चरित्र में सुधार करने का प्रयास करते हुए, इस बात को समझें कि क्या काम आपके बूते का है और क्या आपके बूते से बाहर है।' इसका सीधा-सा अर्थ तो यही हुआ कि आज ज्यों-ज्यों विकास के नये कीर्तिमान स्थापित हो रहे हैं, त्यों-त्यों आदर्श धूल-धूसरित हो रहे हैं और मनुष्य आत्महंता होता रहा है।

सड़क सुरक्षा नियमों को सख्ती से लागू कराना वक्त की सबसे बड़ी जरूरत है

हम आपको बता दें कि अंतराष्ट्रीय सड़क महासंघ के अनुसार, दुनिया भर में होने वाली सड़क दुर्घटनाओं में 11 प्रतिशत से अधिक हादसे भारत में होते हैं, जिनमें हर दिन 426 लोगों की जान जाती है और हर घंटे 18 लोग मारे जाते हैं। महाराष्ट्र के पालघर में एक सड़क दुर्घटना में टाटा संस के पूर्व चेयरमैन साइरस मिस्त्री की मौत ने सड़क सुरक्षा के मुद्दों जैसे कि तेज रफ्तार पर नजर रखने, पीछे बैठे यात्रियों के लिए सीट बेल्ट पहनना और सड़क की असंगत बनावट पर बहस तेज कर दी है। विशेषज्ञों का कहना है कि इस दुर्घटना से तीन प्रमुख निष्कर्ष निकलते हैं कि सड़कों, विशेष रूप से राजमार्गों को सुसंगत तरीके से बनाया जाना चाहिए, सड़क पर पर्याप्त संकेत चिह्न होने चाहिए और पीछे बैठे व्यक्ति के लिए सीट बेल्ट पहनने के कानून को लागू किया जाना चाहिए।

हम आपको बता दें कि अंतराष्ट्रीय सड़क महासंघ के अनुसार, दुनिया भर में होने वाली सड़क दुर्घटनाओं में 11 प्रतिशत से अधिक हादसे भारत में होते हैं, जिनमें हर दिन 426 लोगों की जान जाती है और हर घंटे 18 लोग मारे जाते हैं। महासंघ के अनुसार, 2021 में 1.6 लाख से अधिक लोगों की जान चली गई। महासंघ का कहना है कि अधिकतर सड़क दुर्घटना में होने वाली मौतों को टाला जा सकता है। माना जा रहा है कि कार की पिछली सीट पर बैठने वाले यात्रियों के लिए भी सीट बेल्ट पहनने के कानूनी प्रावधान का अगर पालन किया गया होता तो साइरस मिस्त्री और उनके दोस्त की जान बच सकती थी। ऐसा लगता है कि जब उनकी तेज रफ्तार कार डिवाइडर से टकराई तो सीट बेल्ट न पहनने से पीछे बैठे दोनों यात्री उछलकर अगले हिस्से की तरफ टकरा गए होंगे।

जहां तक सीट बेल्ट संबंधी नियमों की बात है तो कानूनी तौर पर पिछली सीट पर बैठने वाले यात्रियों के लिए सीट बेल्ट न पहनने पर 1,000 रुपये का जुर्माना लगाने का प्रावधान किया गया है। यह अलग बात है कि मोटर वाहन अधिनियम के नियम 138 (तीन) के तहत किए गए इस प्रावधान के बारे में या तो लोगों को जानकारी ही नहीं है या फिर वे इसे नजरअंदाज कर देते हैं। यहां तक कि यातायात पुलिस भी इस प्रावधान का उल्लंघन करते हुए पाए जाने पर शायद ही लोगों पर जुर्माना लगाती है। देखा जाये तो पीछे बैठने वालों के बीच सीट बेल्ट पहनने की प्रवृत्ति बहुत कम पाई जाती है। बड़े शहरों और महानगरों में यह काफी कम है। छोटे शहरों में तो यह अनुपात लगभग शून्य है।

दूसरी ओर, यदि सरकार की ओर से सड़क सुरक्षा खामियों को दूर करने के प्रयासों पर गौर करें तो देखने में आता है कि सड़क दुर्घटनाओं में होने वाली मौतों में कमी लाने के लिए सरकार वाहनों में सुरक्षा प्रावधानों को सख्त करने की कोशिश में लगी हुई है। सरकार वाहन विनिर्माताओं के लिए कम-से-कम छह एयरबैग देना जरूरी करने का प्रावधान भी करना चाहती है। माना जा रहा है कि आठ यात्रियों वाले वाहनों में छह एयरबैग का प्रावधान अक्टूबर से लागू किया जा सकता है। उल्लेखनीय है कि एयरबैग किसी भी वाहन में लगा एक प्रतिरोधक सुरक्षा उपकरण होता है जो हादसे के समय अचानक खुल जाता है और यात्रियों को सीधी टक्कर से बचा लेता है। लेकिन यह भी ध्यान रखा जाना चाहिए कि एयरबैग पूरक प्रतिरोध प्रणाली ही होते हैं। प्राथमिक प्रतिरोध प्रणाली का काम तो सीट बेल्ट ही करती है।

सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने पिछले साल कहा था कि मध्यम आय वर्ग की तरफ से खरीदी जाने वाली छोटी कारों में भी समुचित संख्या में एयरबैग दिए जाने चाहिए। उन्होंने महंगी कारों में ही आठ एयरबैग दिए जाने को लेकर विनिर्माताओं पर सवाल भी उठाए थे। यही नहीं, गडकरी ने कुछ महीने पहले कहा था कि वाहनों में मौजूद लोगों की सुरक्षा के लिए सरकार ने वाहन कंपनियों को थ्री-पॉइंट सीट बेल्ट की पेशकश करने को कहा है। उन्होंने कहा था कि पिछली सीट पर बीच में बैठने वाले शख्स के लिए भी सीट बेल्ट देनी होगी। देखा जाये तो भारत में सड़कों पर सुरक्षा सुनिश्चित करने वाले तमाम सुरक्षा मानक मौजूद हैं, असल समस्या उनके अनुपालन में है।

महावीर धर्म चक्र

मानवता की वर्तमान पीढ़ी का सौभाग्य है कि हमें भगवान महावीर के 2550 वां निर्वाण कल्याणक वर्ष मनाने का अवसर मिल रहा हैं। ऐसे ऐतिहासिक अवसर बड़े पुण्य से, बड़े प्रारब्ध से प्राप्त होता है। महावीर का सन्देश जन-जन तक पहुंचे इसके लिए वर्ष भर में निर्वाण कल्याणक के आलावा भी गर्भ कल्याणक, जन्म कल्याणक, दीक्षा कल्याणक, केवल्य ज्ञान कल्याणक के आने वाले दिनों में हर वर्ष से अधिक बड़े तरीके से मनाये। तभी निर्वाण वर्ष का भी भव्य रुप हो सकेगा।

विशेषतौर से और हर सम्भव प्रयास किए जाये कि वर्ष भर में धर्म चक्र में उल्लेखित भगवान महावीर के सन्देश जन-जन तक पूरे विश्व, राष्ट्र, हर शहर, हर गांव, हर रास्ते और हर मोहल्ले में पहुंचायें। प्रबुद्ध लोग इन विषयों पर संसार की प्रमुख भाषाओं में लेख, आलेख, इन्टरव्यू, प्रेस नोट और टी.वी. पर चर्चा करे, करवायें। संगठन जुलूस, प्रर्दशनी, होर्डिंग, प्रवचन, विद्वत गोष्ठिया करें।

जैन समाज का और भारत का राष्ट्रीय कर्तव्य है कि इस काम को बड़ी निष्ठापूर्वक पूरा किया जाये। यह सभी जानते है कि महावीर के सन्देश आज के सन्दर्भ में कितने और भी अधिक सार्थक है। मानवता को युद्ध से बचाने के लिए, कई तरह के



आपसी द्वेष और झंझटों से दूर करने के लिए, मानव के कल्याण के लिए, दुनिया के विकास और आध्यात्मिक प्रवृतियों को बढ़ाने के लिए महावीर के उपदेश नित्यंत आवश्यक है।

प्रभु महावीर के सन्देश के प्रमुख सिद्धान्त वनस्पति एवं जीव रक्षा, दया, अहिंसा, अल्पारंभ, तप, त्याग, न्याय, सम्यक लोकतन्त्र, शाकाहार, नशामुक्ति, नि:शस्त्रीकरण है। ये सब अत्यंत आवश्यक है।

इन सन्देशों को आज के समय में प्रचलित शब्दों और प्रचलित तरीके से जनमानस के मन और हृदय तक पहंचाने के लिए आज के प्रचलित बातचीत में प्रयोग होने वाले शब्दों को काम में लिया गया है, ताकि महावीर के प्रत्येक सन्देश का सार आसानी से हर कोई समझ सके। एक झलक में ही सारी बाते मोटे तार

मझ सके। एक झलक में ही सारी बाते मोटे तौर पर धर्म चक्र से ही जान सकते हैं।

प्रभु महावीर के 2500 वां निर्वाण वर्ष में भी और उसके बाद 2600 वां जनकल्याणक वर्ष के अवसर पर समाज को इसी तरह के दायित्व निभाने के अवसर मिले थे। समाज ने काफी परिश्रम के साथ उस कर्तव्य को निभाया लेकिन इस बार उससे भी और अधिक जोश के साथ प्रयास करने हैं।

करीब 20 वर्षों में तो कुछ महावीर के सन्देशों को दोहराने की आवश्यकता पड़ी है। नई पीढ़ी के लोगों को उनसे परिचित और जानकारी देना जरुरी हो गया हैं। मैं सभी समाज के प्रमुख, प्रबुद्ध संस्थानों का आह्वान करता हूँ कि अब समय बहुत कम है लेकिन तैयारी अभी तक कुछ भी नहीं है। इस कार्यक्रम को भव्य रुप देने के लिए राष्ट्रव्यापी प्रयास चालू हो।

मुझे भाई रतन जैन ने जो मान्य मंत्री-जैन महासभा और जैन महासंघ के है उन्होंने याद दिलाया और कहा कि उनके अनुसार 2600वें जन्म कल्याण वर्ष पर जो मैनें धर्म चक्र की प्रस्तुति की उसका व्यापक प्रयोग उस समय भी पूरे राष्ट्र में हुआ और अभी भी अनेक तरीको से उसका प्रयोग किया जा रहा है।

यह चक्र धर्मग्राही बना था। इस वर्ष मुझे फिर सौभाग्य मिला कि मैं धर्म चक्र को आज के प्रचलित वाक्यों में प्रस्तुत कँरु । मैनें प्रभु की आज्ञा से ध्यान करके, अध्ययन करके इसे प्रस्तुत किया है। मुझे इस सेवा से प्रभु की सेवा करने का अवसर मिला उसके लिए मैं समाज का भी आभारी हूँ और प्रभु की कृपा के लिए भी प्रभु का ऋणी हूँ।

2550वें महावीर निर्वाण वर्ष कल्याणक के अन्तर्गत एक विश्व व्यापी विद्यालय कन्या एवं युवक छात्रावास, गरीबों के उपयोगी विद्यालय, कॉलेज, हस्पताल खोलने का भी दानवीरों का लक्ष्य रहे ।

मैं मीडिया के लोगों को, जैन पत्र-पत्रिकाओं और संवादाताओं को, रेडियों, टी.वी. तथा सौशल मीडिया के माध्यम से सक्रिय लोगों से निवेदन कर रहा हूँ कि इसका अधिक से अधिक प्रचार शीघ्र करें और दीपावली आने से पूर्व सभी अपने-अपने क्षेत्र के और राष्ट्र के एवम् राज्यव्यापी कार्यक्रम की रुपरेखा पूरी तैयारी के साथ प्रस्तुत करें एवम् क्रियान्वित करें। अभी पर्युषण पर्व एवं दस लक्षण पर्व, महापर्व आ रहा है इस अवसर पर इस विषय पर आसानी से व्यापक विचार, चिन्तन हो सकता है।

इन अवसरों का जैन समाज पूरी तैयारी करने के लिए अवश्य प्रयास करें। सभी एक ही धर्म चक्र को हर अवसर पर विभिन्न साइज में प्रयोग मुख्यता के साथ करें।

जय जिनेन्द्र! धन्यवाद!
'जय महावीर'
निवेदक : रिखब चन्द जैन, अध्यक्ष - भगवान महावीर 2600वें जन्म कल्याणक महोत्सव समिति, दिल्ली

प्रकृति देती उपहार

प्रकृति देती उपहार
पृथ्वी,जल और वायु,
संरक्षित करते हमारी आयु,
इस धरा ने दिया हमें
सब कुछ,
दिया शुद्ध, जल ,वायु,
फूल, लताएं, पुष्प
और कलियां
महकतीं आपस में करती
प्यारी प्यारी सी गल बहिंया,
हमें दिया स्वच्छंद निर्झरिणी,
नदियों और सागर का उपहार,
और हम कृतघ्न मानव
करते धरती ,जल ,वायु का
अपमान और घोर तिरस्कार,
जिसने दिया हमें सब कुछ
मानव जीवन का प्यारा अवसर
विस्मृत करते हैं जिसे हम अक्सर,
जिम्मेदारी है हमारी उसे
मूल रूप से संरक्षित कर
पुष्पित पल्लवित कर
यथावत रखने की,
पर हाय
हम धरती के लिए
अपनी मातृभूमि के लिए
करते नहीं उसकी सेवा
जब तक जल,वायु, धरती
की सेवा रहेगी जारी,
कब तक मानव जिंदगी
सुरक्षित रह पाएगी हमारी।

शार्ट न्यूज

रूबी खान ने भारी पुलिस बल की मौजूदगी में किया गणेश की मूर्ति का विसर्जन

बुलंदशहर। उत्तर प्रदेश में बुधवार को रूबी खान ने गणेश प्रतिमा का विसर्जन किया। इस दौरान उनके पति और दो अन्य मुस्लिम महिलाएं साथ थीं। रूबी नरौरा के नरवर में गणेश की प्रतिमा का विसर्जन कर गंगा को नमन किया। रूबी आसिफ खान ने भारी पुलिस बल की सुरक्षा में गंगा के पास पहुंची और मूर्ति विसर्जन किया। इसके बाद उन्होंने मीडिया से बातचीत की। रूबी खान ने बताया कि सात दिन पहले उन्होंने भगवान गणेश की मूर्ति घर पर स्थापित की थी। जिसके बाद कुछ कट्टरपंथी समुदाय के लोगों ने इसका विरोध किया। अलीगढ़ की भाजपा नेत्री रूबी आसिफ खान ने बताया कि वे श्रीगणेश मूर्ति की स्थापना कर विधि विधानके साथ पूजा अर्चना और विसर्जन की। इससे कट्टरपंथियों को मुंहतोड़ जवाब मिला है। कट्टरपंथियों ने रूबी के खिलाफ फतवा भी जारी किया है। रूबी खान के मुताबिक दो साल पहले भी पूजा अर्चना को लेकर फतवे जारी किए गए थे और शहर में पोस्टर लगवाए गए थे। गणेश पूजा के बाद सुर्खियों में आई रूबी आसिफ खान ने कहा, मैंने सोचा है कि भगवान और अल्लाह एक है। मैं इसी तरह से अपनी पूजा-अर्चना करती रहूंगी। मुझे डराया भी गया और धमकाया भी जाता है। जिला प्रशासन मेरी सपोर्ट में मेरी मदद करता है।

निर्माणाधीन तालाब का किया गया निरीक्षण

झांसी। उत्तर प्रदेश के झांसी जिले के आला अधिकारियों ने केंद्र और प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी अमृत सरोवर योजना के तहत विकासखंड मऊरानीपुर के ग्राम घाट लहचूरा में बनाये जा रहे तालाब का बुधवार को स्थलीय निरीक्षण किया। जिलाधिकारी रविंद्र कुमार ने यहां बनाये जा रहे अमृत सरोवर का निरीक्षण कर तालाब के चारों और वृहद वृक्षारोपण किये जाने और इसे एक रमणीय स्थल के रूप में विकसित करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि योजना के तहत बनाये जाने वाले सरोवारों को बहुउद्देश्यीय स्वरूप में बनाया जाएगा। । जल स्तर को सामान्य बनाए रखने के लिए पूर्व में बने हुये तालाबों का जीर्णोद्धार तो किया ही जायेगा, साथ ही नये तालाबों का निर्माण इसी योजना के तहत ही कराया जा रहा हैं जिससे जनपद के भूगर्भ जल का संरक्षण व संवर्धन हो सके। इस योजना के तहत जनपद में बड़ी संख्या में अमृत सरोवर का निर्माण कराया जा रहा है। सभी अमृत सरोवरों का निर्माण कार्य युद्ध गति से किया जाए ताकि वर्षा जल की एक एक बूंद का संरक्षण किया जा सके।

रेडीमेड गारमेंट्स शोरूम में लगी आग, लाखों का माल स्वाहा

फिरोजाबाद। उत्तर प्रदेश में फिरोजाबाद के थाना उत्तर क्षेत्र में मानसी होजरी रेडीमेड शोरूम में आग लगने से लाखों रुपए का माल जलकर राख हो गया है। थाना उत्तर क्षेत्र के रोशन गंज स्थित मानसी होजरी शोरूम में आज सुबह चार बजे के आसपास धुंआ निकलने की शिकायत पड़ोसियों ने मालिक से की। सूचना पाकर मालिक और पुलिस प्रशासन के अधिकारी मौके पर पहुंच गए। फायर ब्रिगेड ने मौके पर पहुंचकर कई घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। इस बीच आग लगने से शोरूम में करीब 20 लाख रुपए का माल जलकर राख हो गया।

कुशीनगर : किसानों ने घटाया गन्ने का रकबा, विभाग व चीनी मिल चिंतित

कुशीनगर। उत्तर प्रदेश के कुशीनगर जिले के हाटा गन्ना समिति के किसानों ने पिछले वर्ष की अपेक्षा इस वर्ष गन्ने की फसल की बुवाई का रकबा कम कर दिया है। गन्ने में लगी रेड रॉट की बीमारी के कारण अधिकतर फसल सूखने की वजह से किसानों का इसकी खेती को लेकर आकर्षण कम हुआ है। हाटा तहसील क्षेत्र में पिछले साल की अपेक्षा इस बार 59 हेक्टेयर क्षेत्रफल गन्ना का रकबा कम हुआ है। हाटा गन्ना समिति व ढाढा चीनी मिल क्षेत्र में वर्ष 2021.22 में 5025 हेक्टेयर गन्ना बोया गया था। वहीं इस बार 2022.23 में 4966 हेक्टेयर गन्ने की बुवाई हुई है। पिछली बार की अपेक्षा 59 हेक्टेयर गन्ने का रकबा कम हो गया है। इसका मुख्य कारण गन्ने की फसल में रेड रॉट रोग लगने से पैदावार नहीं होना है और ज्यादा गन्ना सूखना है। किसानों ने 12.26 लाख कुंतल गन्ने की आपूर्ति की थी। किसान गन्ने की फसल को नकदी फसल के रूप में मानकर खेती करते हैं, इसलिए हर साल छोटे-बड़े जोत वाले किसान अपना रकबा बढ़ाकर अधिक उत्पादन करते हैं, लेकिन इस बार स्थिति बदल गई है। इस संबंध में जिला गन्ना अधिकारी ने बताया कि जिले के हाटा गन्ना क्षेत्र में इस बार पिछले वर्ष की अपेक्षा इस बार 59 हेक्टेयर गन्ने का रकबा कम हुआ है और पैदावार बढ़ने की उम्मीद भी नहीं है।

गोरखपुर में बेकाबू कार ने तीन को रौंदा, दो मरे

गोरखपुर। उत्तर प्रदेश में गोरखपुर जिले के गोरखनाथ क्षेत्र में बुधवार तड़के एक तेज रफ्तार कार की चपेट में आकर फुटपाथ पर सो रहे दो मजदूरों की मृत्यु हो गयी जबकि एक गंभीर रूप से घायल हो गया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोरखपुर में सड़क हादसे में हुई जनहानि पर गहरा दु:ख प्रकट किया है और दिवंगत आत्मा की शांति की कामना करते हुए शोक संतप्त परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की है। उन्होने जिला प्रशासन के अधिकारियों को घायलों का समुचित उपचार कराने के निर्देश दिए हैं। इसके साथ ही जिलाधिकारी और पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों को मौके पर तत्काल पहुंचने के निर्देश दिए है। पुलिस सूत्रों ने बताया कि गोरखनाथ पुल पर यह हादसा उस समय हुआ जब महराजगंज की तरफ से आ रही कार ट्रक को ओवरटेक करने के प्रयास पर फुटपाथ पर सो रहे मजदूरों को रौंदते हुये पलट गयी। इस हादसे में तीन मजदूर कार के नीचे दब गये जिन्हे उपचार के लिए जिला चिकित्सालय लाया गया जहां चिकित्सकों ने दो को मृत्यु घोषित कर दिया जबकि तीसरे की हालत नाजुक बनी हुयी है। मृतकों की शिनाख्त के प्रयास किये जा रहे हैं।

पुलिस पर पथराव : 35 लोगों पर मामला दर्ज

कौशांबी। उत्तर प्रदेश में कौशांबी के करारी थाना क्षेत्र में एक विक्षिप्त महिला को बच्चा चोर समझ कर पिटाई कर रहे लोगों को रोकने पहुंची पुलिस पर पथराव किये जाने के मामले में 35 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है। अपर पुलिस अधीक्षक समर बहादुर ने बुधवार को बताया कि करारी थानाक्षेत्र में म्योहर बाजार में मंगलवार रात एक विक्षिप्त महिला टहल रही थी ,उसे बाजार के लोगों ने बच्चा चोर कहकर मारना पीटना शुरू कर दिया। पुलिस को सूचना मिली तो अर्का चौकी के प्रभारी दो सिपाहियों के साथ मौके पर पहुंचे। करारी थाने से भी पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने महिला को बचाने का प्रयास किया तो आक्रोशित ग्रामीणों ने पुलिस पर पथराव कर दिया, जिसमें पुलिस की गाड़ी क्षतिग्रस्त हो गई। ईट पत्थर लगने से चार पुलिसकर्मी घायल हो गए। इस दौरान पुलिस की संख्या बढ़ती हुई देखकर उपद्रवी वहां से भाग निकले पुलिस पर पथराव करने के मामले में पुलिस ने 35 लोगों के विरुद्ध नामजद एवं एक सौ अज्ञात लोगों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर चार उपद्रवियों को गिरफ्तार कर लिया है।

कानपुर आईआईटी के छात्र ने की खुदकुशी

कानपुर। उत्तर प्रदेश में कानपुर के कल्याणपुर क्षेत्र में स्थित भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) के पीएचडी छात्र ने अज्ञात कारणों से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। पुलिस सूत्रों ने बुधवार को बताया कि मंगलवार देर रात हॉल नम्बर आठ के एक छात्र ने संस्थान के सुरक्षा अनुभाग को फोन करके बताया कि पीएचडी छात्र प्रशांत सिंह का कमरा अंदर से बंद है और कई बार दस्तक देने के बाद भी कोई प्रतिक्रिया नहीं दे रहा है जिस पर त्वरित कार्यवाही करते हुए संस्थान के प्रशासकों ने जबरन दरवाजा खोला तो प्रशांत को बेडशीट के सहारे छत से लटका पाया। छात्र को तुरंत संस्थान के स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां ऑन कॉल चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना के तुरंत बाद पुलिस फोरेंसिक टीम संस्थान पहुंची और जांच शुरू की। आत्महत्या के पीछे संभावित कारण का पता लगाने का पुलिस प्रयास कर रही है। संस्थान के प्रवक्ता ने बताया कि मृतक छात्र ने मैकेनिकल इंजीनियरिंग ने 2021 में पीएचडी कार्यक्रम में दाखिला लेने के निर्णय से पहले अपनी मास्टर डिग्री पूरी करने के लिए 2019 में आईआईटी कानपुर में दाखिला लिया था।

सूखे की मार झेल रहे किसानों को बड़ी राहत

दलहन-तिलहन और सब्जी के बीज मुफ्त देगी योगी सरकार

लखनऊ। सूखे की मार झेल रहे किसानों के लिए राहत की खबर है। सरकार ने फैसला किया है कि जिन इलाकों में बारिश कम हुई है वहां दलहन-तिलहन के बीज के मिनी किट किसानों को मुफ्त दिए जाएंगे। इसके अलावा सिचाईं विभाग को आदेश दिया गया है कि वो नहरों में पानी की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करे। इसके अलावा ग्रामीण इलाकों में बिजली आपूर्ति को भी बढ़ाने के निर्देश दिए गए हैं जिससे किसानों को सिचांई आदि में दिक्कत ना हो। कृषि मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर ने कहा कि मंगलवार को

जून जुलाई में हुई खरीफ गोष्ठियों की समीक्षा की गयी। इस बैठक में किसानों से जुड़ी 125 समस्याओं पर चर्चा हुई और किसानों की समस्याओं के निस्तारण के लिए सम्बंधित विभागों को निर्देश दिए गए। कृषि मंत्री ने इस दौरान बताया कि जल्द ही आंवला को कृषि उपज से वन उपज की सूची में डाला जाएगा।

कृषि मंत्री ने कहा कि पीएम किसान सम्मान निधि योजना की 12वीं किश्त इसी महीने जारी की जाएगी। उन्होंने बताया कि भूलेख अनिवार्य किये जाने से 21 लाख किसान अपात्र पाये गये।

इसके अलावा उन्होंने बताया कि 1 करोड़ 62 लाख किसानों का डाटा किसान पोर्टल पर अपलोड कर दिया गया है। केंद्र सरकार के निर्देश के मुताबिक जिन किसानों का भूलेख किसान पोर्टल पर अपलोड होगा उन्हें ही पीएम किसान सम्मान निधि योजना का पैसा मिलेगा। सरकार ने सत्यापन के लिए 9 सितंबर तक का समय दिया है। जानकारी के मुताबिक अबतक 11 लाख किसानों का डेटा अपलोड होना बाकी है।

किसानों को पोर्टल पर अपना और अपने पिता के नाम के साथ गाटा संख्या और रकबा की जानकारी देनी होगी। तहसील के रिकार्ड के अनुसार ही किसान के भू अभिलेख का विवरण होगा। सभी दस्तावेजों का लेखपाल सत्यापन करेंगे।

योगी नौ सितंबर को आयेंगे जौनपुर

जौनपुर। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ 09 सितंबर को एक दिवसीय दौरे पर जौनपुर आ रहे हैं, इस दौरान वह कई परियोजनाओं का निरीक्षण करेंगे, साथ ही विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को प्रमाण पत्र वितरण करेंगे। प्रभारी अधिकारी प्रोटोकाल एवं नगर मजिस्ट्रेट आयुष चौधरी ने यह जानकारी देते हुए बुधवार को बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ 09 सितंबर को राजकीय हेलीकॉप्टर से लखनऊ से प्रस्थान कर 10:00 बजे हेलीपैड पूर्वांचल विश्वविद्यालय पहुंचेगे, वहां से 10:10 बजे निर्माणाधीन उमानाथ स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय पहुंच कर निरीक्षण करेंगे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ वहां से 10:25 पर प्रस्थान कर 10.35 बजे निर्माणाधीन सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट पचहटिया का निरीक्षण करेंगे । मुख्यमंत्री 11:00 बजे वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय पहुंचेंगे और वहां पर 11.00 बजे से 12:00 तक विभिन्न लाभार्थी प्रति योजनाओं के लाभार्थियों को प्रमाण पत्र वितरण एवं विभिन्न विकास परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास करने के बाद जनसभा को संबोधित करेंगे । मुख्यमंत्री जौनपुर में दो घंटे मौजूद रहेगें । मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ 12.25 बजे वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय में बने हेलीपैड से हेलीकॉप्टर से प्रस्थान कर 12:50 बजे एलीफेंट पुलिस लाइन गाजीपुर पहुंचेंगे।

अध्यापक ने मासूम छात्र की बेरहमी की पिटाई, जमकर बरसाए लात-घूंसे

एजेंसी

भदोही। उत्तर प्रदेश के एक स्कूल में शिक्षक ने एक छात्र की जमकर पिटाई कर दी है। जिससे उसकी आंख के ऊपर चोट लग गई है। छात्र के परिजनों ने आरोपी शिक्षक के खिलाफ मामला दर्ज कराया है। वहीं बेसिक शिक्षा अधिकारी ने मामले को संज्ञान में लेते हुए शिक्षक से स्पष्टीकरण मांगा है।

पिछले कुछ महीनों से यूपी के अलग-अलग जिलों में शिक्षकों द्वारा छात्रों की बेहरमी पिटाई करने के मामले सामने आ रहे हैं। हाल ही में आगरा, फतेहपुर, श्रावस्ती और बलिया में मासूमों को बेहरमी से पिटने का मामला सामने आया था। इस बार ये घटना भदोही का है जहां एक शिक्षक ने छात्र की जमकर कुटाई कर दी।

ये मामला जिले के कोइरौना थाना क्षेत्र के सरकारी प्राथमिक विद्यालय का है। कक्षा दो का छात्र लंच टाइम में ग्राउंड में खेल रहा था इस दौरान एक शिक्षक किसी बात को लेकर मासूम को डांटने लगे।

शिक्षक का गुस्सा यहीं खत्म नहीं हुआ। उन्होंने छात्र को पास बुलाकर पीटने लगे। छात्र का सिर जमीन पर पटक दिया फिर लात घूंसे से मारने लगे। इस दौरान सात वर्षीय छात्र की दायीं आंख के ऊपर चोट लग गई।

छात्र रोते-रोते घर पहुंचा और परिजनों को सारी बात बताई। जिसके बाद छात्र के चाचा छोटे लाल ने शिक्षक के खिलाफ पुलिस में मुकदमा दर्ज करवाया। वहीं सहायक बेसिक शिक्षा अधिकारी ने मामले को संज्ञान में लेते हुए जांच के आदेश दिए। इस संबंध में शिक्षक से स्पष्टीकरण मांगा गया है।

गणेश पूजा पंडाल मे करंट लगने से एक की मौत, एक घायल

रायबरेली। उत्तर प्रदेश के रायबरेली में शहर इलाके के बस्तेपुर में गणेश पूजा पंडाल में करंट की चपेट में दो व्यक्ति आ गये जिसमे बचाने गए व्यक्ति की मौत हो गयी है जबकि गंभीर रूप से घायल हुआ दूसरा व्यक्ति अस्पताल में भर्ती है। पुलिस सूत्रों से बुधवार को मिली जानकारी के अनुसार शहर के बस्तेपुर इलाके में गणेश पूजा के पंडाल में करंट की चपेट में आये व्यक्ति को बचाने गए दूसरे व्यक्ति की मौके पर मौत हो गयी जबकि पहला गम्भीर रूप से घायल हो गया जिसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बताया गया कि मृतक विनोद कुमार (30) पिकअप गाड़ी से डीजे लोड करके गणेश पूजा पंडाल पर लाया था । वहां बिजली के पोल से आये करंट की चपेट में पहले से ही फंसे विपिन (20) की मदद के लिए विनोद पहुंचा।

दो गज जमीन के लिए परिवार में जमकर चले लाठी-डंडे, इलाज के दौरान चाचा की मौत

राबरेली। उत्तर प्रदेश के रायबरेली में रिश्तों को तार-तार कर देने वाला मामले सामने आया। यहां दो गज जमीन के लिए भतीजों और चाचा के बीच जमकर लाठी डंडे चले। जिसके बाद गंभीर रूप से घायल चाचा को इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां उनकी देर रात मौत हो गई। मृतक की पत्नी संगीता मौर्य की तहरीर पर पुलिस ने मामला दर्ज कर नामजद महिला को हिरासत में ले लिया। ये मामला रायबरेली के कोतवाली क्षेत्र के कुतुबपुर बरेंदा मजरे बहादुर नगर का है। जहां 50 वर्षीय रामनिधि और 45 वर्षीय सुमिरन सगे भाई है। बताते हैं कि परिवार के बीच अक्सर छोटी-छोटी बातों को लेकर पहले भी कई बार विवाद हो चुके हैं। रामनीधि के तीसरे भाई राजू दूसरी जगह घर बनाकर रहा है।

मंगलवार की दोपहर राम सुमिरन और उसकी पत्नी संगीता से रामनिधि के परिवार से रास्ते को लेकर विवाद हो गया। विवाद में जमकर लाठी डंडे चले। घटना में राम सुमिरन को गंभीर चोटें आई ,वहीं दूसरे पक्ष से शिवकुमारी को भी चोटे आई। गांव से बाहर मकान होने और आये दिन विवाद होने के चलते कोई भी ग्रामीण मौके पर नहीं आया। घटना की जानकारी मिलते ही कोतवाली प्रभारी जितेंद्र प्रताप सिंह मौके पर पहुंचे। पुलिस ने एंबुलेंस से घायल राम सुमिरन को सीएचसी अमांवा पहुंचाया जहां डॉक्टरों ने उसकी गंभीर हालत को देखते हुए जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया।

घटना में गम्भीर रूप से घायल राम सुमिरन की जिला चिकित्सालय में मौत हो गई। कोतवाली पुलिस ने मृतक की पत्नी संगीता की तहरीर पर रामनिधि के बेटे विमल मौर्य ,अनुज मौर्य और पत्नी शिव कुमारी के खिलाफ मामला पंजीकृत कर लिया है। दूसरी तरफ दर्ज की गई क्रॉस एफआईआर में विमल मौर्य द्वारा राम सुमिरन मौर्य के खिलाफ गाली गलौज करते हुए मारपीट का आरोप लगाया गया है। पुलिस ने मामले की एनसीआर दर्ज कर ली है।

कोतवाली प्रभारी जितेंद्र प्रताप सिंह ने बताया मामूली रास्ते के विवाद को लेकर हुई मारपीट में घायल राम सुमिरन मौर्य की जिला चिकित्सालय में इलाज के दौरान मौत हो गई है उन्होंने बताया मृतक की पत्नी की तहरीर पर मामला दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है। एक नामजद महिला आरोपी को गिरफ्तार भी किया जा चुका है। अन्य की तलाश जारी है।

यूपी में फिर चला 'योगी का बुलडोजर'

शिवपाल यादव की पार्टी के नेता का गेस्ट हाउस बना मिट्टी का ढेर

कानपुर। उत्तर प्रदेश में एक बार फिर अवैध निर्माण पर बुलडोजर चला है। बुधवार को कानपुर में बर्रा बाईपास चौराहे पर प्रगतिशील समाजवादी पार्टी के नेता विनोद प्रजापति के गेस्ट हाउस दिव्यांशी गार्डेन को गिरा दिया गया। कानपुर विकास प्राधिकरण के अधिकारियों के मुताबिक ये गेस्ट हाउस विकास प्राधिकरण की जमीन पर कब्जा करके बनाया गया था। 2000 वर्गगज से भी ज्यादा क्षेत्रफल में फैला विनोद प्रजापति का ये गेस्ट हाउस दिव्यांशी गार्डेन साल 2009 में बनाया गया था। बुधवार को केडीए उपाध्यक्ष अरविंद सिंह के निर्देश पर ओएसडी सत शुक्ला के नेतृत्व में गई टीम ने गेस्ट हाउस पर बुलडोजर चलाकर इसे मिनटों में ढहा दिया। कहा जा रहा है कि इसका नक्शा भी पास नहीं था। अधिकारियों का कहना है कि सरकारी जमीन पर कब्जा करने को लेकर विनोद प्रजापति पर अलग से कार्रवाई भी की जाएगी। अधिकारियों के कहना है कि इस मामले में विनोद प्रजापति के खिलाफ एफआईआर दर्ज होगी। सत शुक्ला ने इस दौरान कहा कि ऐसे अवैध निर्माण पर कार्रवाई होती रहेगी।

जानकारी के मुताबिक बर्रा के जूही कलां इलाके में हावई पर मौजूद प्रसपा नेता का ये गेस्ट हाउस बीस साल से चल रहा था। अधिकारियों का कहना है कि कई बार नोटिस दिए जाने के बाद भी जब कोई जवाब नहीं आया तो ध्वस्तीकरण का ये आदेश जारी किया गया। करीब दो साल पहले गेस्ट हाउस को सील भी किया गया था लेकिन आरोप है कि प्रसपा नेता ने सील तोड़कर दोबारा गेस्ट हाउस चालू कर दिया। प्रसपा नेता पर सरकारी जमीन कब्जा करने, सील तोड़ने और नियमों का उल्लंघन करने का आरोप है और अब धवस्तीकरण की कार्रवाई के खिलाफ आरोपी नेता के खिलाफ एफआईआर भी दर्ज करवाई जाएगी।

उप्र विधान सभा का मानसून सत्र 19 सितंबर से होगा

लखनऊ। उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने राज्य विधान सभा का मानसून सत्र आगामी 19 सितंबर से आहूत किया है। राज्यपाल के अनुमोदन पर विधान सभा सचिवालय ने बुधवार को मानसून सत्र की बैठक आहूत करने की अधिसूचना जारी कर दी। इसके अनुसार विधान सभा की बैठक 19 सितंबर को दिन में 11 बजे प्रारंभ होगी। गौरतलब है कि मंगलवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में हुयी मंत्रिपरिषद की बैठक में विधान सभा का मानसून सत्र 19 सितंबर से आहूत करने की राज्यपाल से मंजूरी लेने का प्रस्ताव पारित किया गया था। इस प्रस्ताव को राज्यपाल ने अनुमोदन प्रदान किया है।

हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने पत्रकार की गिरफ्तारी पर लगाई रोक, सरकारी काम में बाधा पहुंचाने का है आरोप

लखनऊ। उत्तर प्रदेश स्थित हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने पत्रकार सुबोध श्रीवास्तव की गिरफ्तारी पर रोक लगा दी है। अयोध्या के रहने वाले पत्रकार सुबोध के खिलाफ फैजाबाद में जिला न्यायालय में तैनात एक न्यायिक मजिस्ट्रेट ने धोखाधड़ी, महिला का अनादर और सरकारी अधिकारियों के काम में बाधा पहुंचाने के आरोप में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। लखनऊ बेंच ने पत्रकार सुबोध श्रीवास्तव को अंतरिम राहत दिया और राज्य सरकार से जवाबी हलफनामा तलब किया है। ये आदेश न्यायमूर्ति राकेश श्रीवास्तव और न्यायमूर्ति बृजेशराज सिंह की खंडपीठ ने दिया। पत्रकार सुबोध श्रीवास्तव के खिलाफ 5 अगस्त साल 2022 को एक न्यायिक मजिस्ट्रेट ने अयोध्या के कोतवाली नगर में आईपीसी धारा 420, 509 और 186 के तहत एफआईआर दर्ज कराई गई थी। न्यायिक मजिस्ट्रेट के मुताबिक पत्रकार 3 अगस्त को महिला जनसुनवाई कार्यक्रम के दौरान गंदी भाषा का प्रयोग किया था। वह बिना बिना बुलाए ही कार्यक्रम में पहुंच गया था। पत्रकार एक निजी चैनल के लिए काम करता है। दूसरी तरफ पत्रकार के अधिवक्ता ने बताया कि अगर आरोपों को सही मान भी लिया जाए तो धारा 420 और 509 का केस नहीं बनता है।

घर में घुसकर युवती से गैंगरेप कर किया फोटो वायरल, पांच में से चार आरोपी नाबालिग

बस्ती। बस्ती जिले के सोनहा थाना क्षेत्र के एक गांव में दरवाजा तोड़कर घर में घुसे पांच लोगों ने युवती के साथ गैंगरेप कर फोटो वायरल कर दिया। पीड़िता की मां की शिकायत पर पुलिस ने मंगलवार की देर शाम पांचों पर मुकदमा दर्ज किया है। इनमें चार आरोपी नाबालिग हैं। पुलिस पीड़िता व उसकी मां से पूछताछ करने के साथ ही आरोपियों की तलाश में जुट गई है। घटना 2 सिंतबर की रात की बताई जा रही है। पीड़िता की मां का कहना है कि वह सिद्धार्थनगर जिले के डुमरियागंज कस्बे में एक इंटर कॉलेज में आया का काम करती। वहीं पर रहती है। उसकी बड़ी बेटी का ऑपरेशन हुआ है और वह उसके साथ डुमरियागंज में थी। घर पर छोटी बेटी (20) अकेली थी। महिला के अनुसार 2 सितम्बर की रात लगभग 11 बजे गांव का ललित और चार अन्य लड़के उसके घर आ धमके। घर का दरवाजा तोड़कर वे अंदर घुस आए। सभी ने उसकी बेटी के साथ दुराचार किया और उसका फोटो भी बना लिया। शनिवार को जब वह घर आई तो उसे किसी ने फोटो भेजा। उसने बेटी से पूछताछ की तो उसने घटना की जानकारी दी। पीड़िता की मां के मुताबिक घर पर कुछ मेहमान आए थे, इसलिए वह मंगलवार को थाने पर सूचना देने पहुंची। इसके बाद सीओ रुधौली प्रीति खरवार व थाना प्रभारी शशांक शेखर राय घटनास्थल पर पहुंचे और जांच शुरू की। युवती व उसकी मां से भी पूछताछ की। प्रभारी निरीक्षक ने बताया पीड़िता की तहरीर पर मुकदमा पंजीकृत कर आरोपियों की तलाश की जा रही है।

बुलंदशहर : युवक का शव बरामद

बुलंदशहर। उत्तर प्रदेश में बुलंदशहर जिले के खुर्जा देहात थाना क्षेत्र में लापता युवक जीत सिंह का शव मुंडाखेड़ा गंग नहर की पटरी से बुधवार सुबह बरामद हुआ। पुलिस के अनुसार खुर्जा देहात थानाक्षेत्र में ग्राम फतेहपुर बुजुर्ग निवासी कलुआ सिंह के पुत्र जीत सिंह (24) का शव मुंडाखेड़ा गंग नहर की पटरी से बरामद किया गया है। परिजनों ने युवक की हत्या की आशंका व्यक्त की है। बताया जा रहा है कि जीत मंगलवार की शाम को अपने घर से खुर्जा जाने की कहकर निकला था देर रात तक भी घर वापस ना पहुंचने पर परिजनों को चिंता हुई पहले तो उन्होंने जीत की खोज इधर-उधर की न मिलने पर खुर्जा देहात थाने में सूचना दी।

भदोही में मॉब लिचिंग: बरामदे में बकरी चढ़ने पर मालिक की पीट-पीटकर हत्या, भाजपा चेयरमैन पर केस

भदोही। भदोही के कटरा बाजार में बरामदे में बकरी चढ़ने पर एक व्यक्ति की पीट-पीटकर हत्या कर दी गई। पीटने का आरोप नगर पालिका परिषद में भाजपा के चेयरमैन अशोक जायसवाल और उनके साथियों पर लगा है।

पुलिस ने चेयरमैन समेत सात नामजद और 15 अज्ञात लोगों पर मुकदमा दर्ज कर लिया है। करीब आधा दर्जन आरोपियों को हिरासत में लिया गया है। मामला दो वर्गों से जुड़ा होने और तनाव को देखते हुए इलाके में पुलिस की तैनाती कर दी गई है।

शहर के कटरा बाजार निवासी मुस्तकीम अहमद राइन (55) की पत्नी मोमिना बेगम ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा कि मंगलवार को उनकी बकरी आरोपियों के बरामदे पर चली गई थी। इसी बात को लेकर दिन में कहासुनी हुई थी। इस बीच देर रात करीब 10 बजे बजे चेयरमैन अशोक जायसवाल, पिंटू माली, कल्लू, राजेश, संदीप, प्रमोद, प्रदीप माली समेत करीब दस से पंद्रह लोग उनके घर पहुंचे। पति, बच्चों और उसे गालियां देने लगे।

विरोध करने पर पति और बच्चों के साथ उसकी भी लात, घूसों से पिटाई शुरू कर दी। बुरी तरह पिटाई से पति अचेत हो गए। बेटा आफताब, सलमान और बेटी सीमा और शबनम को भी चोटें आई।

अचेत हो गई पति को लेकर सभी लोग शहर के महाराजा बलवंत सिंह राजकीय अस्पताल भागे। वहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया।

शहर कोतवाल गगन राज सिंह ने बताया कि मामले में मारे गए मुस्तकीम की पत्नी की तहरीर पर चेयरमैन समेत सात नामजद व 15 अज्ञात लोगों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। आधा दर्जन आरोपियों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है।

कहा कि मोहल्ले में किसी प्रकार का तनाव नहीं है, बावजूद इसके वहां पर जवानों की तैनाती की गई है। पुलिस ने मृतक के शव को देर रात ही कब्जे में लिया था। बुधवार को शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

गोरखपुर : काम का निरीक्षण करने आए पार्षद से हुई हाथापाई, समर्थकों ने भी घर में घुसकर की मारपीट

गोरखपुर। गोरखपुर में मंगलवार को झारखंडी के टुकड़ा नंबर एक में कुछ लोगों की पार्षद से हाथापाई हो गई। वहीं पार्षद के लोगों ने भी हाथापाई करने वालों को उनके घर में जाकर पीटा। इस घटना के बाद पुलिस ने चार लोगों पर धारा 151 के तहत चालान कर दिया। इस मामले में एक पक्ष का कहना है कि पार्षद पक्ष ने घर में घुसकर मारपीट की।

वहीं दूसरे पक्ष का आरोप है कि हाथापाई में उनके दो लोगों का सिर फट गया है। पार्षद पक्ष के मुताबिक मामला गंभीर होने के बावजूद पुलिस ने केवल धारा 151 के तहत कार्रवाई की है। वही पुलिस ने बताया कि दोनों पक्षों के बीच कहासुनी हुई थी। मारपीट या सिर फटने की सूचना नहीं मिली है। जानकारी के मुताबिक मंगलवार की

सुबह महादेव झारखंडी के टुकड़ा नंबर एक भैरोपुर में नगर निगम के एक अधिकारी काम की समीक्षा करने आए हुए थे। इस दौरान उनके साथ पार्षद लालबहादुर भी मौजूद थे। आरोप है कि इस दौरान विशाल टेंट हाउस के लोग भी आ गए और पार्षद पर लापरवाही का आरोप लगाने लगे। इस बात को लेकर दोनों पक्षों में विवाद शुरू हो गया। देखते ही देखते डायल 112 की पीआरपी के सामने ही विशाल टेंट हाउस के लोगों और पार्षद लालबहादुर से हाथापाई होने लगी। इस घटना के बाद पार्षद के लोनों ने टेंट हाउस के पक्षों के लोगों के घरों पर चढ़कर उनकी जमकर पिटाई कर दी।

4 लोगों पर 151 के तहत चालान

सूचना पर पहुंची इंजीनियरिंग कॉलेज चौकी पुलिस ने दोनों पक्ष को हिरासत में लिया। हालांकि बाद में पुलिस ने दोनों पक्ष से 4 लोगों का 151 में चालान कर दिया। पार्षद पक्ष से उनके बेटे संजय, दूसरे पक्ष से मनोहर, शेषमणि, गुरुचरण का चालान किया गया। जबकि एक पक्ष ने तहरीर दी है कि उसके पक्ष से दो लोगों का सिर फटा है।

मारपीट नहीं मिली है सूचना

पुलिस तहरीर के आधार पर कार्रवाई करने की बजाय यह कह रही है कि कोई बड़ा मामला नहीं था। चौकी के हल्का दरोगा अरुण कुमार ने कहा कि दोनों पक्ष में कहासुनी हुई थी। सिर फटने की जानकारी नहीं है। पार्षद लाल बहादुर का कहना है कि नगर निगम के मुख्य अभियंता के साथ नाले का निरीक्षण करने गया था। वहां बेवजह कुछ लोग मारपीट करने लगे। पुलिस बुलाई गई। मारपीट का आरोप पूरी तरह गलत है। पार्षद होकर भी मैं चुप हूं, दूसरा पक्ष दबंगई कर रहा है।

पीएम किसान सम्मान निधि के लिये 21 लाख किसान अपात्र मिले

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के कृषि मंत्री सूर्यप्रताप शाही ने प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की 12वीं किश्त इस महीने के अंत में जारी होने की बुधवार को जानकारी देते हुए बताया कि इस योजना में शामिल किसानों का सत्यापन कराने पर 21 लाख किसानों को अपात्र पाया गया है।

शाही ने संवाददाता सम्मेलन में बताया कि सरकार के कृषि एवं राजस्व विभाग ने इस योजना में शामिल किसानों के पात्र होने की सत्यापन प्रक्रिया पिछले तीन महीनों से चल रही है। इसमें अब तक 1.65 करोड़ किसानों के भूलेख का सत्यापन कर लिया गया है। इस प्रक्रिया में पात्र किसानों को चिन्हित किया गया। इसमें 21 लाख किसान अपात्र पाये गये हैं। अपात्र पाये गये किसानों को जारी की गयी धनराशि की वसूली की जा रही है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की 12वीं किश्त इस महीने के अंत तक जारी कर दी जायेगी। शाही ने कहा कि उन्हीं किसानों को सम्मान निधि दी जायेगी, जिनके भूलेख सत्यापित हो चुके हैं। इस दिशा में युद्धस्तर पर कार्य जारी है। सत्यापित किये जा चुके किसानों का विवरण 09 सितंबर तक विभाग के पोर्टल पर अपलोड हो जायेग

शार्ट न्यूज

चेक बाउंस मामले में टाटा पावर दिल्ली डिस्ट्रीब्यूशन ग्राहक पर 24,000 रुपये का जुर्माना

नयी दिल्ली। टाटा पावर दिल्ली डिस्ट्रीब्यूशन ने बुधवार को बताया कि तीस हजारी की एक डिजिटल अदालत ने उसके बिजली बिल का भुगतान करने के लिए ज़ारी चेक के बाउंस होने पर ग्राहक के खिलाफ 24,000 रुपये की क्षतिपूर्ति करने का आदेश दिया है। कंपनी की ओर से जारी विज्ञप्ति में कहा गया है कि न्यायाधीश अरुणा नागर की अदालत ने मजनू का टीला के निवासी और टाटा पावर-डीडीएल के उपभोक्ता को क्षतिपूर्ति न करने पर एक माह का कारावास देने की सजा सुनायी है। बयान में कहा गया है कि अदालत ने डिसकॉम द्वारा द नेगोशिएबल इंस्ट्रूमेंट्स (एनआई) एक्ट, 1881 की धारा 138 के तहत दायर मामले में यह आदेश पारित किया है। उपभोक्ता ने अपने बिजली बिल का भुगतान करने के बदले 21,500 रुपये का चेक ज़ारी किया था जो डिसऑनर हो गया जिसकी क्षतिपूर्ति के तौर पर अदालत ने 24,000 रुपये के मुआवजे का आदेश ज़ारी किया है। कंपनी ने कहा है कि यह एक ही महीने में दूसरा अवसर है जबकि किसी उपभोक्ता को चेक बाउंस होने पर सज़ा सुनाई गई है।

सोना 154 और चांदी 652 रुपये चढ़ी

मुंबई। विदेशी बाजारों में लौटी तेजी की बदौलत आज घरेलू सर्राफा बाजार में सोना 154 रुपये प्रति दस ग्राम और चांदी 652 रुपये प्रति किलोग्राम चढ़ गई। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सोना हाजिर 0.05 प्रतिशत की बढ़त लेकर 1701.98 डॉलर प्रति औंस पर पहुंच गई। वहीं, अमेरिका सोना वायदा 0.22 प्रतिशत गिरकर 1696.60 डॉलर प्रति रह गया। इस दौरान चांदी हाजिर 0.65 प्रतिशत की तेजी के साथ 18.17 डॉलर प्रति औंस बोली गई। इस दौरान देश के सबसे बड़े वायदा बाजार एमसीएक्स में सोना 154 रुपये चढ़कर 50435 रुपये प्रति दस ग्राम और सोना मिनी 148 रुपये बढ़कर 50500 रुपये प्रति दस ग्राम पर रही। इसी तरह चांदी 652 रुपये की तेजी लेकर 53786 रुपये प्रति किलोग्राम और चांदी मिनी 565 रुपये महंगी होकर 54371 रुपये प्रति किलोग्राम बोली गई।

रुपया 13 पैसे लुढ़का

मुंबई। अमेरिका में सेवा क्षेत्र के मजबूत आंकड़ों के बाद फेड रिजर्व के ब्याज दरों में बढ़ोतरी की संभावना प्रबल होने से डॉलर के चौबीस वर्ष के उच्चतम स्तर पर पहुंचने के दबाव में आज अंतरबैंकिंग मुद्रा बाजार में रुपया 13 पैसे लुढ़ककर 79.95 रुपये प्रति डॉलर रह गया। पिछले कारोबारी दिवस रुपया चार पैसे फिसलकर 79.82 रुपये प्रति डॉलर पर रहा था। शुरुआती कारोबार में रुपया 11 पैसे की गिरावट लेकर 79.93 रुपये पर खुला और सत्र के दौरान लिवाली होने से यह 79.95 रुपये प्रति डॉलर के निचले स्तर तक लुढ़क गया और इसी स्तर पर बंद भी हुआ। हालांकि बिकवाली से समर्थन पाकर यह 79.84 रुपये प्रति डॉलर के उच्चतम स्तर पर भी रहा। विश्लेषकों के अनुसार, अमेरिका में अगस्त में सेवा क्षेत्र के मजबूत प्रदर्शन से केंद्रीय बैंक फेडरल रिजर्व के इस महीने प्रस्तावित ओपेन मार्केट कमेटी की बैठक में ब्याज दरों में एक बार फिर से 0.75 प्रतिशत की वृद्धि करने की संभावना प्रबल हो गई है। इससे डॉलर 24 साल के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। इसका दबाव दुनिया की अन्य मुद्राओं पर देखा जा रहा है।

जेपी ने पेश किये इलेक्ट्रिक लंच बाक्स

नयी दिल्ली। जेपी ने किचन के लिये इलेक्ट्रिक प्रोडक्ट लॉन्च करते हुए उपभोक्ताओं के सामने इलेक्ट्रिक लंच बॉक्स और चाफिंग डिश के कई विकल्प पेश किये हैं जो भोजन को गर्म और ताजा रखने के लिए डिज़ाइन किए गए हैं। कंपनी ने यहां जारी विज्ञप्ति में कहा कि उन्होंने घरों से बाहर जाने वाले ग्राहकों को ध्यान में रखकर यह नयी इलेक्ट्रिक श्रृंखला पेश की है, जिसकी बदौलत लोग कहीं भी गर्म भोजन खा सकते हैं। कंपनी की कहा कि यह उत्पाद स्टेनलेस स्टील और बीपीए मुक्त प्लास्टिक का उपयोग करके बनाये गये हैं जो इन्हें सुरक्षित, आकर्षक और इलेक्ट्रिक हीटिंग सुविधाओं के लिये उपयुक्त बनाते हैं। जेपी प्लस के निदेशक अनुराग जैन ने कहा,अब जब पूरा देश और दुनिया कोरोनावायरस के बाद दफ्तरों में लौट आई है, हम कुछ ऐसा बनाना चाहते थे जो उन्हें वैसा ही गर्म भोजन दे जैसा वे घर पर खाने के आदी हैं। हमारी इलेक्ट्रिक सीरीज़ को हमारे ग्राहकों को बेहतर अनुभव देने के साथ-साथ आकर्षक बनाए रखने में आसान होने के लिए डिज़ाइन किया गया है। हमें पूरा विश्वास है कि यह रेंज हमारे उपभोक्ताओं के बीच लोकप्रिय होगी। यह हमारी कंपनी की दूरदृष्टि के अनुरूप है और हमारे पेश किए जाने वाले प्रत्येक उत्पाद में व्यापक विचार और ध्यान दिया जाता है।

पेट्रोल-डीजल की कीमतें यथावत

नयी दिल्ली। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर तेल की कीमतों के 100 डॉलर प्रति बैरल से नीचे बने रहने के बावजूद घरेलू स्तर पर पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई कमी नहीं की जा रही है और इसके दाम आज भी स्थिर रहे। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर लंदन ब्रेंट 0.24 प्रतिशत की गिरावट लेकर 92.61 डॉलर प्रति बैरल पर और अमेरिकी क्रूड 0.21 प्रतिशत उतरकर 86.70 डॉलर प्रति बैरल पर रहा। घरेलू स्तर पर तेल विपणन करने वाली कंपनी भारत पेट्रोलियम के अनुसार, घरेलू स्तर पर पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। दिल्ली में पेट्रोल 96.72 रुपये प्रति लीटर और डीजल 89.62 रुपये प्रति लीटर पर यथावत है। पिछले दो महीने से अधिक समय से तेल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। मुंबई में पेट्रोल और डीजल के दाम क्रमश: 106.31 रुपये प्रति लीटर और 94.27 रुपये प्रति लीटर हैं। देश में पेट्रोल और डीजल की कीमतें मूल्य वर्धित कर (वैट) और माल ढुलाई शुल्क के आधार पर सभी राज्यों में अलग-अलग हैं। पेट्रोल-डीजल के मूल्यों की प्रतिदिन समीक्षा की जाती है।

नेक्स्ट-जेन हेक्टर के इंटीरियर डिजाइन कॉन्सेप्ट का अनावरण

गुरूग्राम। एमजी मोटर इंडिया ने जल्दी ही लॉन्च होने जा रही नेक्स्ट-जेन हेक्टर का एक और टीज़र आज लाँच किया जिसमें इस वाहन की परिकल्पना 'सिम्फनी ऑफ लक्ज़री' के तौर पर की गई है। कंपनी ने यहां जारी बयान में कहा कि इसका इंटीरियर सिनेमाई और शानदार अनुभव देने के लिये डिजाइन किया है, जिसे मांग के आधार पर किया जाने वाला हैंडक्राफ्टेड टेक्सचर, कोमल स्पर्श वाली टैक्टाइल और बहुपयोगी परिवेश इसकी खूबसूरती को और बढ़ाते हैं। ब्रश्ड मेटल फिनिश के साथ ड्युअल टोन ओक व्हाइट एण्ड ब्लैक इंटीरियर सुनिश्चित करता है कि नेक्स्ट-जेन हेक्टर का केबिन लक्जरी का एहसास दे और कॉकपिट जैसा कंसोल इस अनुभव को और बेहतर बनाता है। इसके अलावा, लेदर कवरिंग वाला नया इंस्ट्रूमेंट पैनल क्षैतिज रेखाओं के साथ डिजाइन किया गया है और डोर पैनल से निकलकर फ्रंट कैबिन की जगह बनाता है, जिसके इर्द-गिर्द विंग्सपैन है। एसी वेंट्स पर क्रोम ट्रिम नेक्स्ट-जेन हेक्टर में पेश की जाने वाली उत्कृष्ट लग्जरी को और खूबसूरत बनाती है। इसमें 14-इंच का एचडी पोर्ट्रेट इंफोटेनमेंट सिस्टम नेक्स्ट-जेन आई-स्मार्ट टेक्नोलॉजी से समर्थित है।

वार्डविज़र्ड के ईलेक्ट्रिक दोपहिया वाहन ईवी इंडिया में प्रदर्शित

ग्रेटर नोएडा। ईलेक्ट्रिक वाहन और उसके लिए आवश्यक कलपुर्जे बनाने वालों को एक मंच पर लाने के उद्देश्य से आज से शुरू हुये तीन दिवसीय ईवी इंडिया 2022 में ई दोपहिया वाहनों के ब्राण्ड 'जॉय ई-बाईक'के निर्माता वार्डविज़र्ड इनोवेशन्स एण्ड मोबिलिटी लिमिटेड ने अपने मार्की इलेक्ट्रिक दोपहिया वाहनों की सम्पूर्ण रेंज को प्रदर्शित किया है। कंपनी के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक यतिन गुप्ते ने यहां कहा कि जॉय ई-बाईक ईवी इंडिया 2022 का टाइटल स्पॉन्सर है, जो सामाजिक जागरुकता गतिविधियों के माध्यम से हरित परिवहन के बारे में जागरुकता बढ़ाने के लिए प्रयासरत है। देश में ईवी क्रान्ति में अग्रणी होने के नाते कंपनी ने अपने तिपहिया वाहन का भी प्रदर्शन किया, जिसका लॉन्च चालू वित्तीय वर्ष की दूसरी तिमाही में किया जाना है।

बधिर आईसीसी टी20 चैंपियनशिप के लिए विस्तारा और इंडिगो आईडीसीए के साथ जुड़े

नयी दिल्ली। विमानन कंपनियां विस्तारा और इंडिगो भारतीय बधिर क्रिकेट संघ (आईडीसीए) के साथ शारजाह में 1 से 9 अक्टूबर तक होने वाली डीआईसीसी टी 20 चैंपियंस ट्रॉफी के लिए आधिकारिक यात्रा भागीदार के रूप में शामिल हुई हैं।

आधिकारिक यात्रा भागीदारों के रूप में, विस्तारा और इंडिगो आईडीसीए के खिलाड़ियों, कोचों और सहयोगी टीमों को दुबई के लिए रवाना करेंगे। दोनों एयरलाइंस टीम को अपना सर्वश्रेष्ठ देने के लिए प्रोत्साहित करने और प्रेरित करने के लिए एक साथ आई हैं। इंडियन डेफ क्रिकेट एसोसियेशन के सीईओ रोमा बलवानी ने कहा क्रिकेट भारत में सबसे अधिक पसंद किया जाने वाला खेल है और इसे देश भर से समर्थन प्राप्त है। हम कामना करते हैं कि आने वाले समय में भारतीय दिव्यांग क्रिकेट टीम को भी लोगों का ऐसा ही समर्थन और प्यार मिले। विस्तारा और इंडिगो, दोनों प्रतिष्ठित निजी एयरलाइंस आईडीसीए को अपना समर्थन दे रही हैं, यह इस बात का प्रमाण है कि भारतीय बधिर क्रिकेट टीम भारत में मान्यता प्राप्त कर रही है। हम विस्तारा और इंडिगो के लिए रोमांचित और आभारी हैं जो आगामी डेफ-आईसीसी टी20 चैंपियंस ट्रॉफी में भारतीय दल के समर्थन में एक साथ आए हैं। एक नेक

काम के लिए यह उदार इशारा टीम को प्रेरित करने और चैंपियनशिप में अपना सर्वश्रेष्ठ देने में मदद करेगा।

आईडीसीए के अध्यक्ष सुमित जैन ने कहा, हम भारतीय बधिर क्रिकेट संघ में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बधिर क्रिकेट को बढ़ावा देने के लिए नई साझेदारी बनाने के लिए बेहद खुश हैं। हमें उम्मीद है कि इस तरह के सहयोग और साझेदारी से विकलांग लोगों के बीच क्रिकेट को बढ़ावा देने और भारतीय प्रतिभा का पोषण करने में मदद मिलेगी। हम आगामी टूर्नामेंट के लिए पूरी तरह तैयार हैं और ट्रॉफी को भारत लाने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

विस्तारा के मुख्य वाणिज्यिक अधिकारी दीपक राजावत ने कहा, हमें आगामी डेफ आईसीसी टी 20 चैंपियंस ट्रॉफी 2022 के लिए भारतीय बधिर क्रिकेट संघ के आधिकारिक ट्रैवल पार्टनर के रूप में सहयोग करने की खुशी है। टीम दृढ़ संकल्प और धैर्य का एक अच्छा उदाहरण है, जो कि वास्तव में देश में विशेष रूप से सक्षम युवाओं के लिए प्रेरणा का एक बड़ा स्रोत हो सकता है जो वे सपने देखते हैं और अधिक। हम उनके चैंपियनशिप के विजयी सफर की कामना करते हैं। इंडिगो के मुख्य रणनीति और राजस्व अधिकारी संजय कुमार ने कहा, शारजाह में आगामी आईसीसी टी 20 चैंपियंस ट्रॉफी 2022 के दौरान आईडीसीए के लिए आधिकारिक यात्रा भागीदार होने का यह अवसर पाकर हम सम्मानित महसूस कर रहे हैं। हमें विश्वास है कि यह टूर्नामेंट नई संभावनाएं खोलेगा। और विशेष रूप से विकलांग खिलाड़ियों के लिए अवसर क्योंकि हमारी टीम वैश्विक मानक स्थापित करती है। हम इस टूर्नामेंट के लिए अपनी शुभकामनाएं दे रहे हैं।

हरित ऊर्जा वैल्यू चेन पर अदाणी समूह करेगा 70 अरब डॉलर का निवेश : गौतम अदाणी

एजेंसी

नयी दिल्ली। विभिन्न क्षेत्रों में काम करने वाले अदाणी समूह जलवायु परिवर्तन से हो रहे नुकसान को कम करने की दिशा में तेजी से काम कर रहा है और दुनिया के सबसे बड़े एकीकृत हरित ऊर्जा वैल्यू चेन के निर्माण परप 70 अरब डॉलर का निवेश करने की तैयारी कर रहा है।

अदाणी एंटरप्राइजेज के अध्यक्ष गौतम अदाणी ने आज यहां यूएस चैंबर ऑफ कॉमर्स के यूएस इंडिया बिजनेस काउंसिल द्वारा आयोजित इंडिया आइडियाज शिखर सम्मेलन में यूएसआईबीसी ग्लोबल लीडरशिप पुरस्कार से सम्मानित किये जाने के मौके पर यह बात कही। उन्होंने कहा कि इसमें कोई आश्चर्य की बात नहीं कि पहला और सबसे महत्वपूर्ण, जलवायु परिवर्तन है। विकसित राष्ट्रों द्वारा विकासशील देशों का समर्थन करने के बारे में बहुत सारी बातें हुई हैं, लेकिन इस क्षेत्र में तत्काल भागीदारी के संदर्भ में और भी बहुत कुछ करने की आवश्यकता है। हमारे ग्रह को ठंडा करना, समान रूप से आवश्यक है और यह अगले कई दशकों में सबसे अधिक लाभदायक व्यवसायों में से एक हो सकता है। यूएस क्लाइमेट बिल को कानून में हस्ताक्षर करने के साथ, हमारे दोनों देशों को इस बड़े पैमाने पर प्रोत्साहन से लाभान्वित होने के लिए, एक तंत्र खोजना होगा। सरकारों ने

अपने हिस्से का काम किया है, अब व्यवसायों का काम सहयोग करने का तरीका खोजना है।

उन्होंने कहा इस प्रयास के लिए उनका समूह पहले ही 70 अरब डॉलर की प्रतिबद्धता जता चुका है। यह हमें भारत में तीन गीगा फैक्ट्रियों का निर्माण करने में मदद करेगा, जो दुनिया की सबसे इंटीग्रेटेड ग्रीन-एनर्जी वैल्यू चेन्स में से एक है। यह पॉलीसिलिकॉन से सौर मॉड्यूल तक, विंड टर्बाइन के पूर्ण निर्माण और हाइड्रोजन इलेक्ट्रोलाइज़र के निर्माण तक फैला होगा। परिणामस्वरूप, हम अपनी मौजूदा 20 जीडब्ल्यू क्षमता के साथ-साथ 3 मिलियन टन हाइड्रोजन जोड़ने के लिए अतिरिक्त 45 जीडब्ल्यू रिन्यूएबल एनर्जी उत्पन्न करेंगे, जो सभी 2030 से पहले पूरे हो जाएंगे। यह वैल्यू चैन, हमारे देश की जिओपॉलिटिकल जरूरतों के साथ, पूरी तरह से स्वदेशी और पंक्तिबद्ध होगी। हालांकि, मेरा मानना है कि हम अमेरिका में उन कंपनियों के समर्थन से अपने लक्ष्यों को और तेज कर सकते हैं जो हमारे साथ काम करने को तैयार हैं। हम दोनों लाभ के लिए खड़े हैं।

उन्होंने कहा कि इसके बाद सेमीकंडक्टर क्षेत्र है। हम ऐसी दुनिया में रहते हैं जहां अर्थव्यवस्था के लगभग सभी क्षेत्रों के लिए सेमीकंडक्टर आवश्यक हैं। रुस यूक्रेन के बीज जारी युद्ध ने ही इस मान्यता को गति दी है। पूंजीवाद का विरोधाभास यह है कि भारत लाखों इंजीनियरों के लिए सबसे अच्छा वैश्विक पूल बना हुआ है, विशेष रूप से अमेरिकी कंपनियों के लिए, लेकिन व्यवसायों के लिए प्राथमिक मूल्यवर्द्धि, भारत के बाहर होती है। सेमीकंडक्टर उद्योग दुनिया में कहीं और की तुलना में भारत में अधिक इंजीनियरों के साथ एक उत्कृष्ट उदाहरण है, लेकिन बावजूद इसके, भारत में कोई सेमीकंडक्टर प्लांट नहीं है। भारत ग्लोबल सप्लाई चैन पर निर्भर नहीं रह सकता है जो सेमीकंडक्टर राष्ट्रवाद पर आधारित हैं और उन्हें टेक्नोलॉजी ट्रांसफर के साथ अमेरिकी समर्थन की आवश्यकता होगी।

श्री अदाणी ने स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र का उल्लेख करते हुये कहा हमने देखा कि जिस तरह से कोविड-19 महामारी के दौरान राष्ट्रीय प्राथमिकताओं ने अपनी जगह बनाई और टीकों की उपलब्धता वोटों और पूंजीवाद का खेल बन गई। डिग्लोबलाइजेशन शब्द को महामारी के परिणामस्वरूप हुए विभाजनों के कारण प्रमुखता मिली है। यह देखते हुए कि यह अविश्वास पैदा करता है, हमें इसे फिर कभी नहीं होने देना है। हमारे देशों के बीच वैक्सीन सहयोग हमारी प्राथमिकता सूची में उच्च होना चाहिए और इसे पारस्परिक ढंग से लाभकारी तरीके से औपचारिक रूप देने की आवश्यकता है। इसी तरह, रक्षा और साइबर दो महत्वपूर्ण क्षेत्र हैं जिन पर अमेरिका और भारत को काम करना चाहिए। इन क्षेत्रों में सहयोग,विश्वास से आता है। भारत को इन दोनों क्षेत्रों में समर्थन की जरूरत है और इस समय, हम केवल सतह को छूने का काम कर रहे हैं। ये दो आवश्यक क्षेत्र हैं जहां हमारी भागीदारी को पारस्परिक विश्वास का निर्माण करने में सक्षम होने के लिए टेक्नोलॉजी ट्रांसफर का विस्तार करना चाहिए।

उन्होंने कहा अगर हम 2050 तक तेजी से आगे बढ़ते हैं, तो अमेरिका और भारतीय जीडीपी का संयुक्त मूल्य 70 ट्रिलियन डॉलर होने की उम्मीद है। यह वैश्विक अर्थव्यवस्था का 35-40 प्रतिशत हिस्सा बनाएगा। 2050 तक, दोनों देशों की संयुक्त जनसंख्या 2 अरब से अधिक हो जाएगी और वैश्विक जनसंख्या का लगभग 20 प्रतिशत होगी। इससे भी महत्वपूर्ण बात यह है कि हमारे दोनों देशों की संयुक्त औसत आयु अभी की तरह 2050 में भी 40 वर्ष से कम होगी। यूरोप और चीन के साथ इसकी तुलना करें तो यूरोप में औसत आयु पहले से ही 44 है और चीन में यह 40 वर्ष है।

ई-फिल ईलेक्ट्रिक ने लांच किया ई-ऑटो, डुअल डी.सी. ईवी चार्जर

एजेंसी

ग्रेटर नोएडा। ईलेक्ट्रिक वाहन और चार्जर बनाने वाली कंपनी ई-फिल ईलेक्ट्रिक, ई.एफ.ई.वी. चार्जिंग सॉल्यूशन्स प्राइवेट लिमिटेड ने आज यहां शुरू हुये ईलेक्ट्रिक व्हीकल इंडिया एक्सपो में ई ऑटो लोडर और एक्स 4 सीरीज के नये चार्जर लाँच करने की घोषणा की।

ई-फिल ईलेक्ट्रिक चार्जिंग सॉल्यूशन्स के संस्थापक तथा सीईओ मयंक जैन ने इस मौके पर कहा कि कंपनी ने अपनी बहुप्रतीक्षित एल5 केटेगरी ई-ऑटो(लोडर) तथा एक्स4 सीरीज-60किलोवाट सी.सी.एस.2 डुअल डी.सी. ईलेक्ट्रिक व्हीकल चार्जर को लॉन्च किया है।

भारत में संपूर्ण ईलेक्ट्रिक व्हीकल ईको सिस्टम के लिए कार्य करते हुए कंपनी ने अपने इन ईलेक्ट्रिफायड उत्पादों को लॉन्च किया है, जिन्हें अपनी डिजाइन तथा तकनीकी पहलुओं के कारण ईलेक्ट्रिक वाहनों के बाजार में पहले से ही प्रशंसा मिल रही है।

कंपनी एल5 केटेगरी ई-ऑटो(लोडर), को जनवरी 2023 से बिक्री के लिए उपलब्ध कराएगी। ईलेक्ट्रिक चार्जर भी जल्द ही बिक्री के लिए उपलब्ध हो जाएगा।

उन्होंने कहा, तकनीक आधारित ये दो उत्पाद, बाजार में अच्छा प्रदर्शन करेंगे। हमारी टीम ने इसकी विश्वसनीयता बनाए रखने तथा इसमे सर्वश्रेष्ठ तकनीक तथा डिजाइन को अपनाने पर विशेष ध्यान दिया है। केवल हम ही वो स्टार्ट-अप हैं, जो संपूर्ण ईलेक्ट्रिक व्हीकल ईको सिस्टम पर कार्य कर रहे हैं। ई-फिल ईलेक्ट्रिक व्हीकल उपलब्ध कराता है और यह भारत में ईलेक्ट्रिक कार चार्जिंग स्टेशन का एक उत्पादक भी है। ई-फिल ईलेक्ट्रिक का मुख्य फोकस नवीतम उत्पादों तथा ग्राहक की संतुष्टि पर है। ई-फिल का लक्ष्य है, देश में ईलेक्ट्रिक आवागमन के साधनों में तकनीक आधारित बदलाव लाने में स्वयं को सक्षम बनाना।

ई-फिल ईलेक्ट्रिक भारत में ईलेक्ट्रिक कार चार्जिंग स्टेशन का एक उत्पादक है। इस कंपनी के विशेषज्ञों की टीम को बड़े ऑरिजिनल इक्विपमेंट मेन्युफैक्चरर्स(ओ.ई.एम.) जैसे कि महिन्द्रा ईलेक्ट्रिक, यामाहा, टाटा मोटर्स इत्यादि से 10 वर्षों से अधिक का अनुभव प्राप्त है। कंपनी के उत्पादों की सूची में, ईलेक्ट्रिक व्हीकल चार्जर(स्लो/मॉडरेट/फास्ट), क्लाउड बेस्ड सी.एम.एस., ई-फिल मोबाइल अप्लीकेशन तथा ईलेक्ट्रिक थ्री व्हीलर्स (ई-रिक्शा - पैंसेंजर/लोडर तथा एल5 ऑटो) शामिल हैं।

उन्होंने कहा कि कंपनी का मुख्य उद्देश्य 2025 तक एक ईलेक्ट्रिक व्हीकल ईको सिस्टम विकसित करना और सर्वश्रेष्ठ सॉल्यूशन प्रोवाइडर बनना। ई-फिल का उद्देश्य है, साफ-सुथरे भविष्य की ओर हमारी गति को तेज करना।

फर्जी राजनीतिक चंदे की जांच को लेकर आयकर विभाग की देशव्यापी छापेमारी

नयी दिल्ली। आयकर विभाग ने पंजीकृत गैर मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों को चंदा देने में फजीवाड़े की जांच के सिलसिले में कई जगहों पर छापे मारे हैं। विभाग के अधिकारियों ने स्कूली बच्चों के लिए चलायी जा रही मध्याह्न भोजन योजना में घोटाले को लेकर भी बुधवार को देशभर में तलाशी अभियान शुरू किया है। आयकर विभाग के एक वरिष्ठ अधिकारी ने आज यहां यह जानकारी दी। अधिकारी ने कहा कि राजस्थान, कर्नाटक, महाराष्ट्र, दिल्ली, मध्य प्रदेश, गुजरात और उत्तर प्रदेश में छापे मारे गए हैं। इस बीच लखनऊ में सूत्रों ने कहा कि आयकर की टीमों ने उत्तर प्रदेश की राजधानी और औद्योगिक शहर कानपुर में भी कुछ जगहों पर तलाशी की कार्रवाई की है। नई दिल्ली में एक अधिकारी ने यूनीवार्ता को बताया, यह विभाग द्वारा समन्वित कार्रवाई का हिस्सा है।'' अधिकारी ने कहा कि कर चोरी के बारे में विश्वसनीय जानकारी के बाद, विभाग ने लोगों और संस्थाओं पर एक समन्वित कार्रवाई की है। अधिकारी ने कहा, इसमें कई संस्थाएं, व्यक्ति और फर्म शामिल हैं। जब्त किए गए दस्तावेजों की समीक्षा के बाद ही हमें घोटाले या कालेधन के आकार का पता लगेगा।

होंडा ने पांच लाख अमेज बेचने की उपलब्धि की हासिल

नयी दिल्ली। प्रीमियम कार बनाने वाली कंपनी होंडा कार्स इंडिया लिमिटेड (एचसीआईएल) ने लाँच से लेकर अब तक पांच लाख होंडा अमेज बेचने की उपलब्धि हासिल की है।

कंपनी ने आज यहां जारी बयान में कहा कि उसकी लोकप्रिय फैमिली सेडान होंडा अमेज़ की 2013 में पेशकश के बाद से अब तक 5 लाख बिक्री हो चुकी है। यह कार अभी अपनी दूसरी पीढ़ी में है और इसने भारत के एंट्री सेडान सेगमेंट में मजबूत स्थिति बनाई है। निजी खरीदारों के बीच इसका ब्राण्ड स्टेटस पसंदीदा है। अमेज़ अभी एचसीआईएल का सबसे ज्यादा बिकने वाला मॉडल है, जिसकी

कंपनी की बिक्री में 40 प्रतिशत से ज्यादा हिस्सेदारी है।

भारत केंद्रित कार होने के नाते, मेड इन इंडिया अमेज़ राजस्थान स्थित होंडा के तापुकारा प्लांट में बनती है और घरेलू और विभिन्न देशों के निर्यात बाजारों में भी इसकी बिक्री की जाती है।

कंपनी के अध्यक्ष एवं सीईओ ताकुया सुमुरा ने कहा, होंडा अमेज़ की 5 लाख कारें बेचने की उपलब्धि हासिल करना हमारे लिये गर्व का क्षण है। इस ब्राण्ड के लिये हमारे ग्राहकों ने जो प्यार और अपनापन दिखाया है, उसके लिये हम उनका धन्यवाद करते हैं और लगातार सहयोग के लिये अपने पार्टनर्स को भी धन्यवाद देते हैं। होंडा अमेज़ भारत में हमारा रणनीतिक एंट्री मॉडल और हमारे व्यवसाय का मुख्य स्तंभ है।

बड़े और छोटे, दोनों शहरों में इसकी लोकप्रियता और स्वीकार्यता साबित करती है कि यह प्रीमियम सेडान न केवल ग्राहकों की जरूरतों के मुताबिक है, बल्कि उनकी अपेक्षाओं से बढ़कर है।

एक्सिस बैंक और पेनियरबाय के बीच साझेदारी

एजेंसी

नयी दिल्ली। निजी क्षेत्र के तीसरे बड़े बैंक एक्सिस बैंक ने समस्त रिटेल विक्रेताओं और ग्राहकों दोनों के लिए बचत और चालू बैंक खातों को खोलने की सुविधा उपलब्ध कराने के लिए ब्रान्चलेस बैंकिंग और डिजिटल सेवा नेटवर्क पेनियरबाय के साथ भागीदारी की है।

आधार के जरिये ऑथेंटिकेट (ई-केवाईसी) होने वाले इन बैंक खातों को नजदीकी स्थानीय स्टोर में खोलने से ग्राहकों के लिए आसान पहुंच, अधिक सुविधा और परेशानी मुक्त प्रक्रिया सुनिश्चित होगी। इस साझेदारी के जरिये एक्सिस बैंक और पेनियरबाय को देश के दूरदराज के क्षेत्रों में संभावित ग्राहकों तक पहुंचने में आसानी होगी, और उनके सामने आने वाली सामान्य समस्याओं को दूर करेगी, जैसे दस्तावेज़ीकरण की परेशानी, लंबी प्रक्रिया से गुजरना, टैक्नोलॉजी का इस्तेमाल, बैंक का नजदीक में नहीं होना या औपचारिक माहौल के कारण होने वाली असुविधा।

इसके माध्यम से एक्सिस बैंक 20,000 से अधिक पिन कोड में पेनियरबाय के 50 लाख से ज्यादा सूक्ष्म उद्यमियों के तकनीक-समर्थित डिस्ट्रीब्यूशन-एज़-ए-सर्विस (डीएएएस) नेटवर्क का लाभ उठा सकेगा, जिससे यह सुनिश्चित होगा कि विश्वसनीय और आसानी से उपलब्ध वित्तीय समाधान पूरे देश में हासिल हो सकें। एक्सिस बैंक के इनोवेटिव प्रोडक्ट्स, परिचालन संबंधी बेहतर प्रक्रियाएं और ब्रांड विश्वसनीयता के सहारे इस साझेदारी का उद्देश्य देश में बैंकिंग को नए सिरे से परिभाषित करना और भारत में हर छोटे व्यवसाय और घर के लिए एक सक्रिय बैंक खाता प्रदान करने के प्रयासों में तेजी लाना है। यह साझेदारी खुदरा दुकान मालिकों और व्यक्तिगत ग्राहकों के लिए बैंकिंग को आसान बनाएगी, और उन्हें अपने बैंक खातों को संचालित करने के लिए लंबी दूरी की यात्रा करने की आवश्यकता भी नहीं होगी।

एक्सिस बैंक के भारत बैंकिंग के ग्रुप कार्यकारी एवं प्रमुख मुनीश शारदा ने कहा,हम अपने ग्राहकों को विशेष रूप से उनकी आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए डिज़ाइन किए गए मूल्य प्रस्ताव की पेशकश करने के लिए इनोवेशन आधारित साझेदारी मॉडल पर लगातार काम कर रहे हैं। पेनियरबाय के साथ हमारी साझेदारी हमें अर्ध-ग्रामीण और ग्रामीण क्षेत्रों में एक विशाल ग्राहक आधार तक अपनी बैंकिंग सेवाओं का विस्तार करने और बैंक खाता खोलने के साथ-साथ उन्हें कई प्रकार की सुविधाएं प्रदान करने में सक्षम बनाएगी। हमारा मानना है कि देश में सार्थक विकास वित्तीय समावेशन के माध्यम से संचालित होगा और यह साझेदारी भारत बैंकिंग की दिशा में हमारे मिशन को मजबूत करने में एक और कदम है।

पेनियरबाय के संस्थापक एवं सीईओ आनंद कुमार बजाज ने कहा, देशभर में समस्त स्थानों पर लोगों को वित्तीय और डिजिटल रूप से सशक्त बनाने के लिए, यह महत्वपूर्ण है कि स्थानीय खुदरा विक्रेताओं को उनके विकास के लिए आवश्यक साधन उपलब्ध कराए जाएं। पेनियरबाय अपने खुदरा भागीदारों के पेशेवर और व्यक्तिगत जीवन को बेहतर बनाने और उन्हें समृद्ध करने के लिए उत्सुक है। एक्सिस बैंक के साथ इस सरलीकृत चालू खाता विकल्प के साथ, हम अपने भागीदारों को उनके पैसे पर बेहतर नियंत्रण दे रहे हैं। हम इस प्रक्रिया को इतना आसान और परेशानी मुक्त बनाने के लिए और हमारे नेटवर्क में बायोमेट्रिक आधारित ई-केवाईसी खाता खोलने की सुविधा प्रदान करने के लिए एक्सिस बैंक को धन्यवाद देते हैं। इस तरह हमारे खुदरा विक्रेताओं को बेहतर वित्तीय प्रथाओं को बनाए रखने और आगे बढ़ने में आसानी होगी।

तीन दिवसीय दूसरा ईवी इंडिया ग्रेटर नोएडा में शुरू

एजेंसी

ग्रेटर नोएडा। देश में ईलेक्ट्रिक वाहनों के उपयोग को बढ़ावा दिये जाने के साथ ही मेक इन इंडिया आधारित ई वाहनों के विनिर्माण को गति देने के सरकार के प्रयासों के साथ इन वाहनों के लिए कलपुर्जे और अन्य उत्पाद बनाने वालों तथा वाहन निर्माताओं को एक मंच प्रदान करने वाला तीन दिवसीय दूसरा ईवी इंडिया आज यहां एक्सो मार्ट में आज से शुरू हो गया।

इस एक्सपो ने कंपनियों को अपने नवीनतम उत्पादों, प्रौद्योगिकी और उपकरणों, स्मार्ट और नेक्स्टजेन ट्रांसपोर्ट, स्कूटर, मोटर-साइकिल, साइकिल बस आदि को प्रदर्शित करने का अवसर और मंच प्रदान किया है। इन नए व्यवसायों और पर्यावरण की सुरक्षा का पता लगाने का मुख्य उद्देश्य व्यापार उद्योग के साथ अंतिम उपयोगकर्ताओं से मिलने और नेटवर्क करना था। ईवी इंडिया एक्सपो लोगों और उद्योग के लिए संसाधनों को साझा करने, उत्पाद खरीदने और ब्रांड प्रदर्शन के का मंच है। आयोजन का मुख्य उद्देश्य इलेक्ट्रिक वाहन उद्योग में भारत को महत्वपूर्ण योगदान करने वाला बनाना है। केन्द्रीय सड़क परिवहन एवं राजर्मा राज्य मंत्री सेवानिवृत्त जनरल डॉ वी के सिंह ने इसका शुभारंभ किया तथा इस मौके पर जेवर के विधायक धीरेंद्र सिंह भी उपस्थित थे। इस प्रदर्शनी का आयोजन इंडियन एग्जीबिशन सर्विसेज और ग्रीन सोसाइटी ऑफ इंडिया ने किया है।

यह सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय तथा नीति आयोग द्वारा समर्थित है। इस आयोजन में दुनिया भर के 250 प्रदर्शक और प्रति दिन 5,000 से अधिक लोगों के आने की उम्मीद है। दुनिया भर के मशहूर ब्रांड जैसे महिंद्रा, ओडेसे इलेक्ट्रिक, जॉय ई बाइक, मैक्सिम ई बाइ

शार्ट न्यूज

सर्विसेज ने तेलंगाना को दी मात,यूपी भी जीता

लखनऊ। पिछली बार की चैंपियन सर्विसेज ने 51वीं राष्ट्रीय सीनियर पुरुष हैंडबॉल चैंपियनशिप के पहले दिन बुधवार को तेलंगाना के खिलाफ रोमांचक जीत के साथ अपना अभियान शुरू किया वहीं मेजबान उत्तर प्रदेश ने तमिलनाडु को 22-19 गोल से हराया। केडी सिंह बाबू स्टेडियम में लीग कम नॉकआउट आधार पर खेली जा रही इस चैंपियनशिप में पहले दिन कुल 12 मैच खेले गए जिनमें रेलवे, पश्चिम बंगाल, कर्नाटक, दिल्ली और पंजाब ने जीत दर्ज की। दूसरी ओर अरुणाचल प्रदेश और लद्दाख ने आज दो मैच खेले और दोनों में ही उसे हार मिली। मेजबान यूपी ने पूल जी में तमिलनाडु को 22-19 गोल से हराया। मध्यांतर तक उत्तर प्रदेश के लड़के 15-9 गोल से आगे थे। मध्यांतर के बाद तमिलनाडु के खिलाड़ियों ने उम्दा रक्षात्मक रणनीति का प्रदर्शन किया। यूपी से गुरप्रीत ने प्रतिद्वंद्वी के खेमें में लगातार अटैक के सहारे सर्वाधिक आठ गोल किए। संचित ने सात एवं अमन चौधरी व मनीष ने दो- दो गोल दागे। पूल ए में शाम के सत्र में सर्विसेज ने तेलंगाना को 29- 26 गोल से हराया। इस मैच में सर्विसेज को प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ अंक जुटाने में खासी मशक्कत करनी पड़ी और टीम को मध्यांतर तक 15-13 की बढ़त मिली थी। सर्विसेज से दीपक अहलावत ने सर्वाधिक नौ गोल दागे। चिराग ने सात, सुजाउर ने 6, अर्जुन ने चार और मिंटू सरदार ने 3 गोल करने में सफलता हासिल की। तेलंगाना से नसीस ने 6 गोल किए जबकि देवेंद्र सिंह, अमित, राहुल ने 5-5 गोल दागे।

अच्छा लगता है जब हमारी मेहनत को पहचाना जाए : हरमनप्रीत सिंह

लुसाने। भारतीय पुरुष हॉकी टीम के शीर्ष ड्रैग फ्लिकर हरमनप्रीत सिंह ने एफआईएच हॉकी स्टार्स अवार्ड्स 2021-22' में साल के सर्वश्रेष्ठ पुरूष खिलाड़ी पुरस्कार के लिये नामांकित होने के बाद बुधवार को कहा कि एफआईएच पुरस्कारों के जरिये उनकी मेहनत को पहचान मिलना एक अच्छा एहसास है। हरमनप्रीत ने 2020-21 में भी साल के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का पुरस्कार जीता था। इस साल उनके साथ पीआर श्रीजेश (साल के सर्वश्रेष्ठ पुरुष गोलकीपर), सविता (साल की सर्वश्रेष्ठ महिला गोलकीपर), मुमताज़ खान (साल का उभरता हुआ सितारा, महिला), ग्राहम रीड (साल के सर्वश्रेष्ठ पुरुष टीम कोच) और जैनेक शॉपमैन (साल की सर्वश्रेष्ठ महिला टीम कोच) को भी एफआईएच हॉकी स्टार पुरस्कार के लिये नामांकित किया गया है। हरमनप्रीत ने इस प्रतिष्ठित पुरस्कार के लिये नामांकित होने पर कहा, साल के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी पुरस्कार के लिये एक बार फिर नामांकित होना मेरे लिये सम्मान का विषय है। मैंने हमेशा अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने और टीम की सफलता में योगदान देने का प्रयास किया है। अच्छा लगता है जब आपकी मेहनत को एफआईएच स्टार पुरस्कार के जरिये पहचाना जाता है। मैं भारतीय पुरुष और महिला हॉकी टीम के अन्य नामित खिलाड़ियों को भी शुभकामनाएं देना चाहता हूं। भारतीय डिफेंडर ने कहा कि एफआईएच स्टार पुरस्कार नामांकन दिखाते हैं कि भारतीय टीमें तेज रफ्तार के साथ आगे बढ़ रही हैं।

वाटिका और दिल्ली एफसी खिताबी दौड़ में आगे

नयी दिल्ली। वाटिका एफसी ने नाइजीरियाई के फ्रांसिस ओकेचुकू के दो दर्शनीय गोलों की मदद से गढ़वाल फुटबाल क्लब को 2-0 से परास्त कर प्रीमियर लीग में बुधवार को एक और जीत दर्ज की। विजेता क्लब ने अपना अंक खाता 15 मैचों में 29 अंक तक पहुंचा दिया है जबकि गढ़वाल ने 13 मैचों में 23 अंक जुटाए हैं। दिल्ली एफसी और फ्रेंड्स यूनाइटेड के बीच खेले गए दिन के दूसरे मैच को यदि लीग का श्रेष्ठतम आंका जाए तो गलत नहीं होगा। दूसरा हाफ विशेषकर अभूतपूर्व रहा, जिसमें छह शानदार गोल देखने को मिले। विजेता के लिए मैन ऑफ द मैच डेसमोस आर्थर ने दो गोल जमाए। दिल्ली एफसी ने 4-2 की जीत के साथ अंक तालिका में पहला स्थान हासिल कर लिया है।दिल्ली एफसी और फ्रेंड्स यूनाइटेड के मध्य पहला हाफ उतार चढ़ाव वाला रहा। इस बीच उल्लेखनीय यह रहा कि 27वें मिनट में दिल्ली एफसी के जोएल बेकाम साइमन और फ्रेंड्स यूनाइटेड के पवन प्रताप सिंह को रेफरी उमेश बोरा के हाथों लाल कार्ड देख कर मैदान छोड़ना पड़ा, लेकिन दूसरे हाफ में चैंपियन क्लब के तेवर बदले हुए थे। नौवें मिनट में फ्री किक पर स्टार स्ट्राइकर डेसमोस आर्थर कोसी ने शानदार हेडर से अपनी टीम का खाता खोल दिया। दस मिनट बाद फहाद तैमूरी ने स्कोर 2-0 किया लेकिन दो आसान मौके गंवाने वाले अजय ने स्कोर 1-2 कर दिखाया।

वियतनाम में लगी आग में 32 लोगों की मौत

हनोई। वियतनाम के दक्षिणी प्रांत बिन्ह डुओंग में आग लगने से 32 लोगों की मौत हो गई है। वियतनाम न्यूज एजेंसी ने बुधवार को यह जानकारी दी। रिपोर्ट के अनुसार आग मंगलवार रात एक स्थानीय तीन मंजिला कराओके बार की दूसरी और तीसरी मंजिल में लगी तथा तेजी से फैल गई, जिससे कर्मचारी एवं ग्राहक अंदर फंस गए। समाचार एजेंसी ने प्रांतीय पीपुल्स कमेटी ऑफ बिन्ह डुओंग का हवाले से कहा कि स्थानीय समयानुसार बुधवार रात 8:00 बजे तक 16 पुरुषों और 16 महिलाओं की मौत के साथ दुर्घटना में मरने वालों की संख्या बढ़कर 32 हो गई थी। आग बिजली के शॉर्ट सर्किट के कारण लगी थी और ध्वनिरोधी फोम के गद्दे तथा लकड़ी के इंटीरियर को पकड़ते ही तेजी से फैल गई। मौके पर दमकल की 13 गाड़ियां और 66 दमकलकर्मी तैनात किए गए थे और एक घंटे में आग पर काबू पा लिया गया। समाचार एजेंसी ने कहा कि अधिकारी इस घटना की जांच कर रहे हैं। समाचार एजेंसी के अनुसार वियतनामी राष्ट्रपति गुयेन जुआन फुक ने बुधवार को आग के पीड़ितों के परिवारों के प्रति अपनी गहरी संवेदना व्यक्त की और राज्य एवं स्थानीय दोनों स्तरों के अधिकारियों से परिवारों का समर्थन करने के लिए कहा। देश के सामान्य सांख्यिकी कार्यालय के अनुसार इस साल जनवरी से अगस्त तक वियतनाम में कुल आग और विस्फोट की 1,147 की घटनायें घटित हुयी हैं, जिसमें 65 लोग मारे गए और 65 लोग जख्मी हुए हैं।

रोड सेफ्टी वर्ल्ड सीरीज में भाग लेने सचिन पहुंचे कानपुर

कानपुर। उत्तर प्रदेश की औद्योगिक नगरी कानपुर में 10 सितंबर से शुरू होने वाली रोड सेफ्टी वर्ल्ड सीरीज में इंडियन लीजेंड्स के कप्तान मास्टर ब्लास्टर सचिन तेंदुलकर ने बुधवार को ग्रीनपार्क मैदान में जमकर पसीना बहाया। लोगों को सड़क सुरक्षा के नियमों के प्रति जागरूक करने के मकसद से आयोजित 20-20 ओवरों की इस शृखंला में दुनिया के पूर्व दिग्गज खिलाड़ियों से सजी सात देशों की टीमें हिस्सा लेंगी। कानपुर के ग्रीनपार्क में 10 से 15 सितंबर के बीच दूधिया रोशनी में कुल सात मैच खेले जायेंगे। शृखंला के शेष मैच 17 सितंबर से इंदौर, देहरादून और रायपुर में खेले जायेंगे। सेमीफाइनल मुकाबले 28 और 29 सितंबर को और फाइनल एक अक्टूबर को रायपुर के शहीद वीर नारायण स्टेडियम में होगा। इंडियन लीजेंड्स अपने पहले मैच में साउथ अफ्रीका लीजेंड से शनिवार को भिड़ेगी जिसमें भाग लेने सचिन और यूसुफ पठान बुधवार को कानपुर पहुंचे। चकेरी एयरपोर्ट से वे सीधे टीम के ठहराव स्थल लैंडमार्क होटल पहुंचे जहां से शाम सात बजे सचिन अपने तीन सहयोगियों के साथ ग्रीनपार्क मैदान गये और बल्ले पर अपने हाथ साफ किये। करीब एक घंटे तक नेट प्रैक्टिस करने के बाद वह होटल वापस लौट गये। सचिन के शहर आगमन की खबर लगते ही उनके प्रशंसकों का जमावड़ा होटल और स्टेडियम के बाहर लग गया, हालांकि सुरक्षा के कड़े बंदोबस्त के कारण प्रशंसकों को अपने चहेते स्टार के दूर से दर्शन करने पड़े। प्रतियोगिता के लिये आने वाली मेहमान टीमों को शहर के तीन अलग अलग होटलों में ठहराया जायेगा। बांग्लादेश लीजेंड्स और श्रीलंका लीजेंड्स के खिलाड़ी पहले ही कानपुर आ चुके है जिन्हें रॉयल क्लिफ होटल में ठहराया गया है।

बाबर को पछाड़कर रिज़वान बने शीर्ष टी20 बल्लेबाज, सूयकुमार पांचवें स्थान पर

एजेंसी



दुबई। पाकिस्तान के सलामी बल्लेबाज मोहम्मद रिज़वान अपने कप्तान और हमवतन बाबर आज़म को पछाड़कर आईसीसी टी20 रैंकिंग में नंबर एक बल्लेबाज बन गये हैं।

आईसीसी की ओर से बुधवार को जारी ताज़ा रैंकिंग के अनुसार रिज़वान 815 रेटिंग पॉइंट के साथ पहले स्थान पर हैं, जबकि बाबर 794 पॉइंट के साथ दूसरे स्थान पर हैं। अपने करियर की सर्वश्रेष्ठ रेटिंग हासिल करने वाले रिज़वान शानदार फॉर्म से गुजर रहे हैं और एशिया कप 2022 के तीन मैचों में 192 रन बना चुके हैं। उनके बरक्स बाबर ने तीन मैचों में 11 की औसत से सिर्फ 33 रन बनाये हैं। इसी बीच, रिज़वान की रैंकिंग सुधरने के कारण भारतीय बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव एक पायदान फिसल कर चौथे स्थान पर आ गये हैं, जबकि भारतीय टीम के कप्तान रोहित शर्मा श्रीलंका के खिलाफ 71 रन की पारी खेलने के बाद चार पायदान ऊपर चढ़कर 13वें नंबर के टी20 बल्लेबाज बन गये हैं।

पाकिस्तान के खिलाफ 60 रन की पारी खेलने वाले विराट कोहली भी टी20 बल्लेबाजों की रैंकिंग में चार पायदान चढ़कर 29वें स्थान पर पहुंच गये हैं। रविचंद्रन अश्विन (चार पायदान चढ़कर 50वें स्थान पर) और अर्शदीप सिंह (28 पायदान की छलांग लगाकर 62वें स्थान पर) की रैंकिंग में भी सुधार हुआ है। रिज़वान आईसीसी टी20 रैंकिंग में शीर्ष पायदान पर पहुंचने वाले तीसरे पाकिस्तानी बल्लेबाज हैं। उनसे पहले बाबर आज़म और मिस्बाह उल हक यह कारनामा कर चुके हैं। बाबर अपने करियर में अब तक 1155 दिनों तक पहले पायदान पर रह चुके हैं, जबकि मिस्बाह 20 अप्रैल 2008 से 27 फरवरी 2009 के दौरान 313 दिनों के लिये शीर्ष पर रहे थे।

लगातार 13वीं जीत के साथ सेमीफाइनल में गार्सिया

न्यूयॉर्क। फ्रांस की कैरोलीन गार्सिया ने अपनी शानदार फॉर्म बरकरार रखते हुए अमेरिका की कोको गॉफ को हराकर यूएस ओपन के सेमीफाइनल में जगह बना ली है।

गार्सिया ने मंगलवार को क्वार्टरफाइनल मुकाबले में गॉफ को 6-3, 6-4 के सीधे सेटों में हराकर लगातार 13वीं जीत दर्ज की। यह किसी बड़े आयोजन में गार्सिया का पहला सेमीफाइनल है, जहां वह ट्यूनीशिया की ऑन्स जब्योर का सामना करेंगी। 2017 के बाद अपना पहला बड़ा क्वार्टरफाइनल खेलते हुए गार्सिया ओपन एरा में यूएस ओपन के सेमीफाइनल में जगह बनाने वाली तीसरी फ्रांसीसी महिला बन गयीं। इनसे पहले फ्रांस की अमेली मॉरेस्मो (2002, 2006) और मैरी पीयर्स (2005) ऐसा कर चुकी हैं।

गार्सिया मंगलवार रात गॉफ के खिलाफ तीसरे मुकाबले में अपनी पहली जीत तलाश रही थीं। इससे पहले दोनों खिलाड़ी दोहा में आमने-सामने आयी थीं जहां गॉफ ने बाजी मारी थी।

गार्सिया ने जीत के बाद कहा, यह बहुत ही करीबी मैच था। हर पॉइंट, हर गेम बहुत मुश्किल था। आज मैं अपने प्रदर्शन से खुश हूं कि मैं मुकाबले में अपनी भावनाओं को काबू में रख पाई।

गॉफ भी शानदार फॉर्म में चल रही थीं और उन्होंने क्वार्टरफाइनल में पहुंचने के लिये चीन की झांग शुआई को हराया था, लेकिन वह गार्सिया की बाधा को पार नहीं कर सकीं।

खचानोव ने किर्गियोस को हराकर सेमीफाइनल में कदम रखा

न्यूयॉर्क। रूस के कारेन खचानोव ने करीबी मुकाबले में एक सेट से पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए ऑस्ट्रेलिया के निक किर्गियोस को हराकर यूएस ओपन के सेमीफाइनल में जगह बनायी।

27वीं सीड खचानोव ने तीन घंटे 39 मिनट चले क्वार्टरफाइनल में किर्गियोस को 7-5, 4-6, 7-5 6-7(3) 6-4 से हराया। रूसी खिलाड़ी ने जीत के बाद कहा, शुरू से अंत तक यह एक शानदार प्रदर्शन था। मैं वहां अंत तक रहा और अपने मौकों का इंतजार किया। मैंने कुछ मौके बनाये भी। मैं बेहद खुशी, बेहद गौरवान्वित हूं कि मैं मैच को समाप्त कर पाया। मैच पॉइंट के लिये सर्विस करना कभी आसान नहीं होता है। मैं खुश हूं कि मैं ऐसा करके अपने पहले सेमीफाइनल में जगह बना पाया। छब्बीस वर्षीय खचानोव साल के आखिरी ग्रैंड स्लैम में अपने शानदार प्रदर्शन की बदौलत एटीपी लाइव रैंकिंग में 13 पायदान की छलांग लगाकर 18वें स्थान पर आ गये हैं। अगर वह टूर्नामेंट जीतते हैं तो शीर्ष-10 में भी पहुंच सकते हैं।

दूसरी ओर, किर्गियोस ने भी ऑस्ट्रेलिया के सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग वाले एलेक्स डी मिनौर को पछाड़ कर 19वां स्थान हासिल कर लिया है। किर्गियोस ने हार के बाद कहा, बेशक, मैं निराश हूं लेकिन सारा श्रेय कारेन को जाता है। वह एक योद्धा हैं। मेरे अनुसार उन्होंने आज बहुत अच्छी सर्विस की। सच कहूं तो मैंने इस टूर्नामेंट में जिन खिलाड़ियों का सामना किया उनमें शायद यह सर्वश्रेष्ठ सर्विस वाले हैं। खचानोव का सामना सेमीफाइनल में नॉर्वे के कैस्पर रूड से होगा, जो गत चैंपियन दानिल मेदवेदेव और 22 बार के ग्रैंड स्लैम विजेता राफेल नडाल के बाहर होने के बाद एटीपी की शीर्ष रैंकिंग बनने के प्रयास में हैं। रूड ने दिन के पहले क्वार्टरफाइनल में इटली के मैटियो बेरेटेनी को 6-1, 6-4, 7-6(4) से हराया।

टी20 विश्व कप में हेल्स ने ली बेयरस्टो की जगह

लंदन। सलामी बल्लेबाज एलेक्जेंडर डेनियल हेल्स को इंग्लैंड की आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप टीम में जॉनी बेयरस्टो के स्थान पर शामिल किया गया है। इंग्लैंड क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) ने बुधवार को यह जानकारी दी। उल्लेखनीय है कि पिछले हफ्ते बेयरस्टो के बाईं एड़ी में चोट आने के कारण वह टी20 विश्व कप टीम से बाहर हो गये थे। 33 वर्षीय हेल्स तीन साल बाद इंग्लैंड टीम में वापसी कर रहे हैं। उन्होंने पिछली बार मार्च 2019 में इंग्लैंड का प्रतिनिधित्व किया था। उन्हें पाकिस्तान के खिलाफ होने वाली टी20 शृंखला के लिये भी टीम में शामिल किया गया है। टी20 विश्व कप के लिये इंग्लैंड टीम : जॉस बटलर (कप्तान), मोईन अली, हैरी ब्रूक, सैम करन, एलेक्स हेल्स, क्रिस जॉर्डन, लियाम लिविंगस्टोन, डेविड मलान, आदिल रशीद, फिल साल्ट, बेन स्टोक्स, रीस टॉपली, डेविड विली, क्रिस वोक्स, मार्क वुड।

चैंपियन बनाने वाली मानसिकता से खेलना हमारा लक्ष्य : दबंग दिल्ली

एजेंसी

नयी दिल्ली। प्रो कबड्डी लीग (पीकेएल) की गत चैंपियन दबंग दिल्ली के कोच कृष्ण कुमार हुड्डा ने पीकेएल सीजन-9 से पहले कहा है कि इस साल उनका लक्ष्य वही शारीरिक और मानसिक रुख दिखाना है जिसने पिछले साल खिताब जीतने में उनकी मदद की थी।

दबंग दिल्ली कबड्डी क्लब के प्रमुख कोच हुड्डा ने पंचकुला में आयोजित ट्रेनिंग कैम्प में कहा, गत चैंपियन के खिताब के साथ इस साल हमारा लक्ष्य है कि हम मैदान में उतरें और वही शारीरिक तथा मानसिक रुख दिखाएं, जिसने पिछले साल खिताब जीतने में हमारी मदद की थी। मुझे विश्वास है कि इस प्रशिक्षण शिविर के साथ हम तैयार होकर अपने कौशल और तकनीक को मजबूती देंगे। मैं दबंग दिल्ली के सभी प्रशंसकों को भरोसा दिलाना चाहत हूँ कि हम अपना 100 प्रतिशत देंगे और हमारे नये खिलाड़ी प्रो कबड्डी लीग के सीजन-9 के लिये अपने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के साथ मैट पर चमक बिखेरने के लिये तैयार होंगे।

प्रो कबड्डी लीग (पीकेएल) सीजन-8 की विजेता दबंग दिल्ली कबड्डी क्लब नये सीजन के लिये हरियाणा के पंचकुला में 40 दिवसीय प्रशिक्षण शुरू कर चुकी है।

दबंग दिल्ली ने सफल सीजन के बाद हाल ही में संपन्न हुई पीकेएल नीलामी में नयी प्रतिभाओं को टीम में शामिल किया है। नये स्क्वाड में नवीन कुमार, विजय मलिक, विनय कुमार, कृषन ढुल, आशु मलिक, दीपक, मनजीत, सूरज पवार, आशीष नरवाल, विजय और संदीप कुमार ढुल जैसे युवा और अनुभवी खिलाड़ी हैं।

दबंग दिल्ली के निदेशक दुर्गानाथ वागले ने भविष्य को लेकर टीम के रुझान पर कहा, कबड्डी लौट आया है और हम अपने सभी प्रशंसकों के लिये इस खेल का सर्वश्रेष्ठ लाकर रोमांचित हैं। पीकेएल नीलामी में हमारी रणनीति सफल रही और हमने रवि कुमार, संदीप ढुल जैसे कुछ बेहतरीन खिलाड़ियों को लिया, जो स्क्वाड में नवीन एक्सप्रेस और विजय मलिक के साथ होंगे। निरंतरता हमारी सफलता की कुंजी है और इस ट्रेनिंग कैम्प के जरिये हम ऐसा स्क्वाड बनाएंगे, जो चैंपियनशिप को बनाये रखने के रास्ते में आने वाली हर बाधा के लिये तैयार रहेगा। पीकेएल सीजन-9 बेंगलुरु, पुणे और हैदराबाद सहित तीन शहरों में सात अक्टूबर 2022 से शुरू होगा।

समुद्र की तरह दिख रहा पाकिस्तान

बाढ़ प्रभावित इलाकों का दौरा करके इमोशनल हुए शहबाज शरीफ

इस्लामाबाद। पाकिस्तान इस वक्त भयावह बाढ़ से जूझ रहा है। दक्षिण एशियाई देश का एक तिहाई हिस्सा पानी में डूब चुका है। बुधवार को 18 और मौतों के साथ पाकिस्तान में मरने वालों की संख्या 1343 हो गई है। इस बीच देश के बाढ़ प्रभावित इलाकों का दौरा करने के बाद प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ इमोशनल हो गए। उन्होंने कहा समुद्र की तरह दिख रहा है पाकिस्तान। पाकिस्तान के अधिकारियों का अनुमान है कि जलवायु परिवर्तन के कारण हुई इस आपदा में 220 मिलियन की आबादी में से 33 मिलियन यानी 3.3 करोड़ लोग प्रभावित हुए हैं। लाकों की संख्या में लोग बेघर हो गए हैं और पाकिस्तान की अर्थव्यवस्था को कम से कम 10 बिलियन डॉलर का नुकसान हुआ है।

शहबाज शरीफ ने सिंध के दक्षिणी प्रांत की यात्रा के बाद मीडिया से कहा, आपको वहां विनाश के पैमाने पर विश्वास नहीं होगा। जहां तक आप देख सकते हैं, यह हर जगह पानी है। यह बिल्कुल समुद्र की तरह है। उन्होंने कहा कि सरकार, जिसने बाढ़ पीड़ितों के लिए नकद सहायता को बढ़ाकर 70 अरब पाकिस्तानी रुपये (313.90 मिलियन डॉलर) कर दिया है, विस्थापित परिवारों के लिए 200,000 टेंट भी खरीदेगी।

पानी घटने के बाद बीमारी फैलने का खतरा

शरीफ ने कहा कि घटते पानी से जलजनित संक्रामक रोगों के रूप में एक नई चुनौती का खतरा है। उन्होंने कहा, हमें इस आपदा से निपटने के लिए खरबों रुपये की आवश्यकता होगी। उधर, संयुक्त राष्ट्र ने बाढ़ पीड़ितों की मदद के लिए 160 मिलियन डॉलर की सहायता का ऐलान किया है। गौरतलब है कि पाकिस्तान में आई विनाशकारी बारिश और फिर बाढ़ का सबसे प्रभावित इलाका सिंध प्रांत है। यहां पाकिस्तान की सबसे बड़ी ताजे पानी की झील खतरनाक और विकराल रूप ले चुकी है। पाकिस्तानी सेना के विशेष ऑपरेशन में यहां से एक लाख लोगों को विस्थापित किया जा चुका है। राष्ट्रीय आपदा अधिकारियों ने कहा कि पिछले 24 घंटों में मरने वालों में आठ बच्चे शामिल हैं। पाकिस्तान के उत्तरी पहाड़ों में रिकॉर्ड मॉनसून बारिश और ग्लेशियर के पिघलने से बाढ़ आई थी। संयुक्त राष्ट्र शरणार्थी एजेंसी (यूएनएचसीआर) के एक शीर्ष अधिकारी ने चेतावनी दी है कि आने वाले महीने में और बारिश की संभावना के साथ स्थिति और खराब हो सकती है। विश्व स्वास्थ्य संगठन पहले ही कह चुका है कि बाढ़ वाले क्षेत्रों में 6.4 मिलियन से अधिक लोगों को मानवीय सहायता की आवश्यकता है।

गौरतलब है कि पाकिस्तान में आई बाढ़ से 1.6 मिलियन घर, 5,735 किमी (3,564 मील) परिवहन लिंक, 750,000 पशुधन और 2 मिलियन एकड़ (809,370 हेक्टेयर) से अधिक कृषि भूमि को तबाह कर दिया है। पाकिस्तान में जुलाई और अगस्त में 30 साल के औसत से लगभग 190 प्रतिशत अधिक बारिश हुई है, जो कुल 391 मिमी (15.4 इंच) है, जबकि सिंध में सबसे अधिक औसतन 466 प्रतिशत से अधिक बारिश रिकॉर्ड हुई है।

वियतनाम के बार में आग लगने से 14 लोगों की मौत

हो ची मिन्ह। वियतनाम के हो ची मिन्ह शहर के निकट कराओके परिसर में स्थित बार में भीषण आग लगने से कम से कम 14 लोगों की मौत हो गई और कई अन्य घायल हो गए। बीबीसी की एक रिपोर्ट में बुधवार को कहा गया है कि मंगलवार रात प्रतिष्ठान की ऊपरी मंजिल पर आग लग गयी जिससे वहां मौजूद कई ग्राहक एक कमरे में फंस गए। स्थानीय मीडिया ने बताया कि आग से बचने के लिए चार लोगों ने दूसरी और तीसरी मंजिल से छलांग लगा दी उनकी जान तो बच गयी लेकिन वे घायल हो गए। अलार्म बजने के कुछ ही देर बाद दमकलकर्मी मौके पर पहुंचे। उनका कहना है कि आग पर काबू पाने में महज एक घंटे से भी कम समय लगा। जांचकर्ता अभी आग के कारणों का पता लगा रहे हैं।

महिला ने सऊदी प्रिंस पर ऐसा क्या लिख दिया, जिस पर मिल गई 45 साल की सजा

नई दिल्ली। पिछले सप्ताह सऊदी अरब की नूरा नामक महिला को सिर्फ एक ट्वीट करने के चलते 45 साल की सजा सुना दी गई थी। महिला पर आरोप था कि उसने इंटरनेट का इस्तेमाल कर सऊदी अरब के सामाजिक ताने-बाने को खराब किया है। लेकिन अब इस मामले एक नया खुलासा हुआ है जिसमें बताया गया है कि महिला ने ऐसा क्या लिख दिया था जिसके चलते उसे इतने साल की सजा सुनाई गई। महिला ने सऊदी प्रिंस के बारे में कुछ लिख दिया था।

क्राउन प्रिंस सलमान के खिलाफ लिख दिया

दरअसल, न्यूज एजेंसी एएफपी ने एक रिपोर्ट में कोर्ट के दस्तावेजों और अपने स्रोतों के हवाले से बताया है कि सऊदी अरब की इस महिला को असल में सजा इसलिए मिली क्योंकि उसने किंग सलमान और क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान के खिलाफ लिख दिया था। महिला ने धर्म और न्याय को चुनौती देने के लिए ट्विटर पर इन दोनों के खिलाफ लिखा था। इसके बाद महिला को 45 साल की जेल की सजा सुनाई गई है।

आरोप-सऊदी अरब के ताने-बाने को खराब किया

रिपोर्ट के मुताबिक नूरा नाम की इस महिला को पिछले सप्ताह ही 45 साल जेल की सजा सुनाई गई है। सऊदी अधिकारियों ने नूरा के ट्वीट को दुर्भावनापूर्ण वाला बताया था। अदालत ने महिला को सजा देते हुए कहा कि महिला के झूठे और दुर्भावनापूर्ण ट्वीट ने उन लोगों की गतिविधियों को उकसाया जो सार्वजनिक व्यवस्था को बिगाड़ना और समाज की सुरक्षा और राज्य की स्थिरता को अस्थिर करना चाहते हैं। महिला पर यह भी आरोप हैं कि उसने इंटरनेट का इस्तेमाल कर सऊदी अरब के सामाजिक ताने-बाने को खराब किया है।

अदालत ने भी महिला पर तीखी टिप्पणी की

इतना ही नहीं यहां तक कि अदालत ने भी महिला पर तीखी टिप्पणी करते हुए कहा कि राज्य के प्रतीकों और अधिकारियों का अपमान करने के लिए ट्विटर का इस्तेमाल किया गया। इसलिए सुरक्षा मामलों में बंदियों की रिहाई की मांग की गलत है। इसके बाद यह मामला दुनियाभर में छा गया था।

श्रीलंका ने सऊदी के साथ ईंधन क्रेडिट लाइन पर की चर्चा शुरू

कोलंबो। श्रीलंका सरकार ने ईंधन की आपूर्ति के लिए छह अरब डॉलर की पांच साल की क्रेडिट लाइन के वास्ते सऊदी अरब के साथ चर्चा शुरू की है। डेली मिरर ने बुधवार को यह जानकारी दी। सऊदी अरब में श्रीलंकाई राष्ट्रपति के दूत पर्यावरण मंत्री नसीर अहमद के अनुसार, इस संबंध में चर्चा करने से मौजूदा आर्थिक संकट का समाधान निकल सकता है। श्री अहमद ने देश में कृषि उर्वरक के निर्माण, पेट्रोलियम भंडारण सुविधाओं के निर्माण, ईंधन आपूर्ति स्टेशनों की स्थापना, रिफाइनरी, खदान खनिजों का आधुनिकीकरण और विस्तार करने और नवीकरणीय ऊर्जा को बढ़ावा देने के लिए सऊदी निवेश का भी प्रस्ताव रखा। डेली न्यूज के अनुसार, मंत्री ने पिछले सप्ताह रियाद में विदेश मामलों के उप मंत्री वलीद एल खेरीजी से मुलाकात की। सऊदी शासक की श्रीलंका यात्रा से पहले राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे की रियाद की संभावित यात्रा पर भी चर्चा हो सकती है। पर्यावरण मंत्री रियाद में किंग फहद विश्वविद्यालय के पूर्व विद्यार्थी रहे हैं।

युगांडा में भूस्खलन से 15 और लोगों की मौत

कंपाला। पूर्वी अफ्रीकी देश युगांडा के पश्चिमी कासेसे शहर में भूस्खलन आपदा में मरने वालों की संख्या बढ़कर 15 हो गई है। एक स्थानीय राहत एजेंसी ने बुधवार को यह जानकारी दी। युगांडा रेड क्रॉस सोसाइटी (यूआरसीएस) ने संवाददाताओं को बताया कि कसिका गांव के रुकोकी उप-काउंटी में मंगलवार रात भारी बारिश के कारण हुए भूस्खलन में मारे गए लोगों के शव बरामद हुए। एजेंसी के अनुसार, भूस्खलन में कुछ घरों के दबे होने की आशंका है। घायल हुए छह लोगों को कासी नगर पालिका के सेंट पॉल अस्पताल में स्थानांतरित कर दिया गया है। युगांडा का पश्चिमी क्षेत्र भारी बारिश जारी है। जिसके कारण लगातार भूस्खलन से लोग हताहत हुए हैं, घरों और फसलों को नष्ट कर दिया गया है। बुंदीबुग्यो जिले में भारी बारिश के कारण भूस्खलन होने से चार लोगों के मारे जाने की खबर है।

श्रीलंका ने सऊदी के साथ ईंधन क्रेडिट लाइन पर की चर्चा शुरू

कोलंबो। श्रीलंका ने सरकार से सरकार के आधार पर ईंधन की आपूर्ति के लिए छह अरब डॉलर की पांच साल की क्रेडिट लाइन के लिए सऊदी अरब के साथ चर्चा शुरू की है। डेली मिरर ने बुधवार को यह जानकारी दी। सऊदी अरब में श्रीलंकाई राष्ट्रपति के दूत पर्यावरण मंत्री नसीर अहमद के अनुसार, इस संबंध में चर्चा करने से मौजूदा आर्थिक संकट का समाधान निकल सकता है। श्री अहमद ने देश में कृषि उर्वरक के निर्माण, पेट्रोलियम भंडारण सुविधाओं के निर्माण, ईंधन आपूर्ति स्टेशनों की स्थापना, रिफाइनरी, खदान खनिजों का आधुनिकीकरण और विस्तार करने और नवीकरणीय ऊर्जा को बढ़ावा देने के लिए सऊदी निवेश का भी प्रस्ताव रखा। डेली न्यूज के अनुसार, मंत्री ने पिछले सप्ताह रियाद में विदेश मामलों के उप मंत्री वलीद एल खेरीजी से मुलाकात की। सऊदी शासक की श्रीलंका यात्रा से पहले राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे की रियाद की संभावित यात्रा भी चर्चा के लिए आती है। पर्यावरण मंत्री रियाद में किंग फहद विश्वविद्यालय के पूर्व विद्यार्थी रहे हैं।

पश्चिम के प्रतिबंधों ने यूरोपीय जीवन को किया तहस-नहस : पुतिन

मॉस्को। रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने यूक्रेन में रूस के युद्ध के कारण लगाए गए पश्चिमी प्रतिबंधों की बुधवार को निंदा करते हुए इसे पूरी दुनिया के लिए खतरा पैदा करने वाला बुखार करार दिया। बीबीसी की रिपोर्ट के अनुसार श्री पुतिन ने व्लादिवोस्तोक में एक आर्थिक मंच को संबोधित करते हुए कहा कि रूस पश्चिम देशों की आर्थिक आक्रामकता का सामना कर रहा है। उन्होंने चेताया कि कि इन प्रतिबंधों के कारण यूरोपीय लोगों के जीवन स्तर का बलिदान किया जा रहा है। जबकि गरीब देश भोजन तक को वंचित हो रहे हैं।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, प्रवीण कुमार सिंह द्वारा आला प्रिंटिंग प्रेस 3636 कटारा दिना बेग लाल कुआं... से मुद्रित एवं , ब्लाक नं 23 मकान नं 399 त्रिलोक पुरी दिल्ली -91 से प्रकाशित
संपादकः प्रवीण कुमार सिंह, आरएनआई नं. ·DELHIN/2011/38334, किसी भी विवाद के लिए पीआरबी एक्ट अंतर्गत उत्तरदायी, टेलीफोन नं.: 011-26700510/11 , ई-मेल : info@gauravshalibharat.com, समस्त विवादो का न्यायलय दिल्ली होगा

प्रकृति की गोद में बसा है चांगलांग



अरुणाचल प्रदेश का चांगलांग प्राकृतिक सौंदर्य, विविधतापूर्ण संस्कृति, अनूठी परंपराओं और सुरम्य पहाड़ियों के लिए जाना जाता है। सुंदर घाटियों के बीच और ऊंचे पहाड़ों से घिरे चांगलांग की ऊंचाई 200 मीटर से 4500 मीटर है। चांगलांग मानव जाति के लिए प्रकृति के किसी उपहार से कम नहीं है। चांगलांग की लंबी पर्वत श्रृंखलाओं की गोद में पर्यटक ताजगी और सुकून महसूस करते हैं।

चांगलांग आने का सही समय

चांगलांग में पूरे साल सुखद जलवायु रहती है। हालांकि, नवंबर से फरवरी के सर्दियों के महीने में यहां का 12 डिग्री सेल्सियस से 28 डिग्री सेल्सियस तक रहता है।

चांगलांग के दर्शनीय स्थल

द्वितीय विश्व युद्ध में शहीद हुए सैनिकों की कब्र

प्राचीन प्राकृतिक सौंदर्य और जीवंत संस्कृति से समृद्ध चंगलांग ऐतिहासिक युद्धों का गवाह रह चुका है। द्वितीय विश्व युद्ध में मारे गए सैनिकों के लिए यहां कब्रिस्तान बना है, जिसे जयरामपुर कब्रिस्तान के रूप में भी जाना जाता है। निराशाजनक यादों और भयावहता का एक रूप चांगलांग के मैदान में दफन है जहां द्वितीय विश्व युद्ध में शहीद हुए सैनिकों की कब्र हैं। यहां दफन शहीद भारत, चीन, अमेरिका और ब्रिटेन जैसे कई देशों के हैं। यह स्थान न केवल अतीत में लिए गए मानव के गलत एवं घातक निर्णयों का साक्षी है, बल्कि आपको उस समय असहायता और नुकसान का भी सामना करवाता है।

नामदफा नेशनल पार्क और टाइगर रिजर्व

इसे वर्ष 1983 में सरकार द्वारा एक प्रसिद्ध टाइगर रिजर्व घोषित किया गया। भारत के चांगलांग में स्थित नामदफा नेशनल पार्क एक आश्चर्यजनक पार्क है, जो बड़े पैमाने पर 1985.25 वर्ग किलोमीटर भूमि के क्षेत्र में फैला हुआ है। पराक्रमी हिमालयी पर्वतमाला के करीब स्थित यह पार्क 200 मीटर से 4500 मीटर के बीच विभिन्न ऊंचाइयों पर फैला हुआ है। वनस्पतियों और जीव-जंतुओं के अद्भुत आकर्षण के साथ इस पार्क में बाघ, तेंदुआ, हिम तेंदुआ, हाथी और हिमालयी काले भालू जैसे वन्यजीवों के कुछ बेहतरीन किस्में मौजूद हैं। पर्यटकों को इस पार्क में रहने वाले जानवर बहुत आकर्षित करते हैं।

मियाओ

नोआ-देहिंग नदी के तट पर एक छोटा सा कस्बा है मियाओ। यह चांगलांग की सबसे सुरम्य बस्तियों में से एक है। यह स्थान कुछ तिब्बती शरणार्थियों का भी घर है, जो आश्चर्यजनक डिजाइन और बेहतरीन ऊनी कालीनों का उत्पादन करते हैं। चांगलांग में स्थित मियाओ आपको अपने मंत्रमुग्ध करने वाले नजारों से विस्मित कर देगा है।

लेक ऑफ नो रिटर्न

लेक ऑफ नो रिटर्न का न केवल नाम अनूठा है, बल्कि इसके पीछे एक दिलचस्प कहानी भी है। इतिहास के अनुसार झील द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान दुश्मनों द्वारा मारे गए हवाई जहाजों की आसान लैंडिंग में सहायता करती थी। इसी काम के लिए झील का उपयोग करने के दौरान कई एयरक्राफ्ट लैंडिंग करते समय इसी जगह पर मारे गए और इसलिए इस झील का ये नाम पड़ा।

चांगलांग कैसे पहुंचें?

हवाई मार्ग द्वारा: चांगलांग का निकटतम हवाई अड्डा असम के डिब्रूगढ़ में स्थित मोहनबाड़ी है, जो शहर से लगभग 182 किमी की दूरी पर है। हवाई अड्डे से चांगलांग के लिए नियमित कैब सेवाएं उपलब्ध हैं।

रेल मार्ग द्वारा: चांगलांग का निकटतम रेलवे स्टेशन असम के तिनसुकिया में स्थित है, जो शहर से लगभग 141 किमी की दूरी पर स्थित है और देश के अन्य हिस्सों से अच्छी तरह से जुड़ा हुआ है।

सड़क मार्ग द्वारा: चांगलांग बस स्टेशन देश के सभी प्रमुख हिस्सों से रोडवेज के माध्यम से जुड़ा हुआ है।

अरुणाचल प्रदेश के प्रमुख पर्यटन और दर्शनीय स्थल

अगर आप अरुणाचल प्रदेश के प्रमुख पर्यटन स्थलों की यात्रा करने की योजना बना रहे हैं तो आप निम्न पर्यटन स्थलों को अपनी यात्रा की सूची में शामिल कर सकते हैं।

प्रमुख के पर्यटन स्थल तवांग

तवांग अरुणाचल प्रदेश का एक प्रमुख पर्यटन स्थल है, जो अपनी खूबसूरती से पर्यटकों को बेहद आकर्षित करता है। लगभग 3048 मीटर की ऊंचाई पर स्थित तवांग महत्वपूर्ण और सुंदर मठों के लिए जाना जाता है और दलाई लामा के जन्म स्थान के रूप में प्रसिद्ध है। तवांग एक ऐसी जगह है, जो आध्यात्मिकता की खुशबू में लिपटी अपनी प्राकृतिक सुंदरता से आपको रोमांचित करेगी। सुंदर आर्किड अभयारण्य और टिपी ऑर्किड अभयारण्य तवांग में घूमने की अच्छी जगहों में शामिल हैं। यात्रा के दौरान इस क्षेत्र के अनूठे व्यंजनों का लुत्फ उठाना न भूलें।

प्रमुख दर्शनीय स्थल ईटानगर

अरुणाचल प्रदेश की राजधानी इटानगर एक प्राकृतिक स्वर्ग है, जो हिमालय के पर उत्तरी छोर पर स्थित है। हाल ही में इटानगर को सरकार द्वारा पर्यटकों के लिए खोला गया है। शहर की विरासत और आदिवासी संस्कृति, जो दशकों और सदियों पुरानी है वो आज भी यहां बरकरार है। 15 वीं शताब्दी का इटा-किला, पौराणिक गंगा झील, जिसे ग्यार सिनि और बुद्ध विहार के नाम से जाना जाता है, दलाई लामा द्वारा संरक्षित यह महत्वपूर्ण आकर्षण हैं। यहां का मौसम पर्यटकों को आकर्षित करता है। यूपिया शहर राज्य का प्रमुख आकर्षण है। आप दोनों शहरों को एक साथ कवर कर सकते हैं। आप अरुणाचल प्रदेश की यात्रा करने जा रहे हैं तो आपको इटानगर को यात्रा सूची में जरूर शामिल करना चहिए।

घूमने लायक जगह जीरो

जीरो अरुणाचल प्रदेश में एक विचित्र पुराना शहर है, जो अपा तानी जनजाति का घर है और अपनी देवदार की पहाड़ियों और चावल के खेतों के लिए प्रसिद्ध है। जीरो में जलवायु हल्की होती है, जिससे पूरे वर्ष यात्रा करना आरामदायक होता है।

देखने लायक जगह बोमडिला

बोमडिला अरुणाचल प्रदेश का एक सुंदर शहर है। बोमडिला कई स्थानों जैसे मंदिरों और वन्यजीव अभयारण्यों से भरपूर है। यहां पर बौद्ध और हिंदू दोनों मंदिर यहां पाए जाते है। इसके अलावा यहां पर्यटक सेब के बगीचे और ईगल नेस्ट वाइल्डलाइफ अभयारण्य की सैर भी कर सकते हैं।

आकर्षण स्थल भालुकपोंग

भालुकपोंग अरुणाचल प्रदेश का प्रमुख पर्यटन स्थल है, जो प्रकृति प्रेमी का स्वर्ग होने के अलावा कई वन्यजीवों को एक्स्प्लोर करने का मौका देता है। भालुकपोंग वातावरण से कई गतिविधियों की मेजबानी करता है। यहां जगल में बहने वाली कामेंग नदी शहर को और आकर्षक बनाती है। भालुकपोंग में आप पैदल यात्रा, ट्रेकिंग, कैंपिंग और फिशिंग का मजा ले सकते हैं। पखुई खेल अभयारण्य में बाघों, हाथी। बार्किंग डियर के साथ पक्षियों को देख सकते हैं।

दर्शनीय स्थल रोइंग

रोइंग यहां का प्रमुख पर्यटन स्थल है, जो बर्फ से ढकीं पहाड़ियों, गहरी घाटियों, अशांत नदियों, झरने, शांत झीलों, पुरातात्विक स्थल, शांति स्थलों से भरा है। जो भी पर्यटक यहां आता है, वो कभी निराश होकर नहीं जाता। रोइंग में प्रकृति प्रेमियों के लिए कई झीलें और घाटियां हैं, जो इसे स्वर्ग बनाती हैं। भीष्मनगर किला और नेहरू उद्योग इसके ऐतिहासिक महत्व को बताते हैं।

पर्यटन स्थल खोंसा

समुद्र तल से 1,215 मीटर औसत ऊंचाई पर, खोंसा एक सुंदर सा हिल स्टेशन है, जो प्राकृतिक सुंदरता के लिए जाना जाता है। खोंसा अरुणाचल प्रदेश में तिरप जिले का मुख्यालय है और यह हिमालय पर्वतमाला से घिरे तिरप घाटी में स्थित है। खोंसा के मुख्य आकर्षण धाराएं, गहरी घाटियां, घने जंगल और बर्फ से ढकी पहाड़ियां हैं, जो पर्यटकों को यहां आने के लिए मजबूर करती हैं। पूर्व में म्यांमार की सीमा के साथ खोंसा एक सैन्य क्षेत्र है।

अरुणाचल प्रदेश का खूबसूरत कमलंग

वन्यजीव अभयारण्य

अगर आप प्रकृति के करीब जाकर कुछ अलग अनुभव करना चाहते हैं, तो आप अरुणाचल प्रदेश की यात्रा का प्लान बना सकते हैं। अरुणाचल प्रदेश, भारत के पूर्वोत्तर राज्यों में से एक है, जो पूर्व में भूटान, उत्तर और पूर्वोत्तर में चीन, दक्षिणपूर्व में म्यांमार और दक्षिण में असम और नागालैंड राज्यों से घिरा हुआ है। पर्यटन के लिहाज से यह राज्य काफी खास माना जाता है, जहां दूर-दूर से सैलानी अपने मनोरंजन और रोमांच को दोगना करने के लिए आते हैं। एक शानदार अवकाश के लिए आप यहां का प्लान अपने परिवार या दोस्तों के साथ बना सकते हैं। इस राज्य का इतिहास कई हजार साल पुराना है, जिसका उल्लेख हिंदू धर्म के महाकाव्यों में भी मिलता है। यहां चारों तरफ फैले पहाड़ और हरियाली को देखकर पर्यटक काफी रोमांचित हो उठते हैं। यहां स्थित बौद्ध मठ विश्व भर में प्रसिद्ध हैं, आत्मिक और मानसिक शांति के लिए यहां दुनिया भर से नामचीन लोगों का भी आगमन होता है। अरुणाचल प्रदेश में पक्षियों की 500 से अधिक प्रजातियां पाई जाती हैं, जिनमें से कई अत्यधिक लुप्तप्राय हैं। अरुणाचल प्रदेश निर्मल पहाड़ों से भरा हुआ है जो सर्दियों के दौरान पर्यटकों की यात्रा को यादगार बनाते हैं और लुहावने दृश्य प्रस्तुत करते हैं। पहाड़ी आकर्षण से अलग यहां के वन्यजीव अभयारण्य सैलानियों को काफी ज्यादा प्रभावित करते हैं। इस आलेख में जानिए अरुणाचल प्रदेश के खूबसूरत कमलंग वन्यजीव अभयारण्य के बारे में, यह अभयारण्य आपको किस प्रकार आनंदित कर सकता है।

कमलंग वन्यजीव अभयारण्य

कमलंग वाइल्ड लाइफसेंचुरी, अरुणाचल प्रदेश का एक खूबसूरत वन्यजीव अभयारण्य है, जो राज्य के लोहित जिले में स्थित है। इस अभयारण्य को 1989 में स्थापित किया गया था। चूंकि यह आरक्षित वन क्षेत्र यहां की कमलंग नदी के आसपास विकसित है, इसलिए इसका नाम नदी के नाम पर रखा गया था। यह सेंचुरी न सिर्फ वनस्पति और जंगली जीवों को सुरक्षित आश्रय प्रदान करती है, बल्कि मिसमी, दिगारु, मिजो जैसी कई जनजातियां भी इसी अभयारण्य के आसपास रहती हैं।

इन जनजातियों को मानना है कि ये महाभारत के रुकमो नामक राजा के वंशज हैं। हालांकि इस बात में कितनी सच्चाई है, इस बात का कोई सटीक प्रमाण नहीं मिलता। उष्णकटिबंधीय और उप उष्णकटिबंधीय जलवायु क्षेत्रों में स्थित यह अभयारण्य भारत की चार बड़ी बिल्ली प्रजातियों (बाघ, तेंदुआ, स्नो लेपर्ड और क्लाउडेड लेपर्ड) का निवास स्थान भी है। कमलंग वन्यजीव अभयारण्य लोहित जिले के दक्षिण-पूर्व भाग में स्थित है और 783 वर्ग किमी के क्षेत्र में फैला है। यहां कई खूबसूरत जलाशय भी मौजूद हैं, जिनमें ग्लो झील और परशुराम कुंड काफी लोकप्रिय हैं। ये जलाशय काफी ऊंचाई पर स्थित है, जहां पहुंचने के लिए आपको ट्रेकिंग का सहारा लेना होगा। परशुराम कुंड के दर्शन करने के लिए काफी संख्या में श्रद्धालुओं का भी आगमन होता है। आगे जानिए इस अभयारण्य से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां।

आने का सही समय

कमलंग वाइल्ड लाइफ सेंचुरी का भ्रमण आप किसी भी समय कर सकते हैं, यहां का मौसम सालभर शानदार बना रहता है, लेकिन यहां आने का आदर्श समय अक्टूबर से लेकर अप्रैल के मध्य का बताया जाता है, क्योंकि इस दौरान यह अभयारण्य हरियाली से भरा रहता है। इस दौरान आप यहां अपने आनंद को दोगना कर सकते हैं।

अरुणाचल प्रदेश के जलप्रपात



पूर्वोत्तर भारत का अरुणाचल प्रदेश हमेशा से ही देश के अनन्वेषित (अनिक्स्प्लॉर्ड) स्थलों में रहा है। इसके पीछे का कारण यातायात और कनेक्टिविटी की कमी है, लेकिन इसके बावजूद इस पर्वतीय राज्य की प्राकृतिक खूबसूरती को नकारा नहीं जा सकता है। अरुणाचल प्रदेश पर्यटन के लिहाज से एक समृद्ध भूखंड है, यहां घूमने-फिरने और देखने के लिए कई शानदार स्थल मौजूद है। जायकेदार व्यंजनों से लेकर आप यहां शानदार बायोडायवर्सिटी स्पॉट्स का भी आनंद उठा सकते हैं।

एक ट्रैवलर की यात्रा को यादगार बनाने के लिए यहां बहुत कुछ उपलब्ध है। यहां के जलप्रपात भी सैलानियों को काफी ज्यादा प्रभावित करते है। इस लेख में जानिए अरुणाचल प्रदेश के चुनिंदा सबसे खास जलप्रपातों के बारे में, जिन्हें आप अपनी पूर्वोत्तर की यात्रा डायरी का हिस्सा बना सकते हैं।

नूरानंग जलप्रपात

अरुणाचल प्रदेश के जलप्रपातों की सैर आप यहां से सबसे प्रसिद्ध नूरानंग फॉल से कर सकते है। यह झरना राज्य का लोकप्रिय पर्यटन स्थल गिना जाता है। 100 मीटर की अपनी ऊंचाई के साथ यह निस्संदेह पूर्वोत्तर भारत में सबसे खूबसूरत झरनों में से एक है। इस जलप्रपात को बोंग-बोंग फॉल्स के नाम से भी जाना जाता है। नूरानंग जलप्रपात बोमडिला और तवांग को जोड़ने वाली सड़क के पास जंग से कुछ किमी की दूरी पर स्थित है। जलप्रपात के आधार पर एक छोटा विद्युत संयंत्र भी लगाया गया है। तवांग नदी से जुड़ा यह जलप्रपात चट्टानी पहाड़ियों की ढलान से नीचे गिरता है। जिसकी आवाज बहुत दूर से भी सुनी जा सकती है। इस झरने का नाम एक नूरा नाम की एक मोन्पा लड़की पर पड़ा है, जिसने 1962 के भारत-चीन युद्ध के दौरान एक भारतीय सैनिक की मदद की थी। इसके अलावा इसके दृश्यों को बॉलीवुड की फिल्मों में भी दर्शाया गया है, अगर आपको फिल्म कोयला याद है, तो उसमें एक गीत की पृष्ठभूमि के लिए इस जलप्रपात का चयन किया गया था। यह एक खास झरना है, आपको यहां जरूर आना चाहिए।

बिरसा मुंडा झरना

नूरानंग जलप्रपात के अलावा भी आप अरुणाचल प्रदेश के अन्य जलप्रपातों की सैर का प्लान बना सकते हैं। आप यहां के बिरसा मुंडा झरने की सैर कर सकते हैं। यह जलप्रपात राज्य के मेचुका जाने वाले रास्ते के दौरान पड़ता है। हालांकि यह एक अज्ञात झरना, जिसके विषय में अधिकांश ट्रैवलर नहीं जानते हैं। यहां तक आप स्थानीय निवासियों की मदद से पहुंच सकते हैं। प्राकृतिक खूबसूरती के मध्य बसा यह झरना आत्मिक और मानसिक शांति का अनुभव कराता है। खासकर प्रकृति प्रेमियों और फोटोग्राफी के शौकीनों के लिए यह एक आदर्श जगह है। अगर आप अज्ञात स्थलों की सैर के साथ रोमांच का शौक रखते हैं, तो यहां जरूर आएं। बिरसा मंडा जलप्रपात की खूबसूरत आपको सच में वशीभूत कर लेगी।

बाप तेंग कांग

अगर आप अपने पर्यटन क्षेत्र का विस्तार करना चाहते हैं तो अरुणाचल प्रदेश के तवांग से 82 किमी दूर स्थित बाप तेंग कांग जलप्रपात की सैर कर सकते हैं। 100 फीट की ऊंचाई वाला यह झरना यहां के सबसे ज्यादा देखे जाने वाले पर्यटन स्थलों में से एक है, जहां सैलानी जाना पसंद करते हैं। यह झरना प्रकृति प्रेमियों को अपने अद्भुत दृश्यों के साथ आकर्षित करता है। यह जलप्रपात बीटीके वॉटरफॉल के नाम से भी प्रसिद्ध है। यहां साफ पानी आपको नहाने के लिए जरूर मजबूर करेगा। एक शानदार अनुभव के लिए आप इस स्थल को अपनी यात्रा डायरी का हिस्सा बना सकते हैं।

सिर्की जलप्रपात

बिरसा मुंडा जलप्रपात की तरह है, सिर्की जलप्रपात एक अज्ञात झरना है, जहां ज्यादातर ट्रैवलर पहुंच ही नहीं पाते। यह जलप्रपात राज्य के पासीघाट में स्थित है। यह एक खास स्थल है, जहां आप प्राकृतिक नजारों का लुत्फ उठाने के साथ-साथ ट्रेकिंग, हाइकिंग, पिकनिक जैसी रोमांचक गतिविधियों का भी आनंद उठा सकते हैं। इसके अलावा एडवेंचर के शौकीन यमबंग और सिर्की से पासीघाट तक राफ्टिंग का रोमांचक अनुभव भी ले सकते हैं। अपनी अरुणाचल प्रदेश की यात्रा को यादगार बनाने के लिए आप यहां जरूर आएं।

जलप्रपातों की अलावा: गंगा झील

जलप्रपातों के अलावा आप यहां जलीय आकर्षणों में राज्य की गंगा झील की सैर का प्लान भी बना सकते हैं। यह एक प्रसिद्ध झील है, जो राजधानी इटानगर से कुछ किमी दूर स्थित है। इस झील को इसके आसपास का प्राकृतिक माहौल खास बनाने का काम करता है। यहां की पहाड़ियां इस झील को जीवंत रूप प्रदान करती है। पर्यटन को ध्यान में रखते हुए यहां बोटिंग सुविधा उपलब्ध है। एक शानदार अनुभव के लिए आप यहां जा सकते हैं।